ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 70

दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा में सर्दी का अलर्ट









# सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी संपत्ति की सूची इडी को सौंपी

## चुनावी हलफनामे में दिये ब्योरा से मिलती-जुलती है सूची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी संपत्ति का ब्योरा प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अपनी चल-अचल संपत्ति की सूची बना कर इडी को सौंपी है। हालांकि सूची में क्या है, इसका अभी तक आधिकारिक खुलासा नहीं हो पाया है। सूत्रों की मानें तो हेमंत सोरेन ने चुनाव के समय नामांकन में जो संपत्ति का हलफनामा दिया था, उसी को दिखाते हुए इडी को सूची सौंपी है।



### इडी ने मांगा था संपत्ति का ब्योरा

गौरतलब है कि इडी ने 18 नवंबर को अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। इसी दौरान उनसे संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया था। इडी ने उनसे अपनी संपत्ति का खुलासा करने का आग्रह किया था, जिसे हलफनामेऔर आयकर रिटर्न के आधार पर देने के लिए कहा गया था।

### इडी की जांच का दायरा बढ़ रहा

इडी ने मनरेगा घोटाले से जांच शुरू की थी, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए अवैध खनन और मनी लांड्रिंग तक पहुंच चुकी है। इस मामले में इडी मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव के खिलाफ पीएमएलए अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पूर्व झामुमो कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल, निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा समेत कई अन्य लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा और सीए सुमन कुमार अभी जेल में हैं। इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले महीने पूछताछ के बुलाया था। इडी की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। अभी इस मामले में कई तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

# 26 जनवरी से लागू होगी नयी शिक्षा नीति: धर्मेंद्र प्रधान

## केंद्रीय मंत्री गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**डेहडे री ऑन सोन।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत विश्व मानवता की धरोहर है। भारत जैसा प्रजातंत्र दुनिया के किसी डीएनए में नहीं है। मैकाले ने हमारी आस्था पर चोट लगाने का काम किया। 26 जनवरी 2023 वसंत पंचमी के दिन नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों को सही इतिहास पढ़ाया जायेगा। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को बिहार में रोहतास जिले के गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति इतिहास को सुधारने का मौका देती है। केवल जोरावर सिंह और फतेह सिंह भारतीय नायक नहीं हो सकते हैं। भारत के हर जिले में उदाहरण और नायक हैं। विविधता का मतलब हमारा भाव एक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा को प्रमुखता दी गयी है। जब तक मातृभाषा को प्रमुखता नहीं दी जायेगी, तब तक बच्चों को सही तरीके से शिक्षा नहीं दी जा सकती। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारत संबंधित अध्ययन को बढ़ावा देने का काम किया है।



धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार सभी भाषा राष्ट्रीय भाषा है। नयी पीढ़ी को जोड़ने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने की जरूरत है। विश्व के 140 देशों को हमने करुणा का संदेश दिया है। डेढ़ सौ टीवी चैनल स्कूल के लिए समर्पित किये जा रहे हैं।

## इंडिया रिजर्व बटालियन-10 के पासिंग आउट परेड में सीएम शामिल हुए

# पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी नारी सशक्तिकरण की मिसाल है : हेमंत सोरेन

- प्रशिक्षु आरक्षियों के परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी
- जैप- 8 वाहिनी परिसर लेस्लीगंज में 3 नये बैरक, पेयजल और चहारदीवारी निर्माण की घोषणा की



जयकांत शुक्ला

**लेस्लीगंज, पलामू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नारी सशक्तिकरण की मिसाल है। 554 प्रशिक्षु आरक्षण में 182 महिला आरक्षी हैं। वहीं, मुसाबनी के कॉन्स्टेबल प्रशिक्षण सेंटर में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 764 प्रशिक्षणार्थियों में 260 महिलाएं शामिल हैं। इस तरह दोनों ही प्रशिक्षण केंद्रों में 442 महिला प्रशिक्षु आरक्षी इस बात का प्रतीक है कि महिलाएं अब पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलने को पूरी तरह तैयार हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को पलामू के लेस्लीगंज स्थित जैप-8 वाहिनी परिसर में इंडिया रिजर्व बटालियन-10 (आइआरबी) के पारण परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु आरक्षियों की आकर्षक परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री ने जैप-8 परिसर स्थित पारण परेड समारोह से माउस का बटन दबा कर पलामू जिले के पांडू एवं नावाजयपुर थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

**सरकार के अभिन्न अंग बन रहे आप :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पारण परेड के साथ आपका सफल प्रशिक्षण समाप्त हो रहा है। अब आप सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने जा रहे हैं। आपने पूरे प्रशिक्षण अवधि के दौरान जिस तरह कड़ी मेहनत, लगन, उमंग, उत्साह और जोश दिखाया है, वह काबिल -ए-तारीफ है। अब आप अपने कर्तव्य और उत्तरदायित्व के निर्वहन में ऐसा ही प्रदर्शन करेंगे, ऐसी पूरी उम्मीद है।

### चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हर दिन नयी-नयी चुनौतियां नये-नये रूप में सामने आ रही हैं। ऐसे में आपने यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसका इस्तेमाल आप इन चुनौतियों से निपटने में करें। आप अपने प्रशिक्षण को सीमित ना रखें, इसका दायरा बढ़ायें और पूरे प्रशिक्षण काल में जो दक्षता हासिल की है, उसे और भी मजबूत करें, ताकि आप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर सकें।

**लोगों के बीच पहचान बनायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, अब आम जिंदगी में भी ऐसा ही प्रशिक्षण लें। अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के दौरान आप आम लोगों के बीच अपनी पहचान बनायें और उनका विश्वास जीतें। इससे समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करना आपके लिए आसान हो जायेगा।

**मुख्यमंत्री ने दिलाया भरोसा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षु आरक्षियों को प्रशिक्षण भत्ता देने के विषय पर भी सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय लेगी। जैप-8 वाहिनी परिसर, लेस्लीगंज का जीर्णोद्धार किया जायेगा। यहां की समस्याओं के संबंध में जो जानकारियां मिली हैं, उसके समाधान के लिए जल्दी सरकार ठोस निर्णय लेगी। परिसर में 250 बिस्तर की क्षमता वाले 3 नये बैरक बनाये जायेंगे। यहां पेयजल के लिए टंकी समेत अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की।

### खिलाड़ियों को दी खेल सामग्री

मुख्यमंत्री ने पलामू के युवा खिलाड़ियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रोत्साहन के तौर पर खेल सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रत्येक टीम को फुटबॉल, जर्सी, जूता, इनक्लेट, ग्लब्स आदि खेल सामग्री दी। इस अवसर पर पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा विधायक दल नेता संथाल मामले पर बरसे

# कुंभकर्ण की निद्रा से जागे सरकार : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला सुरक्षा को लेकर बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर निशाना साधा। रेबिका पहाड़िया हत्याकांड और दुमका में हुई आदिवासी छात्रा के साथ छेड़छाड़ को लेकर सरकार की खूब अलोचना की। इस संबंध में उन्होंने कई ट्वीट किये। बाबूलाल ने कहा कि हाल के दिनों में संथाल में जिस प्रकार आदिवासी लड़कियां इन अपराधियों की शिकार बन रही हैं, पुलिस के आश्वासन के बाद भी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसे में लोगों का आक्रोश तो स्वाभाविक है। कम से कम बेटियों की सुरक्षा के लिए तो अपनी कुंभकर्ण की निद्रा से तो जागिये। दुमका वाली घटना को लेकर बाबूलाल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी, कहीं लोगों का गुस्सा बेकाबू न हो जाये। एक के बाद एक घटना के बाद संथाल के लोगों का गुस्सा चरम पर है। कल दुमका में ऑब्जर्वेशन होम का गृहपति अब्दुल गफ्फार भीड़ के हत्थे चढ़ते-चढ़ते बच गया। एक आदिवासी छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले अब्दुल को न पुलिस का डर था न ही कानून का।



बाबूलाल ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि संताल परगना से सोरेन परिवार की राजनीतिक विदाई में और विलंब हुआ तो ये परिवार तुष्टिकरण की आग में संताल और पहाड़िया जनजाति का अस्तित्व खत्म करा के ही मानेगा। उन्होंने संतालपरगना के युवाओं से कहा कि वे इस खतरे को समझें ।

## देशभर में कोरोना से निपटने की तैयारियों पर हुई मॉकड्रिल

# अजमेर में ऑक्सीजन प्लांट बंद, तो भोपाल के प्लांट में बिजली गायब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** विश्व में कोरोना फिर बढ़ने लगा है। भारत में भी झारखंड समेत कई राज्यों में कोरोना के मरीज बढ़ने लगे हैं। नये वैरिएंट को लेकर केंद्र सरकार ने सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। इसके मद्देनजर कोरोना से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर मंगलवार को देशभर के अस्पतालों और कोविड हेल्थ सेंटर्स में मॉक ड्रिल की गयी। इस दौरान कई जगह कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां अधूरी मिलीं तो कई जगह तैयारियां ही नहीं की गयीं। राजस्थान के अजमेर स्थित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट बंद मिला, जिसे जल्द शुरू करने के निर्देश दिये गये।

वहीं दूसरी तरफ, भोपाल के जिला अस्पताल में मॉकड्रिल के दौरान ऑक्सीजन प्लांट में डेढ़ महीने से बिजली बंद होने की बात सामने आयी है। इसके अलावा झारखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान जो भी खामियां सामने आयीं उसे तत्काल दूर करने का निर्देश दिया गया।

**कोरोना अपडेट :** नेजल वैक्सीन कोविन ऐप के जरिए उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार की ओर से इसके दाम निजी अस्पतालों में 800 रुपये तय किये गये हैं। वहीं, सरकारी अस्पतालों में यह 325 रुपये में मिलेगी। भारत में आये 15 विदेशी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। सभी के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिये गये हैं। इधर देश में मंगलवार को कोरोना के 157 नये मामले आये, जबकि 163 मरीज ठीक हुए। वहीं, कोरोना से एक व्यक्ति की मौत हुई।

### झारखंड में 19 हजार बेड तैयार

रांची। झारखंड में रांची समेत विभिन्न जिलों में कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल हुई। राज्य में 19,356 बेड तैयार हैं। ऑक्सीजन प्लांट चालू हालत में है। ऑक्सीजन की कमी नहीं है। मॉक ड्रिल के दौरान बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, वैक्सीन, जरूरी दवा आदि की तैयारियों को देखा गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता खुद रांची के सदर अस्पताल में मौजूद थे। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तैयारी दुरुस्त है। हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हमारे पास सभी संसाधन मौजूद हैं। इसके बल पर हर लड़ाई लड़ेंगे। हमारी तैयारी पूरी है।




# उत्तरप्रदेश निकाय चुनाव: हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ योगी जायेंगे सुप्रीम कोर्ट

- अदालत ने योगी सरकार से बगैर आरक्षण निकाय चुनाव कराने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी निकाय चुनाव को लेकर हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने यूपी सरकार को निर्देश दिया है कि इस बार बगैर आरक्षण के निकाय चुनाव करवाये जायें। कोर्ट के इस फैसले के बाद ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें अब जनरल कैटेगरी में मानी जायेंगी। उधर, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि निकाय चुनाव आरक्षण के बाद ही होंगे। जरूरत पड़ी तो हम सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। वहीं, सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव संपन्न कराया जायेगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिये गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। उन्होंने आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों और दलितों से सपा का साथ देने की अपील की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



# पोस्टमार्टम कर्मचारी का दावा: सुशांत सिंह राजपूत का मर्डर हुआ था

## ■ बॉडी पर जो मार लगी थी, वह फ्रैक्चर माफिक थी ■ मैंने सीनियर से कहा था, सर ये केस कुछ अलग ही दिख रहा है


राकेश सिंह

**रूप कुमार शाह के शब्द:** मैं 14 -15 जून 2020 को ड्यूटी पर था। मैं काम कर रहा था। काम करते वक्त यह पता चला कि एक वीआइपी बॉडी आयी है। जब बॉडी वीआइपी की थी, तो पुलिस का आना-जाना अधिक था। मुझे लगा कि यह डेड बॉडी होगी किसी की। हम हमारा काम कर रहे थे। जितनी भी डेड बॉडी पोस्टमार्टम के लिए आयी थी, हम उसकी तसवीर ले रहे थे। कैमरा का काम चालू था। सुशांत सिंह राजपूत की बॉडी का नंबर रात के 11-12 बजे आया। उसके बाद हमने उस बॉडी पर से कपड़ा हटाया। जब हमने कपड़ा हटाया, तो देखा कि यह सुशांत सिंह राजपूत की बॉडी है। जब हमने बॉडी को खोला, तो बॉडी कुछ अलग ही कहानी कह रही थी। क्योंकि वह खुदकुशी वाली बॉडी नहीं लग रही थी। मैंने अपने सहियोगी से डिस्कस किया। फिर मैंने अपने सीनियर से कहा कि सर यह कुछ अलग केस दिख रहा है। क्योंकि इस क्षेत्र में मैंने 28 साल काम किया है और मुझे पोस्टमार्टम रूम में 50 से 60 हजार बॉडी पर काम करने का तजुर्बा है। लेकिन जब मैंने अपने सीनियर को कहा कि सर यह केस अलग लग रहा है तो उन्होंने मुझे टाल दिया। यानि मुझे इग्नोर कर दिया।

ये बातें पोस्टमार्टम कक्ष में मौजूद उस व्यक्ति की हैं, जिसने अपनी नंगी आंखों से सुशांत सिंह राजपूत की डेड बॉडी को देखा था। उस व्यक्ति का नाम है रूप कुमार शाह। बॉडी देख वह सहम गया था। उसे बॉडी की कंडीशन में कुछ गड़बड़ी लगी। चूंकि सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में यह प्रचारित किया गया था कि उसने खुदकुशी की है। लेकिन जब रूप कुमार ने सुशांत की बॉडी देखी, तो वह समझ गया था कि यह खुदकुशी का मामला नहीं है। रूप कुमार शाह का कहना है कि जब अभिनेता के शव को कूपर अस्पताल में लाया गया था, तब वह ड्यूटी पर मौजूद था। उन्होंने जब बॉडी को देखा, तो सुशांत की गर्दन पर हैंगिंग का निशान दिखा था, लेकिन वह आत्महत्या जैसा नहीं लग रहा था। रूप कुमार के अनुसार, सुशांत की गर्दन पर एक ऐसा मार्क था, जैसे खींचने के बाद तड़पते शख्स की गर्दन पर बनता है। इसके अलावा पैर, हाथ और शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर कई तरह के निशान दिखायी दिये थे। मॉर्च्युरी कर्मचारी का दावा है कि अभिनेता को मारने का तरीका एकदम अलग था। उन्हें वह निशान फ्रैक्चर की तरह लग रहा था। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के सवाल पर रूप कुमार शाह ने कहा कि मुझे बस फोटोग्राफी करने को कहा गया। मैंने साहब से कहा कि वीडियोग्राफी भी करनी चाहिए। क्योंकि मुझे पूरी तरह से लग रहा था कि यह खुदकुशी नहीं मर्डर है। मैंने साहब से कहा भी, लेकिन साहब ने कहा कि तुम अपना काम करो और मुझे अपना काम करने दो। देखिये पोस्टमार्टम का काम डॉक्टर का है। मैं एक कटर हूं। यानी बॉडी को खोलना और दिखाना मेरा काम है। रिपोर्ट बनाना डॉक्टर का काम है। मुझे तो यह भी कहा गया था कि कोई मीडिया वाला अगर सवाल पूछे, तो कह देना कि तुम एक सर्वेंट हो। और सर्वेंट वाले काम करते हो। जब रूप कुमार से पूछा गया कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत को दो साल हो गये हैं और आप अब इन बातों को बता रहे हैं। इस सवाल पर रूप कुमार का कहना था कि अभी मैंने कुछ न्यूज चैनल पर सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर खबरों को देखा। मुझे यही लगा कि सुशांत को न्याय मिलना ही चाहिए। मुझे अब सामने आना ही होगा। मेरी आत्मा मुझे अंदर से झकझोर रही थी। रूप कुमार से जब यह सवाल किया गया कि जब मुंबई पुलिस ने कह दिया है कि सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या की थी, सीबीआइ की जांच भी आगे नहीं बढ़ पा रही है, डॉक्टर की रिपोर्ट भी आत्महत्या की कहानी कह रही है, ऐसे में अब आप सामने आये हैं। क्या आपकी बातें अलग दिशा की ओर नहीं जा रही हैं? इस पर रूप कुमार का कहना है कि देखिये अभी भी मैं सब्जेक्ट पकड़ कर चल रहा हूं। फोटो देखने के बाद कोई भी बता देगा कि यह आत्महत्या नहीं मर्डर है।

**सीनियर ने मेरी बातों को इग्नोर कर दिया**



रूप कुमार शाह।



**आजाद सिपाही विशेष**

सुशांत की मौत के ढाई साल हो गये हैं। इतनी राजनीति हुई, आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला। नयी-नयी थ्योरी भी गढ़ी गयी। सुशांत सिंह की मौत के बाद मुंबई से लेकर बिहार सुलग रहा था। उद्धव सरकार के खिलाफ आंदोलन खड़ा हो गया था और आप आज सामने आ रहे हैं? इस सवाल के जवाब में रूप कुमार शाह ने कहा कि आपने देखा होगा, जब सुशांत की मौत हुई, उसके बाद और कितनी मौतें हुईं। इससे आगे मैं और नहीं कहना चाहूंगा। मैं डर गया था। मुझे मेरी जान प्यारी थी। मेरा रिटायरमेंट भी नजदीक था। इसलिए उस वक्त मैंने कुछ नहीं कहा। लेकिन अब जब सरकार बदल गयी है तो मुझमें हिम्मत आयी है। इसलिए अब मैं पब्लिक को सही बातों से रूबरू करवाना चाहता हूं।

जैसे ही कूपर अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष के एक कर्मचारी रूप कुमार शाह ने यह खुलासा किया, पूरा देश चौंक गया। अब लोगों को लगने लगा है कि जिन शक्तियों ने सुशांत को मौत की नींद सुलायी है, फिर से वे शक्तियां अब एक्टिव हो जायेंगी। अब खतरा रूप कुमार पर भी मंडराने लगा है। इसी क्रम में सुशांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति जो अपने भाई को इंसाफ दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही हैं, उन्हें रूप कुमार के इस दावे में एक उम्मीद की किरण दिखी है। ऐसे में श्वेता ने सोशल मीडिया पर अपने भाई सुशांत सिंह राजपूत के केस में इतना बड़ा खुलासा करने वाले रूप कुमार शाह के लिए सुरक्षा की मांग की है। अभिनेता की बहन ने अपने इस ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया है।

### क्या कहना है फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स का

कर्मचारी रूप कुमार शाह के इन दावों के बीच फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि दो साल बाद कर्मचारी हत्या का मामला होने का दावा कर रहा है। अभी तक वह कहां था? उसने इससे पहले क्यों नहीं बताया? दो साल तक चुप क्यों रहा? डॉक्टर ने कहा कि वह कर्मचारी कोई विशेषज्ञ नहीं है। शरीर की पूरी तरह जांच से पहले फॉरेंसिक डॉक्टर भी स्पष्ट रूप से यह नहीं कह सकता कि वह एक अंदरूनी चोट थी या फिर नहीं। डॉक्टर ने आगे कहा कि सभी चीजें वैज्ञानिक आधार पर तय होती हैं। कर्मचारी को सभी बातें साबित करने के लिए कुछ सबूत देने होंगे, जिससे यह साबित हो सके कि वह जो कह रहा है, वही सच है। कर्मचारी को जांच एजेंसियों से इस बारे में जिक्र करना चाहिए था। इस संबंध में अगर मॉर्च्युरी कर्मचारी के पास किसी भी तरह की तस्वीर या रिकॉर्डेड वीडियो है तो वह इसे जांच एजेंसी को सौंप सकता है। वहीं, जांच एजेंसी के दूसरे एक्सपर्ट्स के साथ मिल कर मामले की पुष्टि की जा सकती है। इस मामले को लेकर दूसरे फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एक तरह का सुराग हो सकता है, लेकिन यह सबूत नहीं हो सकता है। जो भी व्यक्ति इस तरह का दावा कर रहा है, बाकी एक्सपर्ट्स द्वारा उसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि वह कर्मचारी जो कुछ भी कह रहा है, वह उसको समझ आता है या फिर नहीं। वहीं, एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा कि अगर मॉर्च्युरी का कर्मचारी हत्या और आत्महत्या की पहचान कर सकता है तो डॉक्टरों और उनकी डिग्री का क्या मतलब बनता है? उन्होंने कहा कि दो साल बाद डॉक्टरों को गलत दिखाना सही नहीं है। इस तरह की चीजों को रोकने की जरूरत है।

सुशांत सिंह राजपूत 4 जून 2020 को मुंबई स्थित अपने घर में मृत पाये गये थे। उनकी मौत पर मुंबई पुलिस ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है। लेकिन सुशांत के चाहने वालों को पुलिस की इन बातों पर विश्वास नहीं था। आत्महत्या? आखिर क्यों? क्या है वजह? इस तरह के कई सवाल उठे। सुशांत की मौत हर किसी के लिए एक शॉक के समान थी। अचानक सुशांत की मृत तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। लोगों ने जब उस तस्वीर को देखा,तो उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि सुशांत अब इस दुनिया में नहीं है। या उन्होंने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सुशांत की डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए बीएमसी के कूपर्स हॉस्पिटल में भेजा । जब रिपोर्ट आयी तो मुंबई पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर अभिषेक त्रिमुखे ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, सुशांत की मौत फांसी की वजह से दम घुटने से हुई है। इसी बीच, यह मुद्दा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगाः सुशांत ने आत्महत्या क्यों की? या क्या उनकी हत्या की गयी? सुशांत के परिवार ने भी उनकी मौत पर सवाल उठाये। सुशांत के फैंस ने सरकार ओर पुलिस के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। हर कोई जस्टिस फॉर सुशांत की बात करने लगा। सुशांत में किसी को दोस्त, तो किसी को भाई, तो किसी को बेटा दिखने लगा। ऐसा लगने लगा कि सुशांत के साथ जो कुछ भी हुआ है, वह खुद के परिवार के सदस्य के साथ हुआ है। आये दिन नयी-नयी थ्योरी भी गढ़ी गयी। सुशांत की गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती भी जांच के दायरे में आ गयी और इस केस में उसने करीब 28 दिन हवालात में गुजारे। लोग कहने लगे कि यह लड़की है या डायन। धीरे-धीरे मामला राजनीतिक भी हो गया। आरोप-प्रत्यारोप लगने शुरू हो गये। सुशांत के फ्लैट मेट्स भी निशाने पर आये। बॉलीवुड को भी निशाने पर लिया गया। बॉलीवुड में नेपोटिज्म का मामला गरमाया। बॉलीवुड माफियाओं के बारे में चर्चाएं शुरू हुईं। उसके बाद बायकाट बॉलीवुड की मांग उठी। बॉलीवुड माफियाओं की फिल्में भी बायकाट होनी शुरू हो गयीं। फिल्में फ्लॉप होनी शुरू हुईं। लोगों ने बॉलीवुड का बहिष्कार कर दिया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही थी, लोग मुंबई पुलिस की जांच से असंतुष्ट होते जा रहे थे। सीबीआइ जांच की मांग उठी। आज भी सीबीआइ जांच कर ही रही है। लेकिन रूप कुमार शाह की बातों ने सुशांत सिंह राजपूत मामले को एक नया मोड़ दे दिया है। देखना यही है कि रूप कुमार की बातों से सुशांत के केस में कोई फर्क पड़ता भी है या नहीं। या आगे भी सुशांत की आत्मा न्याय के लिए तड़पती रहेगी।

## 2022 में झारखंड में ज्यादा सक्रिय दिखीं केंद्रीय जांच एजेंसियां

# केंद्रीय जांच एजेंसियों का केंद्र बिंदु रहा झारखंड, दर्ज किये 17 मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस साल केंद्रीय जांच एजेंसियां झारखंड में ज्यादा सक्रिय रहीं। केंद्र सरकार की तीन बड़ी जांच एजेंसियां एनआइए, सीबीआइ और इडी ने वर्ष 2022 में झारखंड में कुल 17 मामले दर्ज किये हैं। इनमें सीबीआइ ने दस, इडी ने पांच और एनआइए ने दो मामले दर्ज किये हैं।

### सीबीआइ ने इस साल दर्ज किये 10 मामले

1- रांची के तुपुदाना स्थित सफायर इंटरनेशनल स्कूल में सातवीं के छात्र 12 वर्षीय विनय महतो की हत्या मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। हाइकोर्ट का आदेश मिलने के बाद सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गत 20 जुलाई 2022 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी।

2- चुनाव लड़ने के लिए 2.48 करोड़ रुपये का घोटाला करने वाले मैनेजर मनोज कुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच कर रही है। सीबीआइ की धनबाद ब्रांच ने बीते 22 नवंबर 2022 को आरसी 62022-डी मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

3- फर्जी तरीके से गिरिडीह हेड पोस्ट ऑफिस से रुपये प्राप्त कर सरकार को 88 लाख 63 हजार 781 रुपये का चूना लगाने के मामले में धनबाद सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने गिरिडीह पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर, सहायक पोस्ट मास्टर समेत 13 के खिलाफ मामला दर्ज किया।

4- धनबाद सीबीआइ की एसीबी शाखा ने ग्रामीण डाक सेवक के पास आय से अधिक 60 लाख की संपत्ति होने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीबीआइ ने गिरिडीह जिले के बेंगाबाद स्थित महेश मुंडा शाखा के ग्रामीण डाक सेवक राजेंद्र प्रसाद यादव के खिलाफ 25 सितंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की है।

5- सीबीआइ के धनबाद स्थित एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने गिरिडीह में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक अरविंद पांडे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति जुटाने का केस दर्ज किया है।

6- सीबीआइ की रांची स्थित आर्थिक अपराध शाखा में कोलकाता के कारोबारियों के खिलाफ आपराधिक साजिश के तहत बैंक ऑफ इंडिया को 6.99 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मेसर्स स्वाति माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

7- ठगी करने वाली रियल इस्टेट कंपनी संजीवनी बिल्डकॉन और इसके निदेशकों पर सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक और केस दर्ज किया है। रांची के लोअर बाजार थाने में 25 अगस्त 2017 को दर्ज कांड संख्या 289/2017 को टेकओवर करते हुए सीबीआइ ने यह प्राथमिकी दर्ज की है।

8- गढ़वा और पलामू के विभिन्न पोस्ट ऑफिस में हुए घोटाले के मामले में सीबीआइ ने कमलेश्वर राम समेत अन्य के ऊपर मामला दर्ज किया है।

9- सीबीआइ ने रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स) के महाप्रबंधक अभय कुमार सिंह समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

10- 34वें राष्ट्रीय खेल में 28.34 करोड़ के घोटाला और 424 करोड़ के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में अनियमितता मामले में रांची सीबीआइ के एंटी करप्शन विंग ने दो प्राथमिकी दर्ज की।





### साल 2022 में पांच बड़े मामले में किया केस दर्ज

#### इडी ने बरहरवा केस किया टेकओवर

साहिबगंज जिले के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था, जिसे इडी ने बीते 04 जून 2022 को टेकओवर कर लिया था। बरहरवा का यह केस शंभु नंदन कुमार उर्फ शंभु भगत ने दर्ज कराया था। इस मामले में सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और बच्चू यादव को गिरफ्तार किया गया है।

#### सेना के कब्जे वाली जमीन बेचने के मामले में इडी ने किया केस दर्ज

रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत इडी ने इस साल अक्टूबर महीने में केस दर्ज किया, जिसके बाद इडी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और एक अन्य व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, खरीद-बिक्री में शामिल प्रदीप बागची, दिलीप घोष और दो रजिस्ट्रार से जुड़े दो दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी।

#### विधायक कैश कांड में भी इडी ने दर्ज की प्राथमिकी

इडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को गिराने के उद्देश्य से विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मनी लाउंड्रिंग की जांच के लिए बीते 9 नवंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। फिलहाल इसमें कांग्रेस के तीन विधायकों डॉक्टर इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में विधायक अनूप सिंह से इडी पूछताछ कर चुकी है।

#### कोलकाता कैश कांड में इडी दर्ज किया मामला

कोलकाता कैश कांड में मनी लाउंड्रिंग के आरोप में अधिवक्ता राजीव कुमार के ऊपर इडी ने 11 अगस्त 2022 को केस दर्ज कर लिया था। इडी ने उनके मुवक्किल शिव शंकर शर्मा को भी आरोपी बनाया है।

#### बरहरवा टोल केस के बाद इडी ने अवैध खनन से जुड़े एक और केस को किया टेकओवर

बरहरवा टोल केस के बाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध खनन से जुड़े एक और केस को टेकओवर किया है। पिछले महीने साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा के द्वारा अवैध खनन के मामले को लेकर एफआइआर दर्ज करायी गयी थी, जिसे इडी ने टेकओवर करते हुए मनी लाउंड्रिंग की जांच शुरू कर दी है। विजय हांसदा वर्तमान में जेल में बंद हैं।

### एनआइए ने दो बड़े मामले को किया टेकओवर

#### पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के दो बॉडीगार्ड की हत्या मामला

चाइबासा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के दो बॉडीगार्ड की हत्या और हथियार लूटने के मामले की जांच एनआइए कर रही है। एनआइए ब्रांच रांची ने इस मामले को बीते 28 जून 2022 को टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 03/2022 दर्ज किया है। एनआइए के इंस्पेक्टर सचिता नंद इस मामले की जांच कर रहे हैं। एनआइए ने इस मामले को टेकओवर करते हुए एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा, रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा और सोनाराम होनहागा पर मामला दर्ज किया है।

#### विदेशी हथियार बरामदगी की जांच कर रही एनआइए

लोहरदगा जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन डबल बुल के दौरान लातेहार और लोहरदगा जिले से छापेमारी में पुलिस को विदेशी हथियार भी मिले थे। इस मामले को एनआइए ब्रांच रांची ने बीते 14 जून को टेकओवर करते हुए 02/2022 मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एनआइए ब्रांच रांची के इंस्पेक्टर नवीन चौबे इस मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में एनआइए में रविंद्र गंझू, छोटू खेरवार, मुनेश्वर गंझू, लाजिम अंसारी, रंथू उरांव, अघनु गंझू, काजेश गंझू, नीरज सिंह, बलराम उरांव, सैलेश्वर उरांव, दशरथ सिंह, शैलेंद्र नगेशिया, मारकुश नगेशिया, मुकेश कोरवा, शीला खेरवार और संजय नगेशिया पर मामला दर्ज किया है।

# प्रिंस खान ने बैंक मोड़ थानेदार को दी खोपड़ी खोलने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में प्रिंस का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा है। उसने सोमवार 26 दिसंबर की देर रात एक ऑडियो जारी कर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। इसके पहले वह कई वीडियो वायरल कर व्यवसायी वर्ग, और कोयला कारोबारीयों को जान से मारने की धमकी दे चुका है। वहीं उसने रविवार 25 दिसंबर को क्लीनि लैब में फायरिंग कर दहशत फैला दी। जिसके बाद उसने एक मैसेज छोड़ कर उस घटना की जिमेवारी भी ली। लेकिन अब पुलिस को भी वह धमकी दे रहा है। सोशल मीडिया पर ऑडियो जारी कर बैंक मोड़ थाना प्रभारी पीके सिंह को कह रहा है कि बेकसूर को तंग करना छोड़ दो, नहीं तो अभी डरा रहे हैं, बाद में मेजर सीधा खोपड़ी खोलेगा । ऑडियो में कहा गया है कि पुलिस प्रिंस खान की तलाश तो दूर, उसके मेजर को ही गिरफ्तार कर ले तो जानें।

#### पप्पू मंडल को हर हाल में मारेगा

बैंक मोड़ थाना प्रभारी का नाम लेते हुए कहा गया है कि तुम पैसा खाकर बबलू के मुख्य आरोपी पप्पू मंडल का नाम एफआइआर से हटा दिया है। क्या सोचता है, पप्पू मंडल जेल जाने से तो बच जायेगा, लेकिन मेजर से नहीं बचेगा। पप्पू मंडल से पैसा नहीं चाहिए, पप्पू मंडल को हर हाल में मारेगा।

#### पुलिस कोयला चोरों से पैसा लेती है, वह भी लेगा

इसके साथ ही उसने यह भी यह भी कहा कि पुलिस कोयला चोरों से पैसा लेती है, इसलिए वह भी लेगा। चिकित्सकों से वह रंगदारी नहीं मांगता है। चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं। क्लीनि लैब संचालक से रंगदारी इसलिए मांगी, क्योंकि वह पहले से दो लोगों को रंगदारी देता है। दूसरों को देगा, तो उसे भी देना होगा। कहा कि और भी बड़ा-बड़ा लैब है धनबाद में, सबसे क्यों नही मांग रहे हैं। अन्य किसी भी जांच घर से रंगदारी नहीं लेता हूं। पुलिस को चुनौती दी कि उसका फोन 24 घंटे चालू है, जब भी मन करता है रंगदारी मांगता है।

#### घर तोड़ दिया तो क्या हुआ, तीन करोड़ का घर फिर खरीदा

आगे कहा कि उसका 80 लाख का घर तोड़ दिया तो क्या हुआ, तीन करोड़ का घर उसने फिर खरीदा है। पैसे की कमी नहीं है। पुलिस जिस दिन पकड़ लेगी, वह मान लेगा। पुलिस इंटरनेट मीडिया पर प्रिंस के नाम से जारी इस वीडियो की जांच कर रही है।

#### पीके सिंह तुम मुझे नहीं पकड़ पाओगे

बैंक मोड़ थाना प्रभारी को कहा कि पीके सिंह तुम भी नहीं पकड़ पाओगे, मेजर को पकड़ कर दिखाओ तब छोटे सरकार को पकड़ना। कहा कि तुम लोग कोयला चोरी करवा सकते हो। कहा, कानून के हाथ मुझे पकड़ने के लिए छोटा हो जाते हैं। कहा कि दो नंबर वाले से लेते हैं, एक नंबर वाले से नहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 14.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |

## द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105वें वार्षिक अधिवेशन का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

# अधिवेशन की सार्थक बातें राष्ट्र के विकास में सहायक साबित होंगी: रमेश बैस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105वें वार्षिक अधिवेशन में अर्थशास्त्रियों का महाकुंभ लगा है। तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तत्वावधान में किया जा रहा है। मंगलवार को अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस ने किया।

वहीं राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का प्रयास सराहनीय है। खुशी है कि इस अधिवेशन में देशभर के कई अर्थशास्त्री, शोधकर्ता व नीति-निर्माता सम्मिलित हैं। झारखंड की धरती जो दुनिया की सबसे पहली भूमि है यहां सभी का स्वागत है। उम्मीद है अधिवेशन से सार्थक बातें निकलेंगी जो राष्ट्र के आर्थिक विकास में सहायक साबित होंगी। श्री बैस ने कहा कि

**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित है तीन दिवसीय अधिवेशन**

1917 में स्थापित इस एसोसिएशन की एक लंबी समृद्ध शैक्षणिक विरासत है। इसका उद्देश्य अर्थशास्त्र में अध्ययन, अध्यापन और शोध के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर चिंतन और विमर्श करना भी है।

आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हमने अपनी अर्थव्यवस्था को 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। सभी को आवास, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति का भी लक्ष्य है इसके लिए नीतिगत कार्रवाई, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय संसाधन की दिशा में कार्य किया जा रहा है ? उन्होंने कहा कि जीएसटी रिटर्न की संख्या में वृद्धि




अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत देती है। इससे प्रगति की प्रक्रिया तेज होगी। श्री बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किये गये हैं, जो विकास को गति प्रदान करेंगे। अब देश में लड़ाकू जेट, हेलिकॉप्टर, पनडुब्बी, विमानवाहक, मिसाइल इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है और रक्षा उत्पाद के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान में भी भारत ने काफी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री द्वारा वोकल फॉर लोकल ग्रामीण अर्थव्यवस्था व लघु अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अत्यंत सार्थक है। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक आधारभूत स्तंभ रहा है। कभी खाद्यान्न की कमी से जूझने वाला भारत अब आत्मनिर्भर भारत बन खाद्यान्न का निर्यात कर रहा है। कृषि नवाचार ने भारत को खाद्यान्न के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। यह क्षेत्र द्वितीयक उद्योगों के लिए प्राथमिक उत्पाद भी उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि आशा है कि इस सम्मेलन में विभिन्न व्यापक मुद्दों पर चर्चा होगी जो राष्ट्रहित में सार्थक सिद्ध होगा। इस अवसर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो अच्युत सामंत और अधिवेशन के अध्यक्ष प्रो एडीएन वाजपेयी प्रमुख रूप से शामिल थे।

मुख्य कन्वेनर डॉ अनिल कुमार ठाकुर और आयोजन के पेट्रोन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य हैं। इस मौके पर रांची विवि रांची के कुलपति प्रो डॉ अजित कुमार, डीएसपीएमयू के कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ अशोक नाग, धनंजय द्विवेदी और पीआरओ राजेश कुमार मौजूद थे। मौके पर एसोसिएशन के जर्नल का विमोचन किया गया। वहीं अधिवेशन में मंच संचालन नारायण कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ बीपी चंद्रमोहन ने किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग मिलेगा।
- **वृष** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय, राजनीतिक संपर्क से लाभ मिलेगा।
- **मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक संपर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- **कर्क** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।
- **वृश्चिक** — लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति होगी।
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार, विगड़ा काम बनेगा, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे,दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

# आइएएस पूजा सिंघल पर पीसी एक्ट का मामला दर्ज करने वाली फाइल पर कुंडली मारे बैठे हैं सीएम: बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर प्रिवेंशन ऑफ करप्शन का मामला दर्ज करने का आदेश देने वाली फाइल को दबाकर बैठे हैं। मंगलवार को बाबूलाल ने ट्विट कर कहा, सुना है मनी लांड्रिग के मामले में जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल पर प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट का मामला दर्ज करने का आदेश देने की संचिका पर मुख्यमंत्री पिछले 15 दिनों से कुंडली मार कर बैठे हुए हैं। कौन रोक, डरा रहा उनको, जितनी देर करेंगे उतना खुद फंसते जायेंगे।

**कहा- हेमंत जितनी देर करेंगे उतना खुद फंसते जायेंगे**

## महोत्सव में 8 सेक्शन में कुल 320 स्टॉल होंगे

# सीएम हेमंत सोरेन आज करेंगे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बुधवार को किया जायेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, मेयर आशा लकड़ा, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह रहेंगे। इस बाबत झारखंड बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी।

**महोत्सव में खादी के परिधानों पर 25 प्रतिशत और वस्त्रों में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट**

**महात्मा गांधी के जीवनी पर आधारित होगा गांधी संग्रहालय**

**मुख्य स्टेज सभागार झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम**

### 8 सेक्शन में कुल 320 स्टॉल

श्री बेसरा ने कहा कि खादी एवं सरस महोत्सव में दो हैंगर के 8 सेक्शन में कुल 320 स्टॉल हैं, जिसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल हैं। सभी सेक्शन झारखंड का प्रमुख त्यौहार सरहुल, मागे, सोहराई एवं टुसू और नृत्य के नाम पर छऊ, पाइका, झूमर एवं दसाई पर रखे गये हैं।

### महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित होगा गांधी संग्रहालय

खादी की असली पहचान महात्मा गांधी से है। इसलिए इस बार भी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन के हर पहलुओं को समेटे उनकी तस्वीरों के माध्यम से उनके जीवन पर आधारित गांधी संग्रहालय बनाया गया है। यह संग्रहालय महात्मा गांधी के विचार और उनका खादी के प्रति लगाव को दिखायेगा।

### मुख्य स्टेज सभागार झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम

श्री बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम 28 दिसंबर से 8 जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे उसमें पारंपरिक लोक नृत्य, गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका, आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे। जिसका नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम रखा गया है। महोत्सव में झारखंडी धुस्का बर्रा से लेकर राजस्थानी, बिहारी, आसामी एवं अन्य राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी स्टॉल शामिल होगा। वहीं छह स्टॉल सरस मंच को दिया गया है। इसमें सखी मंडल द्वारा तैयार पलाश का उत्पाद रखे जायेंगे।

**NAME OF CHANGE**

As per affidavit Ref. No. 56 dated 27.12. 2022 It is for general information that I, **RAVI SHANKAR SINGH S/O RAJENDRA SINGH YADAV** R/O 634, Near Kali Mandir, Tatisilway, Silwai, Ranchi, Jharkhand-835103 declare that name of my father has been wrongly written as **RAJENDRA PRASAD SINGH** in my OBC Certificate No.- **RNC/NMKUM/TATIW/CST/227964/2015.** The actual name of my father is **RAJENDRA SINGH YADAV** respectively which may be amended accordingly.

# झामुमो ने दी चुनौती कहा, भाजपा चाहे तो रामगढ़ विस के उपचुनाव में रघुवर को प्रत्याशी बना ले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा चाहे तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को प्रत्याशी बनाये। उक्त बातें मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहीं।

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि आने वाले समय में रामगढ़ में विधानसभा के उपचुनाव होने वाले हैं। भाजपा को चाहिए कि इस चुनाव में अपने प्रत्याशी के तौर पर रघुवर दास को उम्मीदवार घोषित करे और उन्हें जिताने में जुट जाये। रामगढ़ विधानसभा के इस उपचुनाव में भी भाजपा और आजसू के लोग बुरी तरह परास्त होंगे, क्योंकि जनता का आशीर्वाद हेमंत सरकार के साथ है। सुप्रियो ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व जिस हालात में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद को संभाला और जो समस्या रघुवर दास के द्वारा विरासत में मिली,

**बोले सुप्रियो- इस उपचुनाव में भी भाजपा और आजसू के लोग बुरी तरह परास्त होंगे**

फिर कोविड 19 के प्रभाव से दो सालों में जो इस राज्य ने झेले, उसके बाद भी हम आज बेहतर स्थिति में हैं, तो इसके लिए राज्य सरकार की प्रशंसा करनी होगी।

सुप्रियो ने कहा कि हमने बहुत ही कम समय में कई लैंडमार्क या मानक स्थापित किये हैं। जैसे 1932 का खतियान, 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म, सर्वजन पेंशन योजना, ओपीएस को लागू करना, छोटे सिपाहियों की उनकी समस्या का समाधान करना कोई मजाक बात नहीं, जिस रघुवर सरकार में एक भी जेपीएससी की परीक्षा नहीं हुई। वहां जेपीएसी की परीक्षा आयोजित कर सैकड़ों बच्चों को नौकरी दिलवाना कोई सामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कई खेल पदाधिकारियों व कृषि पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि




पूरे राज्य में अब तक कई उपचुनाव हुए और उन सभी उप चुनावों में सत्तापक्ष को ही सफलता मिली आखिर ये सफलता क्या बताती है, ये भाजपाइयों को सोचना चाहिए।

सुप्रियो ने कहा कि अगले वर्ष 2023 में पार्टी और सरकार के सामने कई चुनौतियां आयेंगी। हालांकि पार्टी इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। अगला वर्ष बहुत बड़ी चुनौती के साथ, निर्णायक साल होने जा रहा है। हम मुसीबतों की ओर बढ़ रहे हैं। एक तो कोरोना हमारे सामने मुंह बाये खड़ा है तो दूसरी ओर हमें भाजपा के साजिशों का भी प्रहार सहना है। इन दोनों प्रहारों से हम दो-दो हाथ करने को अभी से तैयार हैं। हमारी पार्टी जो अभी तीन साल पूरे करने जा रही है, निश्चय ही यह अपना पूरा कार्यकाल पूरा करेगी। आगे भी हम सत्ता संभालेंगे, इसमें कोई किंतु-परंतु नहीं है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जांच एजेंसियों को अपने नियंत्रण में लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों को पटखनी देने की योजना भाजपा ने पाल रखी है। हमारी उसी योजना पर पैनी नजर है। जिसका जवाब वे 1932 के खतियान, नियोजन नीति, 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म लागू करने की अपनी नीति से दे रहे हैं। सुप्रियो ने भाजपा, आजसू पार्टी से सवाल पूछते कहा कि ओबीसी के आरक्षण पर चुनाव कराने की बात वे कह रहे थे, यूपी की योगी सरकार तो उसे लागू कर चुकी थी। आखिर यूपी के ही एक न्यायालय ने उसे खारिज क्यों कर दिया, अब भाजपा व आजसू के लोगों के इस मुद्दे पर मुंह बंद क्यों हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ST-SBP-TENDER-2022-09, दिनांक : 23.12.2022

**कार्य का नाम:** एक वर्ष के लिए सम्बलपुर मण्डल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिग्नल/सम्बलपुर के अंतर्गत झारसुगुड़ा रोड-बड़माल सेक्शन के लिए सिग्नल जोनल (Zonal) कार्य।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 68,83,050.32, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 1,37,700/-.

**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 16.01.2023 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)/सम्बलपुर

PR-854/N/22-23

## सफलता : टेरर फंडिंग मामले में चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी

# टीएसपीसी सब जोनल कमांडर समेत सात नक्सली गिरफ्तार

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र में पुलिस और कोयलांचल से जुड़े लोगों के लिए सिरदर्द बन चुके प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी संगठन के नक्सलियों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। इलाके में टेरर फंडिंग मामले में टीएसपीसी नक्सलियों के विरुद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नक्सली संगठन के लिए कोयलांचल में टेरर फंडिंग और अवैध लेवी वसूली की मजबूत कड़ी बन चुके संगठन के सब जोनल कमांडर अनूप उर्फ छोटू राम समेत सात दुर्दांत नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर संगठन की आर्थिक कमर तोड़ दी है। साथ ही गिरफ्तार नक्सलियों के पास से कोयलांचल में आये दिन छोटी-

**भारी मात्रा में हथियार औरकोयलांचल में नक्सल गतिविधियों से संबंधित नक्सली साहित्य बरामद**

**नक्सल घटनाओं को अंजाम देकर ठेकेदारों, कोल कंपनियों और व्यवसायियों से वसूली जा रही थी लेवी**

बड़ी घटनाओं को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित किया गया 7.62 एमएम का 15 जिंदा कारतूस, 01 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो देसी कट्टा, 9 एमएम का चार जिंदा कारतूस, 3.15 बोर की तीन गोली, लेवी का 98 हजार रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, महिंद्रा बोलेरो गाड़ी, टीएसपीसी संगठन का कोयलांचल में लेवी का लेखा जोखा से संबंधित आठ नक्सली पर्चा और इलेक्ट्रिक उपकरण समेत उगाही से संबंधित नक्सली साहित्य



प्रेस वार्ता में एसपी राकेश रंजन जानकारी देते हुए।

बरामद किया है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ शंभू सिंह के नेतृत्व में गठित पिपरवार और सिमरिया थाना पुलिस की संयुक्त एसआइटी को यह कामयाबी मिली है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में कोल व्यवसायी असलम के घर फायरिंग मामले में कार्रवाई को ले एसआइटी गठित की गयी थी। नक्सलियों ने व्यवसायी के घर के बाहर करीब 30 राउंड से अधिक फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नक्सलियों को दबोचा है। उन्होंने बताया कि लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोसमाही साइडिंग पर कोल व्यवसायी दिलशेर खान की हत्या और अन्य नक्सल मामलों में अनूप समेत अन्य नक्सलियों की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। कोयलांचल में आये दिन छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाते हुए गिरफ्तार सब जोनल कमांडर अनूप और उसके दस्ते में शामिल अन्य नक्सलियों द्वारा फोन कर कोल कंपनियों, ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों समेत व्यवसायियों से लेवी के रूप में अवैध मोटी रकम वसूली जा रही थी। एसपी ने एसआइटी में शामिल अधिकारियों और जवानों को पुरस्कृत करने की बात कही। साथ ही कोयलांचल में कार्यरत लोगों से नक्सलियों को लेवी नहीं देने और उनकी हर गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। गिरफ्तार सब जोनल कमांडर और अन्य नक्सलियों के विरुद्ध चतरा, लातेहार और पलामू समेत अन्य जिलों के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक नक्सल मामले दर्ज हैं। एसपी के अनुसार टीएसपीसी नक्सलियों के द्वारा कोयलांचल के लोगों से घटना कारित करने के बाद फोन कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से अनूप और अन्य नक्सलियों के द्वारा लेवी की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि संगठन के शीर्ष नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद वर्तमान समय में कोयलांचल इलाके में संगठन के लिए अनूप ही फंडिंग का काम कर रहा था। एसआइटी में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार और अन्य अधिकारियों समेत रिजर्व गार्ड और सैट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.com

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक : 27.12.2022

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 4**

**विषय : सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले 100 अदद् नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 27.02.2023 को खोली जाने वाली निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532**

विषयगत निविदा सं. 532 के लिए दिनांक 15.12.2022 के शुद्धि पत्र सं. 3 के तहत सवारी डिब्बा कारखाना/चेन्नै के स्थान पर आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना/रायबरेली को रेल मंत्रालय की विनिर्माण इकाई के रूप में नामित किया जाता है। आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना/रायबरेली के निर्धारित परियचात्मक दौरे को दिनांक 28.12.2022 से 06.01.2023 (शुक्रवार) को स्थगित कर दिया गया है। भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि साइट की परिस्थितियों से अवगत होने के लिए उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट को देखें।

2. निविदा के कुछ अन्य निबंधन एवं शर्तें समान रहेंगी।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001

आज़ादी का अमृत महोत्सव

3453/2022

G20 भारत 2023 INDIA

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस आज




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया जाएगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर झंडोतोलन करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने मंगलवार को कहा कि 28 दिसंबर 2022 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास के 137 वर्ष पूरे करने जा रही है और 138 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई लडी गई, जिसमें पूरे देश के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की नीति-सिद्धांतों के साथ एवं अपना समर्थन दिया।

## अर्जुन भाई मोढवाडिया को बनाया गया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का पर्यवेक्षक

**रांची।** राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। इसे देखते हुए पार्टी अब हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी। यह अभियान नये साल में 26 जनवरी से शुरू होगा। इसे लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अर्जुन भाई मोढवाडिया को झारखंड का पर्यवेक्षक बनाया है। प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत पार्टी एक माह तक मतदान केंद्र स्तर पर पदयात्रा निकालेगी। इसमें गांव-गांव में जाकर घर-घर संपर्क किया जायेगा और भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताने के साथ केंद्र सरकार की विफलतायें बतायी जायेंगी।

**पहल : खाते में 3500-3500 रुपये भेजे जायेंगे**

# हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होने पर 10 लाख किसानों को मिलेगा तोहफा : बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होने पर 29 दिसंबर को राज्य के 10 लाख किसानों को कृषि विभाग तोहफा देगा। उनके खाते में 3500-3500 रुपये भेजे जायेंगे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने हेसाग स्थित पशुपालन भवन में राज्यस्तरीय रबी कर्मशाला 2022 में रांची प्रमंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की। श्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश एवं उनकी भावनाओं के अनुरूप राज्य की जनता के हित में कृषि के क्षेत्र में विभाग ने संवेदनशीलता के साथ काम किया है। कोरोना महामारी के दौरान चुनौतियों से गुजरे हैं और उसके बाद सुखाड़ की त्रासदी को भी किसानों ने झेला है। अब कोविड के लौटने की आहट फिर से सुनाई दे रही है, इसके बाद भी



जो वादा अन्नदाता के साथ हमने किया है, उसे पूरा करने का लक्ष्य है। श्री बादल ने कहा कि विषम परिस्थिति में हमने कई फैसले लिये। हर साल कृषि विभाग पर राज्य की जनता नजर रखती है इसलिए हमने पूरी गंभीरता के साथ किसान हित में निर्णय लिये हैं। स्मार्ट विलेज की कल्पना को साकार करने के लिए संबंधित सभी विभाग के साथ कोआर्डिनेशन बनाने की जरूरत है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि किसान मित्र से सहयोग लेकर उन किसानों को सहयोग करें जो प्रज्ञा केंद्र नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने वंचित किसानों को योजनाओं से जोड़ने की बात कही। कहा कि ऐसे किसानों की सूची तैयार करें, ताकि योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच सके। सरकार के 3 साल में हम राज्य के 30 लाख किसान परिवार तक पहुंच रहे हैं, यह हमारी एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन हमारा लक्ष्य राज्य के 5800000 किसानों तक पहुंचना है। राज्य की जीडीपी में 20 प्रतिशत तक राज्य के किसानों का योगदान सुनिश्चित करना है। श्री बादल ने कहा कि सहकारिता के तहत पांच लाख से ज्यादा नये सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता में जो नये सदस्य बने हैं, वह कितने सक्रिय हैं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। बताया कि 461 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सभी जिलों को आवंटित कर दिये गये हैं, विभाग किसान को अपना विजिटिंग कार्ड देने जा रहा है, ताकि उसे यकीन दिलाया जा सके कि राज्य सरकार उसके साथ है। 129 नये पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे राज्य सरकार को काफी उम्मीदें है और वरीय पदाधिकारी अपना अनुभव साझा करें, ताकि वह कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। विभाग में कमिटमेंट ऊपर से लेकर नीचे तक दिखायी देना चाहिए, ताकि हम बिरसा किसान के सपनों को पूरा करने में अपनी भूमिका ईमानदारी पूर्वक निभा सकें। मौके पर कृषि सचिव अबू बकर, कृषि निदेशक निशा उरांव, पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# हाइकोर्ट का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण:राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने के फैसले को लखनऊ हाइकोर्ट के द्वारा रद्द किये जाने को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। प्रसाद ने कहा कि पिछड़ी जातियों के साथ पूरे देश में नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को पिछड़ी जातियों का जनगणना और सर्वेक्षण कराना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि सभी राज्य सरकार सचमुच ओबीसी के प्रति ईमानदार हैं तो फिर बिना देर किये हुए पिछड़ी जातियों का जातीय जनगणना और उनके आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक, स्थिति का सर्वेक्षण तुरंत कराना चाहिए। प्रसाद ने यह भी कहा कि देश में सभी जातियों की जाति जनगणना होनी चाहिए जिससे देश को पता चले किस जाति की कितनी आबादी और उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति क्या है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों का आंकड़ा नहीं होने के कारण ही लखनऊ हाइकोर्ट ने शायद ऐसा फैसला दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओबीसी के मामले में किस तरह का पक्ष रखा यह तो देखना पड़ेगा। प्रसाद ने हाइकोर्ट के फैसले के विरोध में उत्तर प्रदेश के सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय का स्वागत किया है।

# टेंडर हार्ट की दो बेटियों ने किया गोल्ड और सिल्वर अपने नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सतरवी इसकू इंटरनेशनल कराटे कप 2022 में भारत की ओर से खेलते हुए टेंडर हार्ट की कक्षा पांचवीं की आस्था ने (40 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल) और कक्षा चौथी की आकांशा ने (35 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल) जीत कर अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 24 और 25 दिसंबर 2022 को ट्रांस स्टेडियम, अहमदाबाद में हुआ था। दोनों बहनों ने इससे पहले भी इंटर स्कूल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सब जूनियर श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्य उषा किरण झा ने दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि के लिए अपनी




शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यार्थियों में विशेषकर छात्राओं में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी प्रशंसनीय है। सुधीर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि विभिन्न क्रीड़ाएं, जहां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, वही उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी कार्यरत हैं।

# कोरोना : लोगों को डरने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोरोना का नया वैरिएंट देश में मिल चुका है। एक के बाद एक बीएफ-7 के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजधानी समेत राज्यभर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सदर हॉस्पिटल में ड्रिल के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 19356 बेड राज्य में तैयार हैं। लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हमारे पास सभी संसाधन मौजूद हैं और इसके बल पर हर लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम कोरोना से लड़ाई के लिए अभ्यस्त हो चुके हैं। अब आगे कोरोना से हम डट कर मुकाबला करेंगे। हमारी तैयारी पूरी है। हम लोगों ने वैक्सीन की मांग सरकार से की है। मानवहित में केंद्र और राज्य सरकार मिल कर काम करेंगी। वैक्सीनेशन में पिछड़ने की कोई बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन करायेगा। देशभर में कई राज्यों में एक साथ 27 दिसंबर को कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल हुआ। इस दौरान राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स और रांची के दूसरे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सदर में अधिकारियों ने व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों ही हॉस्पिटल में कोरोना से निपटने की पूरी तैयारी रखी गयी है।

## रिम्स में 330 बेड 800 जंबो सिलेंडर

रिम्स हॉस्पिटल में मरीजों के लिए ऑक्सीजन के 800 जंबो सिलेंडर तैयार रखे गये हैं। 330 बेड के साथ सभी तैयारियां हैं। अधिकारियों ने कहा कि कुछ कमियां हैं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि मैनपावर की कमी को दूर किया जा रहा है। दवा का स्टॉक भी फिलहाल पर्याप्त मात्रा में है।

## डीसी ने तैयारियां सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किया है। कोविड-19 के वैरियंट बीएफ7 के मामलों में आये उछाल को देखते हुए यह निर्देश मंगलवार को उपायुक्त ने दिया है। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों, सभी अंचल अधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त रांची नगर निगम, वरीय पुलिस अधीक्षक, मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल को उपायुक्त की ओर से बचाव और रोकथाम से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया है।

# हेमंत सरकार को गिराने की साजिश की जांच करने वाले अधिकारी से पूछताछ करेगी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार को गिराने की साजिश रचने के मामले में रांची के कोतवाली थाने में दर्ज प्राथमिकी, इडी की मनी लांड्रिंग के तहत जांच की अहम कड़ी बनेगी। पिछले साल 24 जुलाई 2021 को बेरमो के कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ही इस एफआइआर के शिकायतकर्ता हैं। उनकी शिकायत पर कोतवाली थाना क्षेत्र के लाइन टैंक रोड स्थित होटल लीलैक, जहां से तीन संदिग्ध पकड़े गये थे। इस दौरान महाराष्ट्र के कुछ नेताओं के आवागमन की भी जानकारी मिली थी। अब इडी इस प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में रांची के होटल लीलैक से लेकर दिल्ली तक इन्वेस्टिगेशन करने वाले अफसरों से भी पूरी जानकारी लेगी, ताकि हार्स ट्रेडिंग में मनी लांड्रिंग के तहत चल रही जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

## तीन संदिग्धों को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

इस दौरान होटल लीलैक, एयरपोर्ट व दिल्ली से जुटाये गये सीसीटीवी फुटेज का भी इडी अध्ययन करेगी। रांची के कोतवाली थाने में 24 जुलाई 2021 को सरकार गिराने की साजिश मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में सब्जी व फल बेचने वाले तीन युवकों अमित सिंह, अभिषेक दूबे व निवारण प्रसाद महतो को जेल भेजा था। बाद में पुलिस इनके विरुद्ध साक्ष्य नहीं जुटा पायी, जिसके चलते आरोप पत्र दाखिल नहीं किया और तीनों ही आरोपित जेल से बाहर निकल गये।

## तीन कांग्रेस विधायक आये थे घेरे में

सरकार गिराने की साजिश मामले में जिन तीनों युवकों में अमित सिंह, अभिषेक दूबे व निवारण प्रसाद महतो को गिरफ्तार किया गया था। उन लोगों ने कांग्रेस के विधायक डॉ. इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला व निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव का नाम लिया था। अभिषेक ने बयान दिया था कि रांची एयरपोर्ट से इंडिगो के विमान से दिल्ली पहुंचने पर वहां एयरपोर्ट पर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे चंद्रशेखर राव बावनकुले का भांजा जय कुमार बेलखड़े ने उनकी अगवानी की थी। यहां से सभी दिल्ली स्थित होटल विवांता पहुंचे थे।

## सीसीटीवी फुटेज से मिले थे कई सबूत

रांची से दिल्ली जांच करने पहुंचे तत्कालीन डीएसपी अनिमेष नैथानी को इससे संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी मिले थे, जिसे इडी हासिल कर जांच करेगी। रांची के होटल लीलैक में भी महाराष्ट्र के भाजपा नेताओं की मौजूदगी के सबूत मिले थे, जिन्हें समन कर इडी विधिवत पूछताछ करेगी। इडी इस तह में जाने का प्रयास करेगी कि सरकार गिराने की साजिश मामले में कितनी सच्चाई है।

# बिजली के स्मार्ट मीटर को पहले रिचार्ज करना होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अब रांचीवासियों को बिजली का उपभोग करने के लिए पहले अपने मीटर को रिचार्ज करना होगा। राजधानी रांची में एक हजार स्मार्ट मीटर अपर बाजार इलाके में लगाये जा रहे हैं। जेबीवीएनएल मुख्यालय की मानें तो ये स्मार्ट मीटर जनवरी से काम करना शुरू कर देंगे। इसके साथ ही संभावना है कि 10 जनवरी से स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर के रूप में काम करना शुरू कर देगा। मुख्यालय और चयनित एजेंसी इस दिशा में कार्यरत हैं। निगम मुख्यालय की ओर से मीटर लगाये जा रहे इलाकों में नेटवर्क कनेक्शन देख कर इस पर काम

**10 जनवरी से स्मार्ट मीटर प्री पेड मोड में करने की तैयारी**

किया जा रहा है। जानकारी हो कि पहले चरण के तहत लगभग एक हजार स्मार्ट मीटर कुछ चिह्नित इलाकों में लगाये जा रहे हैं। यहां अपर बाजार का चयन किया गया क्योंकि नेटवर्किंग समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। जेवीएनएल की मानें तो स्मार्ट मीटर स्मार्ट फोन की तरह काम करेगा। इसके लिए बिजली उपभोक्ता पहले मीटर रिचार्ज करेंगे, तब बिजली बिल उपभोग करेंगे। पिछले दिनों चयनित एजेंसी ने आइटी विभाग को इन इलाकों का सैंपल दिया था, जिसे जेवीएनएल के आइटी



विभाग ने सही पाया। ऐसे में अपर बाजार के जिन इलाकों में मीटर लगाया जा रहा है, जो स्मार्ट मीटर काम कर सकेंगे। जानकारी हो कि इलाके में एक हजार स्मार्ट मीटर रिप्लेस किये जा रहे हैं। जो पायलट प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है। बिजली बिल की सटीक जानकारी और प्रबंधन मोबाइल से होगा। उपभोक्ता मासिक विद्युत बिल को व्यवस्थित और नियंत्रित कर सकते हैं। इसकी सहायता से मीटर के वर्तमान स्थिति और वर्तमान लोड की जानकारी ली जा सकती है। वर्तमान बिल की जानकारी और पिछले महीनों की बिल की जानकारी भी प्राप्त होगी। मैनुअल मीटर रीडिंग की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। प्रोजेक्ट की मानें तो सिर्फ रांची जिला में तीन लाख पचास हजार स्मार्ट मीटर बदले जाने हैं। इसमें खराब मीटरों को पहले रिप्लेस किया जायेगा। इसके बाद, अन्य उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की सुविधा दी जायेगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का समापन हुआ। वार्षिक खेल-कूद समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीके शर्मा, उप महानिरीक्षक रांची थे। समापन समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन से हुआ। मुख्य अतिथि और मंचासीन अधिकारियों का परिचय विद्यालय के उपप्राचार्य ललन कुमार ने कराया। मुख्य अतिथि का



स्वागत उपाध्यक्ष डॉ बीके जयसवाल ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि का स्वागत मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर किया।

# डीएसपीएमयू की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किट्स भुवनेश्वर में संपन्न 36 वें इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के 49 सदस्यीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही टीम ने कई पुरस्कार अर्जित किये। संगीत की प्रतियोगिता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची की टीम को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें युवराज मिश्रा को लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार इंस्टालेशन, ट्राइबल ऑर्केस्ट्रा और ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कोलाज प्रतियोगिता में यहां के प्रतिभागियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास से समूचा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि 49 सदस्यों सहित इस दल का नेतृत्व डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव ने किया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

**सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है इंडियन ऑयल**

# एलपीजी वितरक बनाने के नाम पर फर्जी विज्ञापन से हो रही ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इन दिनों साइबर ठगी का मामला काफी बढ़ रहा है। साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फांसने के लिए अलग-अलग तरह के हथकंडे अपनाते हैं। कभी सरकारी नौकरी से मिलता-जुलता फर्जी विज्ञापन निकाल देते हैं तो कभी सरकारी कर्मचारी के नाम पर ही ठगी कर लेते हैं। इसी कड़ी में अब बदमाशों ने उपाय निकाला है। अब साइबर अपराधी एलपीजी वितरक बनाने के नाम पर फर्जी विज्ञापन निकाला है। इसके मद्देनजर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। कॉरपोरेशन ने एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नकली वेबसाइटों से सावधान रहने की अपील की है। हमें पता चला है कि ओएमसी के लिए एलपीजी वितरकों की नियुक्ति के लिए धोखे से झूठे व्यापार अवसरों की पेशकश बेईमान एजेंसियां द्वारा की जा रही है। हम जनता से आग्रह करते हैं कि इससे सर्तक रहे। किसी प्रकार का पैसे का भुगतान करने से बचें। अगर ऐसी कोई पेशकश आपके पास आती है




कि प्रमाणीकरण के लिए ओएमसी के नजदीकी क्षेत्रीय कार्यालय में जाएं या एलपीजी वितरक चयन डॉट इन पर लॉग ऑन करें।

आइओसी ने कहा है कि अनधिकृत व्यक्ति एलपीजी की पेशकश करने के लिए पीएसयू ऑयल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। ईमेल, एसएमएस, पत्र या कॉल गलत ओएमसी की ओर से एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पुरस्कार और बारे में सलाह देने के लिए किया गया है। पैसा देने से बचें अनुदान के बारे में सलाह देने के लिए किया गया है। डिस्ट्रीब्यूटरशिप आवंटन की पुष्टि करने के लिए जालसाज अनिवार्य रूप से एक वेबसाइट पर पंजीकरण के लिए अग्रिम शुल्क या धन जमा करने का अनुरोध करेगा। इसलिए सलाह दी जाती है कि प्रामाणिक और आधिकारिक जानकारी के लिए ओएमसी की केवल आधिकारिक सुरक्षित वेबसाइटों यानी आइओसीएल डॉट कॉम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम डॉट कॉम, ईभारत गैस डॉट कॉम या एलपीजी वितरक चयन पर ही जायें। ओएमसी ने देश भर में एलपीजी वितरकों के चयन या नियुक्ति के लिए अपनी ओर से किसी व्यक्ति को नियुक्त नहीं किया है और ना ही किसी व्यक्ति को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर किसी भी उम्मीदवार से किसी भी तरह के पैसे मांगने के लिए अधिकृत किया है। यदि किसी ओएमसी के नाम पर किए गए प्रस्ताव की प्रामाणिकता के संबंध में अनिश्चित हैं, तो नजदीकी ओएमसी कार्यालय से संपर्क करें। अगर आप किसी गलत साइट पर ठगों के चंगुल में फंस जाते हैं तो ओएमसी जिम्मेदार नहीं होगा, ना ही वे किसी निष्कर्ष, हानि या किसी भी प्रकार की क्षति के लिए उत्तरदायी होंगे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
05

# सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 30वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस अवसर पर कुम्हार टोली निवासी मुकेश बरनवाल ने अपनी धर्मपत्नी राधा बरनवाल के साथ महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेडा, चना गुड सेव फल कमा नारियल का भोग अर्पित कर चंदन वंदन करके सुगंधित इत्र चढ़ाया।

बर्नवाल परिवार ने श्री रामचरितमानस का पाठ वासियों का पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराया। मंदिर के आचार्यों ने बरनवाल परिवार को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ पाठ का श्रीगणेश किया। ढोलक-करताल के साथ उपस्थित सैकड़ों भक्तों से श्री सुंदरकांड- श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ करवाया। भक्तजन भावविभोर होकर हनुमान महाराज



की आराधना में लीन थे। बजरंग बली की जय जयकारों से पूरा श्याम मंदिर गूंज रहा था। अनेकों भजनों का भी गायन किया गया। पाठ का प्रारंभ श्री हनुमान चालीसा से व समापन भी श्री हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। भक्तजनों ने सामूहिक महाआरती करके अपने अपने लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। सुभाष रौनक पोद्दार, श्रवण ढाढनिया, राजेश सिंघानिया वह एक भक्त ने क्रमशः घी, चना प्रसाद, इत्र एवं गिरी गोला की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढनिया, अनिल नारनौली, गौरव अग्रवाल मोनू, कमल लोहिया, रतन शर्मा, प्रदीप मोदी ने व्यवस्था में सहयोग किया।

## खाटू नरेश का केसर चंदन श्रृंगार

पौष अमावस्या महास्नान अनुष्ठान के बाद गुरुवार 29 दिसंबर को खाटू नरेश का केसर चंदन का तिलक श्रृंगार किया जायेगा। नवीन पोशाक पहनाया जाएगा तथा फूलों का विशेष भव्य सिंगार करके पंचमेवा का भोग लगाया जायेगा। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन और पीएलआर कंपनी को सौंपा मांग-पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** इंटक के रामगढ़ जिलाध्यक्ष सह स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बरका-सयाल जीएम व पीएलआर कंपनी बलकुदरा के प्रबंधन को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग-पत्र में बलकुदरा खदान के ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बलकुदरा, कुरसे, जयनगर, लबगा पंचायत के बेरोजगार स्थानीय विस्थापित मोर्चा के द्वारा संचालित करने, विस्थापित-प्रभावित युवाओं को पीएलआर कंपनी में नौकरी देने, हैवी ब्लास्टिंग रोकने, प्रदूषण नियंत्रण यंत्र लगाने, कुरसे गांव में सीसीएल या पीएलआर द्वारा डीएवी स्कूल बनाकर विस्थापित-प्रभावितों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने, बलकुदरा में लोकल सेल खोलकर विस्थापित युवाओं को रोजगार देने, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जलावन के लिए मुफ्त में कोयल देने की मांग की है। सौंपे गये पत्र में कहा है कि हमारी मांगों को अविलंब पूरा किया जाये अन्यथा 7 जनवरी से पीएलआर कंपनी के सभी कार्यों को ठप कर दिया जायेगा। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, हजारीबाग सांसद, बड़कागांव विधायक, रामगढ़ डीसी, एसपी, एसडीओ, पतरातू एसडीपीओ, सीओ सहित भुरकुंडा व बासल थाना को भी प्रेषित की गयी है।

# युवा एकता मंच करेगा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना अम्बेडकर चौक के समीप युवा एकता मंच की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सौरभ कुमार ठाकुर व संचालन मंच के सचिव नवीन पाण्डेय ने किया।बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि युवा एकता मंच के संरक्षक रंजीत राम उपस्थित हुए।बैठक में मंच की मजबूती पर बल दिया गया।मुख्य अतिथि श्री राम ने युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर छात्र को मदद देने की बात कही।वही मंच के अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया स्थानीय प्रशासन की मदद से युवाओं में बढ़ता हुआ नशाखोरी को समाप्त करने की पहल करेंगे।मौके पर दिलीप कुमार, शंकर कालिन्दी,अमरनाथ कुमार,बबलु राम,अमन लोहरा,दिपक कुमार, शिव मल्लीक, रिसभ कुमार राव, नितिन राय, प्रियांशु श्रीवास्तव,उतम कुमार, उज्जवल कुमार, राकेश कुमार, प्रियांशु कुमार, पिंटु ठाकुर, बबलु करमाली, सोनु कुमार, आदित्य कुमार, आन्नद कुमार, विवेक कालिन्दी, रोशन कालिन्दी, विक्की करमाली,आकाश पासवान सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी से मुलाकात कर किया सम्मानित



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** झारखण्डी भाषा संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश से शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उपस्थित लोगों ने ओपी प्रभारी श्री प्रकाश को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान आगामी छह जनवरी को खतियानी महाजुटान कार्यकर्म से संबंधित जानकारी ओपी प्रभारी से साझा कर यातायात ब्यवस्था सुचारू रूप से चलाने का आग्रह किया।वही ओपी प्रभारी ने आयोजन समिति को कई सुझाव दिए जिससे शांति व्यवस्था कायम हो सके। मुलाकात करने वाले पदाधिकारियों में मुख्यरूप से समिति के संरक्षक रवींद्र मुंडा, गिरीशंकर महतो, सुरेंद्र महतो, अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, श्यामसुन्दर महतो, नसरुद्दीन अंसारी, सुनिल कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# 151 जोड़ों के आदर्श विवाह के रजिस्ट्रेशन फार्म का विमोचन एवं रजिस्ट्रेशन शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से आठ जनवरी 2023 को संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण मे 151 जोडों का आदर्श सामूहिक विवाह कराया जायेगा। मंगलवार को संस्था के सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन फार्म का विमोचन कर रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया। पहले ही दिन संस्था के सदस्यों ने आदर्श सामूहिक विवाह हेतु 29 जोडों का रजिस्ट्रेशन किया गया। फार्म विमोचन कार्य में विशेष रूप संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद सारस्वत, विशाल जालान, सज्जन पाडिया ओम प्रकाश सरावगी, सुरेश कुमार चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, बिष्णु सोनी, पवन पोद्दार (ताउ) एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# अनाथ बच्चों की शिक्षा में उन्नति के लिए सेमिनार का किया गया आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइआइसीसी और आइएनआइएफडी संस्थान में ब्लू वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अनाथ बच्चों की शिक्षा में उन्नति हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पवन वर्मा (चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष), डॉ एसएस सिंह (सीनियर करियर काउंसलर), एमडी-महबूब आलम (निदेशक और आइआइसीसी/आइएनआइएफडी रांची) आदि उपस्थित थे। सभी ने अपनी बातों को मजबूती के साथ रखा और अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा को आगे बढ़ाने में सतत प्रयास करने का संकल्प लिया। साथ ही साथ शिक्षा के अलावा रोटी- कपड़ा-मकान की तर्ज पर काम करने को प्रोत्साहित किया और सभी ने ब्लू वेलफेयर सोसाइटी को डोनेशन के रूप में चेक प्रदान किया।

# स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य दीपक का निधन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व महासचिव और स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य दीपक कुमार का मंगलवार को पुणे स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को विमान से रांची लाया जाएगा और अंतिम संस्कार रांची में ही किया जाएगा। वह किडनी की समस्या से जूझ रहे थे, 2 दिन पूर्व वे पुणे के एक अस्पताल में भर्ती हुए थे। दीपक कुमार दो बार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रह चुके हैं। इस आशय की जानकारी एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्य धीरज कुमार ने दी।

# आइजी ने लिया खूंटी की कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक पंकज कम्बोज मंगलवार को खूंटी पहुंचे और एसपी कार्यालय में जिले के आला पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नक्सली गतिविधियां, अपराधिक मामले, अवैध अफीम की खेती, डायन बिसाही के मामल सहित अन्य आपराधिक मामलों पर पुलिस कार्रवाई का निरीक्षण किया और कानून व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त बनाने और सक्रिय नक्सली, अपराधी और तस्करों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आइजी ने जिला पुलिस द्वारा अफीम की खेती के विरुद्ध निरंतर चलाये जा रहे सफल अभियान के लिए एसपी अमन कुमार को बधाई दी और कहा कि जिला पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर पहली बार कई ग्रामीण स्वयं अफीम की खेती को नष्ट कर उसकी जगह चना औश्र सरसों की खेती कर रहे हैं, यह सराहनीय बदलाव है। इसके लिए खूंटी पुलिस बधाई की पात्र हैं। इस दौरान एसपी अमन कुमार के अलावा एसडीपीओ अमित कुमार, हेड क्वार्टर डीएसपी जयदीप लकड़ा, तोरपा डीएसपी ओमप्रकाश तिवारी, एएसपी अभियान रमेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर श्रीकांत त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्पंज आयरन फैक्ट्री ने रैक अनलोडिंग का कार्य विनोद पहाड़ी को कागजात के माध्यम से सौंपा था

# किस्कू ने दबंगई दिखा विनोद पहाड़ी समर्थकों के साथ मारपीट की : सरिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** कुजू रेलवे साइडिंग में रैक अनलोडिंग को लेकर हुए विवाद में पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई के तहत विनोद पहाड़ी को जेल भेजे जाने को लेकर कुजू के ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। इस मामले में कुजू के ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन के समीप तेतरिया टोला में बैठक की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व महिला नेत्री सरिता सिंह कर रही थीं। उन्होंने कहा कि स्पंज आयरन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा रैक अनलोडिंग का कार्य विनोद पहाड़ी को कागजात के माध्यम से सौंपा गया था, जबकि झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने अपना वर्चस्व स्थापित करने के साथ दबंगई दिखाते हुए रैक



अनलोडिंग का कार्य करने का दावा करते हुए विनोद पहाड़ी के समर्थकों के साथ जमकर मारपीट की , जो अन्याय है। उन्होंने कहा कि अगर मामला दोनों तरफ से दर्ज कराया गया था तो सिर्फ विनोद पहाड़ी को ही क्यों जेल भेजा गया है। वही, विनोद किस्कू के झामुमो नेता होने की वजह से उनके समर्थकों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और पुलिस द्वारा उनको सहयोग किया जा रहा है, जो कहीं से भी न्याय उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विनोद किस्कू की सरकार में अपनी पहुंच के कारण पुलिस प्रशासन भी एकतरफा कार्रवाई कर विनोद पहाड़ी को जेल भेजा गया है। इससे ग्रामीणों में पुलिस - प्रशासन के साथ-साथ विनोद किस्कू के खिलाफ भी आक्रोश है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में स्वयं संज्ञान लेने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में सरिता सिंह, बसंती देवी, लक्ष्मी देवी, शोभा देवी, क्रांति देवी, कौशल्या देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, कुली देवी, शांति हेम्ब्रोम, कालीचरण भुईयां, संतोष भुईयां, प्रकाश प्रसाद, कुलेश्वर भुईयां, टार्जन भुईयां, गुदूल भुईयां, अमित साव, अनिल साहू आदि शामिल है। ज्ञात हो कि रविवार की रात कुजू रेलवे साइडिंग में विनोद पहाड़ी और विनोद किस्कु के समर्थकों में अनलोडिंग कार्य को लेकर जमकर मारपीट और पथराव हुआ था। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा ओपी में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया गया था।

# सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवाल-2023 का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड मछलीघर द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवल 2023 का उद्घाटन मंगलवार को समाजसेवी तारा झा एवं इंदु देवी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय एवं चेंबर अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री, एक्वावर्ल्ड के चेयर पर्सन प्रतुल शाहदेव को चेयर पर्सन डॉक्टर विद्या झा, डायरेक्टर सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजीत आरपी सिंहा, बिट्ठू, गौरव अग्रवाल ,सचिंद्र सिंह, ऋषभ राजगढ़िया, रवि सिंह, लोकेश, आदि उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में दीपांजलि ग्रुप के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि एक्वा वर्ल्ड पूरे परिवार के मनोरंजन के लिए रांची के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में एक है। उन्होंने कहा कि

## आगामी दो जनवरी 2023 तक चलेगा मेला



ऐसे आयोजनों से बच्चों में कंपटीशन की भावना भी जागृत होती है और उनका बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने एक्वा वर्ल्ड परिवार को इस आयोजन के लिए बधाई दी। चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने एक्वा वर्ल्ड की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पूरे रांची को बेसब्री से कार्निवल का इंतजार होता है और एक्वा वर्ल्ड दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। एक्वा वर्ल्ड ग्रुप के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा यह कार्निवाल का 19वां वर्ष है और हर वर्ष रांची की जनता ने मस्ती और उमंग के इस आयोजन का पूरा आनंद लिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी एक्वा वर्ल्ड रांची वासियों को स्वस्थ मनोरंजन देगा। पहले दिन से ही कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रही। पेंटिंग प्रतियोगिता ,बेस्ट कपल कंपटीशन, गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता,15 वर्ष से ऊपर के लड़कियों और लड़कों के लिए डांस प्रतियोगिता और बॉलीवुड के गानों की थीम पर बोन फायर डांस मुख्य आकर्षण रहा।

निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया कि 28 दिसंबर को भी कार्यक्रमों की धूम रहेगी।कल का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहेगा। इसके अतिरिक्त आइस क्रीम ईटिंग कंपटीशन, बेस्ट इंस्टाग्राम रील, मेड फॉर ईच अदर डांस, आदि भी रहेंगे।

**परिणाम : पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता-** आराध्या सिंह, अलीजा, वेदांत,राजकमल, ज्योति चौरसिया,नियोनिता कुमारी।

**बेस्ट कपल प्रतियोगिता -** मोहम्मद शाकिर- नाशिक, संदीप-पूजा,धर्मेंद्र कुमार-पूनम कुमारी।

**ओपन माइक-** दृष्टि।

**गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता-** सरिता देवी।

**बेस्ट इंस्टाग्राम रील-** पल्लवी पंडा, मुस्कान।

**सेल्फी टाइम-** मानसी, मुस्कान जिम्मी।

**डांस प्रतियोगिता-** शिवांश, प्रतिज्ञा, साक्षी, सुनिधि, कोमल आदिति।

# तोपा स्टोर में सेंधमारी कर चोरी करते दो लोग धराये, भेजा गया जेल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा परियोजना के स्टोर में बीती रात सेंधमारी कर चोरी करने आए दो लोगो को सुरक्षाकर्मियों ने रंगे हाथ धर दबोचा। इस मामले में सुरक्षा प्रभारी राम प्रसाद बेदिया द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। आवेदन में लिखा है कि तोपा निवासी हाशिम मियां और तैयब मियां बीती रात तोपा परियोजना के वर्कशॉप में सेंधमारी कर कीमती सामग्री चोरी कर रहे थे। इसी बीच सुरक्षाकर्मियों ने दोनों चोरों को महंगे सामग्री सहित रंगे हाथ धर दबोचा। विभाग के सुरक्षाकर्मी ने दोनों के पास से शावेल मशीन का बॉटम डंप सिलेंडर एक पीस, फाइनल ड्राइव असेंबली एक पीस बरामद किया। वही, विभाग द्वारा दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। सुरक्षा विभाग द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने तरुण गिरि के घर में चिपकाया इश्तेहार



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के दिगवार निवासी तरुण गिरी पिता हरिशंकर गिरी के घर में रामगढ़ महिला थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। तरुण गिरी के विरुद्ध रामगढ़ महिला थाना में कांड संख्या 18/22 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में महिला थाना प्रभारी मेनजारी बिरुआ के नेतृत्व में पुलिस का एक टीम कुजू ओपी पहुंचा। जिसके बाद कुजू पुलिस के सहयोग से उसके घर जाकर इश्तिहार चिपकाया। मौके पर महिला थाना प्रभारी ने कहा कि शादी का झांसा देकर युवती को भगाने, यौन शोषण करने, शादी से इंकार करने के मामले में आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहे हैं। जिसको लेकर इश्तिहार चिपकाया गया है। अगर आरोपी जल्द ही आत्म समर्पण नही करता है तो उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही, थाना प्रभारी के अलावे एसआई एस एन यादव, हवलदार छोटे लाल गुप्ता शामिल रहे।

# बड़ी प्रभातफेरी में गुरुनानक सत्संग सभा के 175 श्रद्धालु हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी की कीर्तन मंडली दशम पातशाह धन धन श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के 356वें पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पटना साहिब से निकाली गयी बड़ी प्रभातफेरी में शामिल हुई। गुरुनानक सत्संग सभा के 175 श्रद्धालु आज की फेरी में शामिल हुए और रास्ते भर गोविंद सिंह आयो है... एवं तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो... तथा वाहो वाहो गोविंद सिंह आपे गुर चेला... जैसे अनेक शबद गायन कर पटना शहर की सड़कों को गोविंदमय बना दिया।



सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने प्रकाश पर्व में शामिल होने पटना साहिब गए गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा के हवाले से बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफरियों के अंतिम दिन बड़ी प्रभातफेरी तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी पटना साहिब से चार बजे भोर में बैंड-बाजा, रोशनी, हाथी, ऊंठ, पंथ के झूलते निशान साहिब, पंच-प्यारों की अगुवाई में निकली। अशोक राजपथ पर निकली प्रभात फेरी चमडोरिया, हाजीगंज, पूरब दरवाजा, पटना साहिब स्टेशन, आरओबी, चौकशिकारपुर, मंगलतालाब, श्री गुरु गोविन्द सिंह पथ,चौक, सब्जी मंडी होते हुए सुबह नौ बजे वापस तख्त साहिब पहुंच कर विसर्जित हो गयी। बड़ी प्रभात फेरी में देश-विदेश के चालीस हजार से अधिक की संख्या में साध-संगत शामिल हुई। फेरी में गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी के मनीष मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, हरविंदर सिंह, राकेश घई, सूरज झंडई, हन्नी मिढ़ा, वंश डाबरा, हरीश तेहरी, गितांशु गांधी, किशोरी सरदाना, रमेश तेहरी, मिक्की मिढ़ा, सतनाम खत्री, कौशिक, मोहित, मांशु, रिषभ, तरुण, मंजीत कौर, इंदु पपनेजा, दीपाली अरोड़ा, नीता मिढ़ा, रजनी तेहरी, शीतल, गिन्नी, किरण तेहरी, आशा शर्मा, मोनू गिरधर, ममता थरेजा, नीतू किंगर, रजनी मिढ़ा, सुषमा गिरधर, मीना गाबा, जसवीर मुंजाल, अंजू दुआ, सरोज खत्री समेत अन्य शामिल हुए। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए मंगलवार को भी सत्संग सभा के 121 श्रद्धालु रांची से पटना साहिब के लिए ट्रेन से शाम सात बजे हटिया स्टेशन से रवाना हुए।

# इसीआरकेयू की बैठक में रेलकर्मियों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे अंतर्गत ईसीआरकेयु शाख एक की बैठक युनियन कार्यालय में हुई। इसमें केन्द्रीय सहायक महामंत्री ओमप्रकाश व अपर महामंत्री मो जियाउद्दीन मुख्य रुप से शामिल थे। इसमें पतरातू रेलवे के विभिन्न विभागों की स्थानीय व मंडल स्मरीय समस्याओं को रेल कर्मचारियों ने रखा और उसके समाधान के लिए दोनों केन्द्रीय नेताओं से अपील की। नेताओं ने समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम अधिकारियों के पास बात रखने की बात कही। रमेश महतो, सुरेन्द्र प्रसाद, लालबाबु, संजय उरांव, प्रदीप जायसवाल, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, अमरेन्द्र कुमार, विकास कुमार, सहित अन्य रेल कर्मचारी शामिल थे।

# कुएं में गिरने से किसान की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के कटिया गांव के निवासी सरभू महमो पिता- सर्व रूपलाल महतो मंगलवार को दिन में अपने आलू बारी में पानी पटाने के क्रम में पैर स्लिप करने से कुंआं में गिरने से स्थित काफी गंभीर हो गया बताया जाता है कि पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित पुलिस के जवान और ग्रामीणों के सहयोग से कुंए से बाहर निकाला गया और उसे पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत धोषित कर दिया।

# नेपाल से कैसे होंगे भारत के साथ रिश्ते

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड ने एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली। वह तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने हैं। प्रचंड पड़ोसी देश में राजशाही के खिलाफ दस वर्षों (1996 से 2006) तक चले भूमिगत मुक्ति युद्ध के सबसे बड़े नेता रहे हैं। पिछले महीने हुए चुनावों में किसी भी दल या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण सरकार बनाने के सवाल को लेकर वहां कुछ समय से सस्पेंस बना हुआ था। प्रचंड की पार्टी सीपीएन (एमसी) ने नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में यह चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों दलों में इस बात पर विवाद था कि गठबंधन सरकार का नेतृत्व पहले कौन करेगा। जब यह विवाद आखिर तक हल नहीं हो सका तो राष्ट्रपति द्वारा दी गयी समय सीमा (रविवार शाम पांच बजे) से कुछ घंटे पहले प्रचंड ने गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा कर दी। उसके बाद घटनाचक्र तेजी से घूमा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के नेता केपी शर्मा ओली और अन्य छोटी पार्टियों के समर्थन की बदौलत उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। सहमति यह बनी है कि पांचवर्षीय कार्यकाल के पहले ढाई साल प्रचंड पीएम रहेंगे और बाद के ढाई साल केपी शर्मा ओली। जहां तक भारत की बात है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचंड को बधाई देते हुए कहा है कि भारत और नेपाल का अनूठा रिश्ता दोनों देशों के गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव और दोनों ओर के लोगों के भावनात्मक लगाव पर टिका हुआ है। उन्होंने दोनों देशों के बीच दोस्ती के और मजबूत होने की उम्मीद भी जतायी, लेकिन इन औपचारिक बयानों से आगे की सचाई यह है कि ओली और प्रचंड दोनों चीन के करीबी माने जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में ओली का पिछला कार्यकाल उनके चीनी पक्षधरता दर्शाने, भारत विरोधी भावनाएं भड़काने वाले फैसलों और बयानों के लिए चर्चित रहा था। हालांकि उस दौरान भी प्रचंड जैसे नेता काफी हद तक नीतियों को संतुलित करने पर जोर दे रहे थे। फिर यह बात भी है कि इस बार किसी एक पार्टी की सरकार नहीं है। अगर चुनावी नतीजों का संदेश देखा जाये, तो उससे भी यह साफ है कि भारत विरोधी भावनाएं बहुमत तो दूर सबसे बड़ी पार्टी तक का दर्जा नहीं दिला पायीं। इसलिए कुछ प्रेक्षकों के मन में आशंकाएं भले हों, अभी से यह मान लेने की कोई जरूरत नहीं है कि नयी सरकार पुरानी रीति-नीति पर ही चलेगी। मगर भारत और चीन के मौजूदा समीकरणों को देखते हुए इस मोर्चे पर किसी तरह की लापरवाही भी नहीं बरती जा सकती। ऐसे में, भारत को उदार, अच्छे पड़ोसी और करीबी मित्र की अपनी भूमिका जारी रखते हुए सावधान भी रहना होगा।

**दोनों देशों के बीच दोस्ती के और मजबूत होने की उम्मीद भी जतायी, लेकिन इन औपचारिक बयानों से आगे की सचाई यह है कि ओली और प्रचंड दोनों चीन के करीबी माने जाते रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग का लक्ष्य 2022-23 के दौरान करीब 2300 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का है। नयी शराब नीति लागू होने से पहले अप्रैल 2022 में सिर्फ 109 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि मई 2022 के दौरान 188 करोड़ रुपये वहीं, जून में 2022 के दौरान करीब 180 करोड़ रुपये ट्रेजरी में जमा किये गये।**

# संशय में झारखंड की आबकारी नीति



मृत्युंजय शर्मा

दिल्ली और तेलंगाना के साथ पूरे देश में इस समय जिस राज्य की शराब नीति सुर्खियां बटोर रही है, वह है झारखंड। जिस प्रकार दिल्ली में मनीष सिसोदिया के करीबी को दिल्ली में शराब के कारोबार का जिम्मा मिला, ठीक वैसे ही झारखंड में भी टेंडर खुलने से पहले ही छत्तीसगढ़ के चहेते को लोगों तक 'जाम' पहुचाने का ठेका दिया गया। यहां नई शराब नीति के तहत थोक व्यापार के लिए 25 लाख रुपए का नॉन रिफंडेबल आवेदन शुल्क रखा गया था, इसके लिए राजस्व परिषद से आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गयी। आरोप है कि यह फीस इसलिए लगाई गई थी कि ज्यादातर व्यवसायियों को टेंडर डालने से रोका जा सके।

राज्य में आनन फानन मे नयी उत्पादन नीति लागू की गयी। झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिए 1564 दुकानों में शराब बेचने की घोषणा प्रस्तावित थी। हालांकि उत्पाद आयुक्त ने जानकारी दी थी कि वर्तमान में राज्य में शराब की कुल 1434 दुकानें सक्रिय हैं और बीते एक महीने में 49 दुकानों में ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली पायलट परियोजना के रूप में प्रारंभ की गयी।

**झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग का लक्ष्य 2022-23 के दौरान करीब 2300 करोड़ राजस्व जुटाने का है।**

सरकार ने शराब की बिक्री के जरिए राजस्व बढ़ाने के लिए कई अभूतपूर्व उपाय किये गये। प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए शराब की दुकानों में प्रोफेशनल सुपरवाईजर और सेल्स मैन रखे गए, खैर यह अलग बात है कि इनके वेतन का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। ऑनलाइन शराब डिलीवरी की व्यवस्था तक की गयी। पिछली बार राज्य में बिक्री पर राजस्व का प्रावधान था जबकि इस बार की नीति में शराब के उत्पादन स्थान से उठाव पर राजस्व का प्रावधान किया गया। सरकार की नयी नीति के अनुरूप वहीं पर ऑनलाइन होलोग्राम देकर कोड उपलब्ध कराये गये।

झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग का लक्ष्य 2022-23 के दौरान करीब 2300 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का है। नयी शराब नीति लागू होने से पहले अप्रैल 2022 में सिर्फ 109 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि मई 2022 के दौरान 188 करोड़ रुपये वहीं, जून में 2022 के दौरान करीब 180 करोड़ रुपये ट्रेजरी में जमा किये गये। अपनी शराब नीति को सफल बताने वाली सरकार के दावे तब हवा हवाई हो गये, जब नवंबर महीना पहुचते तक आबकारी विभाग को मिलने वाले राजस्व में 500 करोड़ की गिरावट आयी। शराब कारोबार से जुड़े लोगों की माने तो इस नयी शराब नीति के कारण राज्य को अब तक 1000 करोड़ का नुकसान हो चुका है। यदि इसके वजहों को समझने का प्रयास करें तो एक प्रमुख बात जो निकल कर सामने आती है, वह है ब्रांडेड शराब की जगह नयी कंपनी के शराब का बाजार में उपलब्ध होना। इसके अलावा एमआरपी से अधिक मूल्यों पर भी शराब बेचने की शिकायतें आ रही हैं।

हेमंत सोरेन की सरकार में शराब नीति प्रारंभ से ही विवादित रही है। मिहिजाम वनस्पति नामक कंपनी, जिसके खाते में महज चंद हजार रुपये ही थे, उन खातों में रातों रात करोडों रुपये जमा कर राज्य में शराब बेचने का ठेका दिया गया। शराब व्यापार पर नियंत्रण रखने वाले अधिकांशतः मिहिजाम और जामताड़ा से संचालित होते रहे। फिर खास मकसद से फायदा पहुंचाते हुए दुबारा शराब नीति में संशोधन कर छत्तीसगढ़ की कंपनी को शराब के कारोबार करने का लाइसेन्स दिया गया। यही कंपनी सरकार के विधायकों के छत्तीसगढ भ्रमण में हुए करोडों रुपये के खर्च का पूरा भार उठाती है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता कर छतीसगढ़ की उन चार कंपनियों के नाम पहले ही सार्वजनिक कर दिए थे, जिन्हें सरकार ने निविदा जारी होने के बाद राज्य में शराब बिक्री का जिम्मा सौंपा। जिस तरह दिल्ली में मनीष सिसोदिया और शराब माफिया की साठगांठ का खुलासा जांच एजेंसी ने किया है, संभव है कि झारखंड में भी जल्द ही ऐसे मामलों का उद्भेदन हो।

फिलहाल इस वक़्त एक चर्चा चल रही है कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की कंपनी का अनुबंध रद्द कर पुनः आबकारी विभाग के माध्यम से शराब की बिक्री करने की योजना बना रही है। नियोजन नीति, स्थानीय नीति के बाद शराब नीति पर सरकार का बार बार स्टैंड बदलना कई प्रश्नों को जन्म देता है।

आखिर ऐसी सी कौन सी विवशता आ रही है कि राज्य सरकार की हर नीति असफल साबित हो रही है? यह माननीय मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आत्मचिंतन कर सुनिश्चित करना होगा कि विशेषज्ञों से राय लेकर निजी स्वार्थ से इतर राज्य की जनता के हित में नीतियों का निर्धारण हो और निविदा सबंधित क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से हो। राज्य में सरकार गठन के पहले शराबबंदी का चुनावी वादा करने वाले हेमंत सोरेन के लिए यह स्थिति अपने आप में विचित्र है। हालिया स्थिति को देखकर सवाल तो यह उठ रहे हैं कि क्या उन्हें सच में राजस्व की चिंता है या इसमें भी उनका कोई निजी स्वार्थ छुपा है?

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**



**आखिर ऐसी सी कौन सी विवशता आ रही है कि राज्य सरकार की हर नीति असफल साबित हो रही है? यह माननीय मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आत्मचिंतन कर सुनिश्चित करना होगा कि विशेषज्ञों से राय लेकर निजी स्वार्थ से इतर राज्य की जनता के हित में नीतियों का निर्धारण हो और निविदा सबंधित क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से हो।**

## जमशेदपुर की खबरें

# बुजुर्गों के आशीर्वाद में बहुत शक्ति है : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सर्दी से बचाव के लिए अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में हर हर महादेव सेवा संघ ने निरंतर कंबल वितरण अभियान जारी रखते हुए बस स्टैंड जेम्को, दास नगर बस्ती, भक्ति नगर बस्ती, कैरेज कॉलोनी, बाबा कुट्टी, टीना खोली, हरिजन बस्ती बमार्माइंस, बिरसानगर जोन नंबर 5, जोन नंबर 6, जोन नंबर 8, जोन नंबर 11, मुखी बस्ती बारीडीह, मुखी समाज 10 नंबर बस्ती, सिदगोड़ा, कंचन नगर, इसप्लांट बस्ती सहित अन्य कई स्थानों पर कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि समाज सेवा कार्य में हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए हमें अपनी आय का एक निश्चित अंश सामाजिक सेवाओं में खर्च करना चाहिए यह मान कर चलिए कि ऐसा करने वालों की जेब कभी खाली नहीं होती इस बात को हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा हर काम ईश्वर की नजर में हैं। इस सेवा के उद्देश्य से किये गये कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेंद्र सिंह, पप्पू राव, महेश मिश्रा, टोनी सिंह, संतोष यादव, सूरज यादव, सोनू खान, जोनी, राजकुमार सिंह, संतलाल पाठक, डी मनी, मुन्ना दीक्षित, त्रिनाथ मुखी, बिटटू मुखी, अखलेश मुखी, सुभम मुखी, सनी मुखी, जेक्की मुखी, सुदेश मुखी, भरत मुखी, संजय मुखी, रिंकू मुखी, विश्वनाथ मुखी, अजय मुखी, अन्नू श्रीवास्तव, सुबोध रविदास, मनोरंजन रविदास, सुरेश राम, भोला रविदास, अनूप रविदास, मनोज मुखी, कुंदन मुखी, कलसु मुखी, धीरज मुखी, मुन्ना बिरनेट, चेतन मुखी, आनंद मुखी, रामचरण मुखी, राजा मुखी, धरु चरण मुखी साथ ही हर-हर महादेव सेवा संघ के मुख्य रूप से अखिलेश पांडेय, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, विक्रम ठाकुर, धीरज चौधरी, बिनोद भिरभरिया, कार्तिक जुमानी, पिंटू भिरभरिया, विक्की तारवे, सूरज चौबे, विवेक मिश्रा एवं अन्य सदस्यों का मुख्य रूप से योगदान रहा।

# रियाजुद्दीन खान बने 15 सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सभी जिलों की 15 सूत्री कार्यांवयन समिति का गठन कर दिया गया है। जिला के रियाजुद्दीन खान का जिला 15 सूत्री कार्यांवयन समिति का सदस्य बनाया गया है। सूचना के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य रियाजुद्दीन खान समिति के सदस्य के रुप में मनोनयन किया गया है. रियाजुद्दीन खान एक अनुभवी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता है। रियाजुद्दीन खान के मनोनयन से अल्पसंख्यक कल्याण संबंधित सभी मामलों में पारदर्शी तरीके से शोषित पीड़ित एवं गरीब जनता का काम होगा। विदित हो कि यह समिति अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं का अध्ययन कर संवैधानिक तरीके से राज्य सरकार के दिशा निर्देश के अनुरुप उनक समाधान करेगी। इसकी जानकारी पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष आमिर सोहेल ने दी।

# गोलमुरी में कौशल मेला आज, डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पहल पर शहर के गोलमुरी नियोजनालय में 28 दिसंबर को एक दिवसीय कौशल मेला का आयोजन किया जाएगा।मेला को लेकर व्यापक जागरूकता लाने एवं ज्यादा से ज्यादा युवा को मेला में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी। मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव ने उपायुक्त कार्यालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को दिन भर प्रचार वाहन जिले के सभी प्रखंडों में जाकर युवाओं को कौशल मेला में शामिल होने को लेकर जागरूक करेगी। मौके पर उपायुक्त ने बताया पूर्वी सिंहभूम जिले के आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में अलग-अलग ट्रेडों में 03 माह का निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें जिले एवं राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष की हो वे निबंधन करा सकते हैं। कौशल मेला पूर्वाहन 10 बजे लेकर अपराह्न 04 बजे तक आयोजित होगा। इच्छुक उम्मीदवार अभिरूची के अनुरूप ट्रेड का चयन कर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया प्रशिक्षण अवधि में रहना,खाना,किताबें तथा यूनिफार्म की सुविधा भी निःशुल्क है। प्रशिक्षण के उपरान्त युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। उपायुक्त ने पूर्वी सिंहभूम जिले के युवाओं को प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की।

## एडीएम ने यातायात और सड़क सुरक्षा समिति के साथ की बैठक

# सड़क दुर्घटना, मुआवजा भुगतान, ट्रैफिक सिग्नल अधिष्ठापन, ब्लैक स्पॉट की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त समाहरणालय सभागार में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को एडीएम नन्दकिशोर लाल के नेतृत में आयोजित बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, एएसपी सिटी सुभांशु जैन, ट्रैफिक डीएसपी कमल किशोर, डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता, एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय कपूर, शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, रोड सेफ्टी टीम के सदस्य,पथ प्रमंडल के अभियंता सहित अन्य संबधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नवंबर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। नवंबर में कुल 22 सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। बैठक के दौरान सभी दुर्घटनाओं में कारणों की समीक्षा की गई। वही 04 सड़क दुर्घटना नेशनल हाईवे में एवं अन्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में घटी है। नेशनल हाइवे में 03 दुर्घटनायें ओवर स्पीडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुई। जिसको लेकर एनएचएआई को स्पीड लिमिट का साइनबोर्ड लगवाने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने पथ प्रमंडल के अभियंता को सड़क किनारे पेड़ की छंटाई तथा पेडों में रेडियम एवं साइन बोर्ड जगह-जगह लगाने के निर्देश दिए। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंद किशोर लाल ने सुंदरनगर से जादूगोड़ा के बीच सड़क में अत्यधिक स्पीड ब्रेकर के मामले को संज्ञान में लेते हुए पथ प्रमंडल के अभियंता को इसकी समीक्षा कर ब्रेकर में कमी लाने के निर्देश दिये। ट्रैफिक डीएसपी की अनुशंसा पर नवंबर महीने में 410 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गये लोगों से नवंबर माह में 44 लाख 91 हजार 700 रूपए जुमार्ना वसूला गया। मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर व मानगो पुल में बसें खड़ी कर सवारी बैठाने वालों से जुर्माना वसूलने का निर्देश एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने दी। बैठक में शहरी क्षेत्र में 07 जगहों पर ट्रैफिक सिग्नल का अधिष्ठापन प्रस्तावित है।

### ट्रैफिक सिग्नल लगाने की कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया

**जुस्को एवं टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि को जुस्को गोलचक्कर, परिसदन गोलचक्कर, ट्यूब गेट गोलचक्कर, लेबर ब्यूरो गोलचक्कर, ओल्ड कोर्ट मोड़, रंकिणी मंदिर कदमा और गोलमुरी चौक में यथाशीघ्र ट्रैफिक सिग्नल लगाने की कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया। टाटा के प्लांट से निकलने वाले वाहनों का पब्लिक रोड में आवागमन पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने चिंता जाहिर करते हुए कंपनी प्रतिनिधि को चालकों के लिए निर्धारित रूट में ही वाहन परिचालन करने का निर्देश देने की बात कही। उन्होंने कहा कुछ मामले सामने आए हैं जहां भारी वाहनों से सड़क दुर्घटनायें हुई हैं। जिले में चिन्हित 6 ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र के बडे-बड़े होर्डिंग लगाने का निर्देश दिया गया। मानगो, साकची, बिष्टुपुर, जुगसलाई, बर्मामाइंस एवं गोलमुरी गोलचक्कर में रोड सेफ्टी संबंधी होर्डिंग लगाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के एसडीओ को सभी निजी स्कूलों में 18 वर्ष से कम उम्र के स्कूली बच्चों द्वारा दो पहिया वाहनों का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एनएच एवं स्टेट हाईवे में ड्रंक एवं ड्राइव के कारण हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथम को लेकर हाईवे एवं ढाबा में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध कार्रवाई,हिट एंड रन मामले में मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गई । जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने तथा सुनहरा घंटा में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए 5000 रूपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। उन्होने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करें, सुनहरा घंटा में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को चिकित्सीय उपचार मिल जाने से जान बचाई जा सकती है।**

# वसुंधरा एस्टेट की भागवत कथा के दूसरे दिन दिखीं भगवान शिव और भगवान कृष्ण की झांकियां

**जमशेदपुर (आजाद सिपाहीह)।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को स्वामी बृजनंदन शास्त्री ने भगवान शिव एवं भगवान श्रीकृष्ण के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों के दर्शन कराये। आज की कथा में उन्होंने जड़ भरत एवं कपिल-देवहुति संवाद, सत्य और वक्त की चर्चा करते हुए लोगों से समय का सदुपयोग करते हुए भगवान का स्मरण करने को कहा, क्योंकि जो समय बीत गया वो दोबारा आयेगा नहीं, अतः मनुष्य के लिए सबसे कीमती वक्त ही है, जो पैसे से भी खरीदा नहीं जा सकता. उन्होंने कहा कि जड़ भरत जब तक संसार में रहे, अपने आचरण और व्यवहार से अपना ज्ञान प्रकट करते रहे और जब अंतिम समय आया, तो चिरनिद्रा में सो गये, ब्रह्म में समा गए. यह सारा जगत ब्रह्म से निकला है और ब्रह्म में ही समा जाता है। ब्रह्म की इस लीला को जो समझ पाता है, उसी को जगत में सुख और शांति प्राप्त होती है.।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मृतका रिंकी कुमारी के परिजनों को मंत्री की ओर से दिया गया पांच हजार का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के सोनदाग पंचायत अंतर्गत चौकड़ी गांव निवासी मृतका रिंकी कुमारी के परिजनों को मृत्यु की सूचना मिलने के साथ स्थानीय गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा पांच हजार रुपए का आर्थिक सहयोग पीड़ित परिवार को झामुमो के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के हाथों प्रदान किया गया। बताते चलें कि पिछले 20 दिसंबर को मजदूरों से भरा पिकप गाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर रंका गढ़वा मार्ग के बानुटिकर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमें मजदूरी करने जा रही रिंकी कुमारी भी सवार थी। वाहन दुर्घटना में रिंकी कुमारी को अधिक चोट लगने से बुरी तरह घायलावस्था में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस अवसर पर युवा कमेटी के अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने डीसी से श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा गया है कि श्री बंशीधर नगर एक ऐसा जगह है जिसकी पहचान जिला ही नहीं बल्कि देश स्तर पर भी है। साफ सफाई के मामले में नगर पंचायत की स्थिति बद से बदतर है। जगह जगह पर कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। चाहे एनसी कम्पनी की गली हो या फिर डॉ सिद्धनाथ प्रसाद की गली हो, बालिका उच्च विद्यालय हो या फिर डाकघर वाला बैल बाजार का गली हो, हर जगह कूड़ा का अम्बार लगा है। साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं, सिर्फ कागज पर। धरातल पर कोई कार्य नहीं होता है। आवेदन में श्री केशरी ने कहा है कि नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार सिर्फ अपनी कमाई का श्रोत देखते रहते हैं। दिन रात बचौलियों के माध्यम से उगाही में लगे रहते हैं। आवास का पैसा डालना हो तो पहले पैसा चाहिये या नया आवास देना हो तो पहले पैसा चाहिये। उन्होंने उक्त सभी मामलों की जांच कराकर सिटी मैनेजर पर कार्रवाई करने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने का आग्रह किया है। उन्होंने इस आशय की प्रति नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भी दी है।

## घर का ताला तोड़कर 55 हजार नकद सहित पांच लाख के जेवरात की चोरी

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी थाना अंतर्गत हलिवन्ता कला ग्राम में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में 55 हजार रुपये नगद सहित पांच लाख रुपये की सामान चोरी कर ली गयी है। इसे लेकर हलिवंता निवासी योगेंद्र चौधरी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि पुराने घर से ताला तोड़कर 55 हजार नकद सहित पांच लाख की गहना और अन्य सामग्री की चोरी कर ली गयी है। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशिक्षु एसआई चंद्रदेव राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। घर मालिक योगेन्द्र चौधरी ने थाना में दिये आवेदन के माध्यम से बताया कि वह अपने नये घर में परिवार और बच्चों के साथ रह रहे थे। मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि पुराने घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुराने घर में पहुंचने पर देखा कि घर के सभी कमरों का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि घर के कमरे में अलमीरा का ताला टूटा हुआ था, जिसमें 55 हजार नगद सहित बड़ी मात्रा में जेवरात और रखे गए कपड़े गायब हैं।

## मेराल पुलिस ने 200 किलो जावा महुआ किया नष्ट



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने क्षेत्र के बसरिया गांव में तीन जगहों पर छापेमारी कर करीब 200 किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया। इसके बाद मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बसरिया गांव में पहुंची, पुलिस को देखते ही शराब बनाने वाले निकल भागे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तीन जगह छापेमारी कर करीब 200 किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने वाले उपकरण को भी नष्ट कर दिये। छापेमारी अभियान में पुअनि संजय कुमार कुशवाहा के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**बैठक :** डीसी ने एनएच 75 पथ चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा संबंधित समीक्षा कर दिये निर्देश

# कार्य में लायें तेजी, 31 दिसंबर तक 80 प्रतिशत तक पूरा करायें

**अवार्ड निर्माण किये गये 37 ग्रामों का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली एवं पंजी-2 की अभिप्रमाणित छायाप्रति शीघ्र उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भू-अर्जन के तहत एनएच 75 सेक्शन 5 खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, संबंधित अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, हल्का कर्मचारी, जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल एवं एनएचएआई के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। सड़क चौड़ीकरण में रैयतों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने एवं मुआवजा देने हेतु अंचलवार समीक्षा की गई। एनएच 75 सेक्शन 5 खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर चर्चा करते हुए अद्यतन स्थिति से अवगत होने के उपरांत कार्य में तेजी लाते हुए कम से कम 80% तक कार्य 4 से 5 दिनों के अंदर पूर्ण कर लेने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त पथ चौड़ीकरण अंतर्गत कुल 37 ग्रामों का अवार्ड निर्माण किया जा चुका है। अंचल अधिकारी गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उंटारी को निर्देशित किया गया है कि अवार्ड निर्माण किए गए 37 ग्रामों का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली एवं पंजी-2 की अभिप्रमाणित छायाप्रति शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधियाची निकाय परियोजना निदेशक एनएचएआई मेदिनीनगर पलामू द्वारा कुल 18 ग्रामों का संरचना का प्राक्कलन (जिसके अंतर्गत रैयती/गैरमजरूआ/वन भूमि) प्राप्त है। शेष 8 ग्रामों का संरचना का प्राक्कलन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अंचल अधिकारी रमना, नगर उंटारी से अर्जनाधीन भूमि पर अवस्थित संरचना की भूमि का किस्म (गै.म., रैयती, जंगल-झाड़ी आदि) का अप्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अंचल मेराल अंतर्गत फ्लाईओवर के 3डी का कार्य हेतु अधियाची निकाय परियोजना निदेशक एनएचएआई, मेदिनीनगर पलामू के स्तर से लंबित है, जिसके लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। एफआरए से संबंधित रकबा 19.9018 हेक्टेयर भूमि का कार्य अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा एवं नगर उंटारी के स्तर से पूर्ण करने के पश्चात जिला कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसपर अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपायुक्त श्री घोलप द्वारा मौके पर उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त एनएच 75 सेक्शन 4 गढ़वा बाईपास के तहत ग्राम अचला नावाडीह (331) में कब्रिस्तान एवं ग्राम खजरी में एक किलोमीटर पर भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द करने हेतु निर्देशित किया गया।

### जिन अंचलों में शून्य प्रतिवेदन पाया गया, वहां के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को लगायी फटकार

**अंचलवार समीक्षा करने के दौरान जिन अंचलों में शून्य प्रतिवेदन पाया गया, उस पर उपायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को फटकार लगायी गयी एवं प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। भूमि अधिग्रहण से संबंधित कार्य का 80%, 31 दिसंबर 2022 तक निश्चित रूप से पूर्ण करने हेतु उपस्थित सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं हल्का कर्मचारी तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।**

## अतिक्रमण के कारण रजदहवा नदी नाले में हो चुकी है तब्दील

**घरों का गंदा पानी और फेंके जा रहे कचरे से नदी का पानी हो गया है जहरीला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** अतिक्रमण एवं घरों से निकलने वाले गंदा पानी से रजदहवा नदी आज नाले में तब्दील हो चुकी है। रजदहवा नदी के वर्तमान स्वरूप को देखकर विश्वास करना मुश्किल है कि रजदहवा नदी भवनाथपुर की लाइफलाइन हुआ करती थी। नदी के इर्द-गिर्द आबाद सैकड़ों घर के लोग नदी को अतिक्रमण करने के साथ अपने घरों का गंदा पानी नदी में ही बहाते हैं, जिस कारण यह नदी संकीर्ण होकर नाले में तब्दील हो गई है। एक जमाना था जब नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के साथ पेयजल के लिए भी इस नदी के पानी का इस्तेमाल होता था। लेकिन आज रजदहवा नदी के प्रदूषण का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसका पानी पड़ जाने की स्थिति में लोगों को नहाना पड़ता है। आज की तारीख में रजदहवा नदी प्रदूषण और अतिक्रमण की भेंट चढ़ अंतिम सांस गिन रहा है।

राजहदवा नदी की भौगोलिक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो नदी के किनारे किनारे सैकड़ों घर बने हुए हैं। इन घरों के सीवरेज का पानी तो नदी में बहता ही है, वहीं खस्सी मुर्गा काटने वाले दुकानदार प्रयोग में नहीं आने वाले मांस के टुकड़े नदी में बहा देते हैं। दूसरी ओर होटल संचालक प्रतिबंधित फोम के प्लेट कटोरी को थोक के भाव में नदी में फेंकते हैं जिस कारण नदी के सम्पूर्ण क्षेत्र में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इन सभी कारणों से नदी जहरीली होती चली जा रही है। वहीं प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

**नदी के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत :** नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है, यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया क्या तो भवनाथपुर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली नदी दम तोड़ देगी। इस संबंध में सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## छह दिवसीय बीसी सखी प्रशिक्षण संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित छह दिवसीय बीसी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को जेएसएलपीएस के डीपीएम सुरेश कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर अभिज्ञान प्रसून, डीएम विनोद राम और संस्था के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह और पंकज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। इस मौके पर सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। प्रशिक्षणार्थियों को आजीविका से जुड़ने के फायदे बताते हुए अन्य महिला सदस्यों को आर्थिक लाभ समझाने को कहा। महिलाओं को घर-घर जाकर बैंक मित्र का काम करने को कहा। इससे समूह की सदस्यों के साथ दूसरे ग्रामीणों से भी जुड़ाव बढ़े और आमदनी में वृद्धि हो सके। अभिज्ञान प्रशुन ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं अपने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दें ताकि वे बैंक का लाभ उठा सकें। इस मौके पर रुस्तम अली, सुरेंद्र रविदास उपस्थित थे।

**कोविड को लेकर जिला प्रशासन सजग**

## डीसी ने सदर अस्पताल पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कोविड-19 एवं इसके नये वैरीएंट बीएफ-7 को लेकर सदर अस्पताल पहुंच सभी सुविधाओं को लेकर मुआयना किया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सैंपल एवं उनके स्थिति से अवगत करायें। कोविड-19 के तहत हॉस्पिटल बेड, स्ट्रेचर, ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसंट्रेटर, वेंटिलेटर, मेडिसिन आदि स्टॉक रखें। उपायुक्त ने सिविल सर्जन, डॉक्टर अनिल कुमार सिंह को सुनिश्चित करते हुए कहा कि ऑक्सीजन बेड या वेंटिलेटर आदि यदि खराब हैं तो उन्हें ठीक कराने हेतु शीघ्र पत्राचार करने की कार्यवाही करें। कोविड-19 के नये वैरीअंट बीएफ 7 को लेकर एडवाइजरी के विभिन्न बिन्दुओं, कोविड-19 के वैक्सीन कवरेज, एवं इस पर मॉक ड्रिल कर जानकारी दें।

मौके पर उपायुक्त के अलावे एसडीओ राज महेश्वरम एससी पंकज सिंह यक्ष्मा पदाधिकारी कमलेश कुमार सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह डॉक्टर पीयूष प्रमोद अस्पताल प्रबंधक आदि अन्य लोग मौके पर उपस्थित थे।

## जंगली हाथी घर को ध्वस्त कर सभी अनाज खा गये, पीड़ित ने की मुआवजा की मांग

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत के ग्राम भौंरी तिसिया टोला निवासी कृष्णा राम पिता लक्ष्मण राम के घर को बीती रात्रि हाथियों ने ध्वस्त कर घर में रखे धान, मकई, अरहर, चना, गेहूं खा गए और चलते बने। इसके संबंध में कृष्णा राम की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि हाथी आने की आहट सुनाई देने पर डर के कारण लोग घर में दुबक कर जान बचाये। हाथी घर की दीवार को सुड़ से ध्वस्त कर दिये और घर में रखे अनाज को चट कर गये। उन्होंने बताया कि हाथी जब चले गए तब धीरे धीरे घर से बाहर निकले तो देखा कि क्विंटलो सारा अनाज खत्म हो गया। इस अवसर पर प्रमिला देवी ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## मंत्री के सहयोग से विभिन्न चौक चौराहों पर करायी गयी अलाव की व्यवस्था

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों पर ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से अलाव की व्यवस्था की गयी है। यह अलाव रंका चेकनाका, मजार शरीफ के पास, बस स्टैंड रंका, गढ़ फाटक के पास, दुर्गा मंदिर परिसर थाना मोड़ के पास अलाव की व्यवस्था झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी की देखरेख में किया जा रहा है। इस मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, उप सचिव राजकिशोर राम, कंचनपुर पंचायत के अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, युवा पंचायत अध्यक्ष मधुसूदन राम, सचिव लवली उरांव, रंका युवा पंचायत अध्यक्ष मोइन खान, अग्नि प्रज्वलित कर अलाव का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में दुकानदार भाई एवं ग्रामीण उपस्थित थे।


**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/15/2022-23(1st Call) Date :- 26.12.2022**

1. **Name of Work**-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2022-23 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-32 | 01 | 1329 | 514.22 | 05.15 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-33 | 01 | 1733 | 806.57 | 08.07 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-34 | 01 | 1924 | 691.60 | 06.92 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-35 | 01 | 1423 | 542.92 | 05.43 | 10,000.00 | 09 Months |
| 5 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-38A | 02 | 2051 | 637.15 | 06.38 | 10,000.00 | 09 Months |
| 6 | HZB/SVS_Cluster/ KATKAMDAG-38B | 05 | 1995 | 684.84 | 06.85 | 10,000.00 | 09 Months |
| 7 | HZB/SVS_Cluster/ KATKAMDAG-39 | 04 | 2085 | 718.82 | 07.19 | 10,000.00 | 09 Months |
| 8 | HZB/SVS_Cluster/ KATKAMDAG-1.21 | 02 | 2545 | 935.87 | 09.36 | 10,000.00 | 09 Months |
| 9 | HZB/SVS_Cluster/ KATKAMDAG-1.22 | 01 | 1463 | 543.46 | 05.44 | 10,000.00 | 09 Months |
| 10 | HZB/SVS_Cluster/ ICHAK-40 | 01 | 2121 | 720.66 | 07.21 | 10,000.00 | 09 Months |
| 11 | HZB/SVS_Cluster/ ICHAK-41 | 04 | 1974 | 654.82 | 05.55 | 10,000.00 | 09 Months |
| 12 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-13 | 01 | 1664 | 614.22 | 06.15 | 10,000.00 | 09 Months |
| 13 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-14 | 01 | 1388 | 502.56 | 05.03 | 10,000.00 | 09 Months |
| 14 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-49 | 02 | 1574 | 574.73 | 05.75 | 10,000.00 | 09 Months |
| 15 | HZB/SVS_Cluster/ KATKAMSANDI-44 | 03 | 1450 | 498.73 | 05.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 16 | HZB/SVS_Cluster/ BISHNUGARH-45 | 13 | 2069 | 684.38 | 06.85 | 10,000.00 | 09 Months |
| 17 | HZB/SVS_Cluster/ BISHNUGARH-46 | 03 | 2395 | 814.49 | 08.15 | 10,000.00 | 09 Months |
| 18 | HZB/SVS_Cluster/ TATIJHARIYA/ CHURCHU-47 | 06 | 2467 | 844.60 | 08.45 | 10,000.00 | 09 Months |
| 19 | HZB/SVS_Cluster/ KEREDARI-48 | 07 | 1537 | 599.76 | 06.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 20 | HZB/SVS_Cluster/ BARHI-50 | 02 | 2692 | 919.55 | 09.20 | 10,000.00 | 09 Months |
| 21 | HZB/SVS_Cluster/ BARHI-51 | 02 | 1956 | 751.60 | 07.52 | 10,000.00 | 09 Months |
| 22 | HZB/SVS_Cluster/ BARHI-52 | 01 | 1439 | 541.43 | 05.42 | 10,000.00 | 09 Months |
| 23 | HZB/SVS_Cluster/ BARHI-53 | 02 | 1863 | 732.47 | 07.33 | 10,000.00 | 09 Months |
| 24 | HZB/SVS_Cluster/ BARHI-54 | 02 | 1862 | 681.37 | 06.82 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-31.12.2022 up to 02:00 PM |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-06.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-07.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag<br>3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5. | Date of opening tender | Date:-09.01.2023 upto 03.00 PM |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division,**
**Hazaribag**

PR 286088 Drinking (Water and Sanitation)22-23*D


**खेलकूद :** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन खेले गये तीन मैच

# आरके पब्लिक, ब्राइट फ्यूचर और ज्ञान निकेतन ने जीते मैच

**सांसद वीडी राम व प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में छठे दिन दिन खेले गए तीन अलग अलग मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला को 80 रन से, ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने गनियारी कला धुरकी की टीम को तीन विकेट से हराया। वहीं तीसरे मैच में आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव बनाम ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के बीच खेले गए मैच के दौरान आरके पब्लिक स्कूल में सीनियर खिलाड़ियों के खेलने के कारण ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल को विजेता घोषित किया गया। मैच से पूर्व सांसद बीडी राम प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर अजीत कुमार के 47 और हर्षित के 32 रनों के सहयोग से 123 रनों का स्कोर खड़ा किया । ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंसार आलम ने दो विकेट लिया। 124 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला की टीम आर के पब्लिक स्कूल के गेंदबाज शौर्य तिवारी के घातक गेंदबाजी के सामने 43 रनों पर ही सिमट गई। शौर्य तिवारी ने आठ रन देकर पांच विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में गनियारी हाई स्कूल धुरकी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजय सिंह के 14 रनों के सहयोग से सभी विकेट खोकर 100 रन बनाये। ब्राइट फ्यूचर की ओर से दीपक ने 4 विकेट प्राप्त किये। खेलने उतरी ब्राइट फ्यूचर की शुरूआत काफी खराब रही परंतु निचले क्रम के बल्लेबाज आकाश कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंद पर 39 रन के सहयोग से सात गेंद शेष रहते सात विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के शौर्य तिवारी, दूसरे मैच में ब्राइट फ्यूचर स्कूल के आकाश कुमार को प्रतियोगिता के पदाधिकारी अशोक विश्वकर्मा, कमलेश कुमार दुबे, दीपक, पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी शमीम, शैलेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

अंपायर की भूमिका साहिल, विवेक, मोसिन खान, मनीष उपाध्याय, शुभम सौरभ ने निभाई। वहीं स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार ने निभायी। मैच के दौरान कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी, प्रिंस खान, मनीष पाठक और प्रभात कुमार ने निभायी।

इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, प्रवीण मिश्रा, आशुतोष रंजन, विनय पांडेय, आयुष तिवारी, प्रभात तिवारी, आलोक गुप्ता, प्रिंस खान, मनीष, अमित उपाध्याय, साहिल खान, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, सूर्य प्रकाश, हेमंत राज, अश्विनी चौबे, मनीष पाठक, प्रभात तिवारी, दुबे अभिषेक द्विवेदी उपस्थित थे।

## डकरा में जनता मजदूर संघ ने सूर्यदेव सिंह की जयंती मनायी




**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ के डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को संघ के संस्थापक सह पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती एवं संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम का 37वां जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जयंती समारोह की शुरूआत में स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के चित्र पर उपस्थित संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं मजदूरों ने बारी–बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही केक काटकर सिद्धार्थ गौतम के 37वां जन्मदिन मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित संघ के केन्द्रीय सचिव कमलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 1977 में जनता मजदूर संघ का स्थापना स्वः सुर्यदेव सिंह ने जब किया उसी समय कोयला क्षेत्र के वर्तमान स्वरूप की परिकल्पना कर उन्होंने संघ का संविधान बनाया। यही वजह है कि आज हमलोग मिलकर संगठित और असंगठित मजदूरों को श्रमजीवी वर्ग मानकर उनके लिए काम करते हुए संघ को आगे बढ़ाने के मुहिम में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दूरदर्शी मजदूर मसीहा के विचारों को आगे बढ़ाना गौरव की बात है। समारोह को गोल्टेन यादव, डीपी सिंह, चुरामन दास, मंतोष सिंह, संदीप सिंह छोटू, विकास दुबे, आनंद सिंह, कार्तिक पांडेय, शशि सिंह, गुल्फी देवी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर जितेंद नोनियां, संजय कुमार, अजय चैहान, अमिताभ बच्चन चैहान, बुटन चैहान, राजू शर्मा, टुपा महतो, निरंजन साव, रविंदर उरांव, एसएन मेहता, बंशी उरांव, नवी मियां, राम कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

## झामुमो मायापुर पंचायत कमेटी का गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक मायापुर पंचायत के चीना टॉड में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान तथा संचालन महेंद्र चौहान एव जैनुल खान ने संयुक्त रूप से किया। अनिल पासवान ने राज्य सरकार में चल रही कई कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में चिनाटांड़ के ग्रामीणों ने गांव के सड़क, पेयजल एवं आवास की समस्या से अवगत कराया। अनिल पासवान ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव की समस्या को लेकर वे संबंधित विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर झामुमो मायापुर पंचायत कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामदेव गंझू उपाध्यक्ष पप्पू गंझू , बीना देवी, सुधु मुंडा, सचिव दिलीप यादव , संयुक्त सचिव सुशील गंझू, संगठन सचिव ललिता कुमारी, पूनम कुमारी, प्रेम भोक्ता, कोषाध्यक्ष संजय गंझू, संयुक्त कोषाध्यक्ष रमेश गंझू , वही कार्यकारिणी सदस्य में सुभाष गंझू , नीलू देवी, सरिता देवी, रोशनी कुमारी, रीना कुमारी को बनाया गया ।सभी चयनित पदाधिकारियों को पार्टी के नीति और सिद्धांतों पर चलकर लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने का निर्देश दिया ।वही सभी पदाधिकारियों को प्रखंड के पदाधिकारियों के द्वारा फूल माला पहनाकर बधाई दिया। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष अरुण यादव, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, सक्रिय कार्यकर्ता शंभू दास, शाहिद अंसारी, हैदर खान,लालो रजक कलमतिया देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोहिणी परियोजना में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन, कामगारों को किया पुरस्कृत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। रोहिणी हाजरी घर के पास एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर डीडीएमएस हनुमंत राव ,महाप्रबंधक संजय कुमार, कन्वेनर रैलीगढ़ा पीओ ए एन सिंह,आई एसओ के रमेश कुमार,राजेन्द्र प्रसाद,कैलाश कुमार,मदन प्रसाद,अरुण कुमार, कलेश्वर महतो,अजय कुमार,परमेश्वर ठाकुर तथा जेसी एससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह, मनोज कुमार रजक उपस्थित थे ।सबसे पहले सेफ्टी ऑफिसर नीतीश झा के द्वारा खान सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।उसके बाद सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया ।स्वागत भाषण पीओ दिलीप कुमार सिंह ने दिया तथा कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश ने किया। बीड़ी महंत टीम के द्वारा सुरक्षा संबंधित गीत प्रस्तुत किया। वही एसओ सेफ्टी राजेंद्र प्रसाद ने सेफ्टी से संबंधित कविता प्रस्तुत कर कामगारों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया ।वही रेस्क्यू टीम के द्वारा सुरक्षा संबंधित एक डेमो प्रस्तुत किया गया। सुरक्षित कार्य करने वाले कई कामगारों को पुरस्कृत किया गया ।वही निरीक्षण दल के सदस्यों ने रोहिणी खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा नियमो के पालन करने के संबंध में अपनाये जाने वाले कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस मौके पर गोल्डेन प्रसाद यादव, शैलेश कुमार, ध्वजा राम धोबी, संजय प्रसाद, राघवेंद्र पासवान, राजेंद्र लोहार, मैनेजर दीपक कुमार, संदीप लिंडा, रितेश कुमार, जगरनाथ महतो, सुधीर कुमार सिंह, बालमुकुंद पांडेय, नरेश प्रसाद, जसवंत पांडेय, अवध बिहारी पांडेय, रामा उरांव, पयहारी भगत, प्रभु प्रसाद साहू, संजय आदि मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह ने खलारी सीओ को ज्ञापन सौंपा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह ने क्षेत्र के भूमिहीन एसटी, एससी परिवारों को सरकारी सुविधाएं दिलवाने के लिए अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया है कि हुटाप पंचायत अंतर्गत शांतिनगर से सटे डेमधौड़ा में रहने वाले मछुआरा व भुइयां परिवार विगत 70–80 साल से वहां रह रहे हैं। जिस भूमि पर वे रहते आ रहे हैं वह सरकारी भूमि है। इसी प्रकार लपरा पंचायत के मलार व भुइयां कई दशकों से जंगल झाड़ी भूमि पर रहते आ रहे हैं। जमीन का पट्टा नहीं होने के कारण ये सभी जनजातीय लोग प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। खलारी सीओ से आग्रह किया है कि क्षेत्र के दलित, वंचित, शोषित, एसटी, एससी, असहाय परिवार को भूमि आबंटन कर उन्हें प्रधामंत्री आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाय। ज्ञापन सौंपने में खलारी भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा एवं दिलीप पासवान साथ थे।

### खूंटी क्लब के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण


# टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित होगा खूंटी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** शहर की सबसे पुरानी और प्रसिद्ध सामाजिक संस्था खूंटी क्लब द्वारा मंगलवार को चार सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शशि रंजन, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो उपस्थित थे। उपायुक्त ने जरूरतमंदो को कंबल देकर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जरूरमतंदों की सेवा सबसे बड़ां पुण्य का कार्य है। ऐसे कार्यो में खूंटी क्लब की भूमिका सरहानीय है। उन्होने क्लब के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन खूंटी को टूरिज्म सर्किट में तब्दील करने की योजना बना रहा है। इसके तहत उलिहातू, डोंबारीबुरु, पंचघाघ जलप्रपात, रानी फॉल, पेरवाघाघ जलप्रपात, लतरातू जलाशय, उलुंग जलप्रपात समेत जिले की सभी सांस्कृतिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों को एक सर्किट से जोड़ टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना बनायी गई है। इसमे बहुत बड़ी राशि खर्च होने की उम्मीद है। इस योजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा औ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उपायुक्त ने कोरोना के संभावित खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि खूंटी जिला हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इससे पूर्व उपायुक्त व अन्य तिथियों के क्लब पहुंचने पर अध्यक्ष रंजीत प्रसाद एवं सचिव गणपत भगत के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने स्वागत किया। क्लब के प्रवक्ता ओमप्रकाश मिश्रा ने उपायुक्त को क्लब के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया। कहा कि खूंटी क्लब वर्ष 1931 से ही सेवा कार्य से जुड़ा है। कंबल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, सचिव गणपत भगत, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संगठन सचिव प्रदीप पांडेय, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदीप कुमार भगत, कृष्णा मिश्रा, ज्योतिष भगत, सुदामा साहू, संजय मिश्रा, किशोर गौंझू, राजू गुप्ता, नरेश गौंझू ,अनूप साहू ,सजल भगत, प्रेम तिवारी, मनोज साहू, नीरज चौरसिया, अशोक गुप्ता, मनोज लाल, श्रीकांत चौधरी, नकुल भगत, दामोदर प्रसाद आदि ने योगदान दिया।

## कुलांचे भरते हिरणों को देखना है, तो आयें बिरसा मृग विहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यलीवों के प्रेमियों के लिए खूंटी जिले का विरसा मृग विहार अपने स्थपना काल से ही कार्षण काप केंद्र रहा है। रांची-खूंटी मुख्य मार्ग पर कालामाटी गांव के पास जंगल के बीच बने बिरसा मृग विहार में कुलांचे भरते हिरणों, सांभल और चीतलों और पेड़ों पर उछल-कुद करते वानरों और अन्य जीव-जंतुओं को देखने का आनंद ही कुछ और है। यह मृग विहार लगभग 54 एकड़ भू भाग में फैला है। बिरसा मृग विहार के उद्यान में फूलों का पार्क भी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### बच्चों के लिए बना है एडवेंचर पार्क

बिरसा मृग विहार में बच्चों के मनोरंजन के लिए एडवेंचर पार्क बनाया गया है। एडवेंचर पार्क में कमांडो नेट, वर्मा ब्रिज, मल्टी वैन, ट्रेप्पोलिन, फ्लाइंग वाल, फ्लाइंग नेट, कारगो नेट, टायर स्विंग, जूम बाइक, हेमोक्स व हॉरिजेंटल लेडर लगाये गये हैं। यहां बच्चे मस्ती के साथ कलाबाजी कर सकते हैं। बिरसा मृग विहार में पूरे दिन आनंद लेने के लिए पांच रुपये का प्रवेश टिकट लेना होता है। यह उद्यान गुरुवार को बंद रहता है। बिरसा मृग बिहार में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। उद्यान परिसर के बाहर पार्किंग तो अंदर में कैंटिन की सुविधा है। इसके अलावा परिसर में जगह-जगह पीने का पानी और महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की भी व्यवस्था है। परिसर में वाच टावर हैं, जहां से पर्यटक पूरे उद्यान को निहार सकते हैं। उद्यान परिसर में फाउंटेन भी लगे हैं, जो लोगों को आकर्षित करती है।

## बचरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के प्रज्ञा केंद्र में चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा चार नंबर स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के प्रज्ञा केंद्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। केंद्र संचालक हरिनारायण महतो ने बताया कि रोज की तरह सोमवार की रात प्रज्ञा केंद्र को बंद कर वह अपने घर खलारी थाना क्षेत्र के बमने चला गया, जिसके बाद मंगलवार की सुबह प्रज्ञा केंद्र खोलने बचरा पहुंचा,जहां दुकान का ताला क्षतिग्रस्त होने पर उन्हें शक हुआ और प्रज्ञा केंद्र खोलने के बाद उन्हें चोरी होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि चोरी के डर से दुकान में ज्यादा पैसे को नहीं रखा था। चोरो ने दुकान का सीट तोड़कर प्रज्ञा केंद्र में रखे ?400 की चोरी कर ली। संचालक हरि नारायण महतो ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र में वह लेनदेन करने के लिए ज्यादा पैसे को नही रखता है। भुक्तभोगी के द्वारा इसकी सूचना पिपरवार थाना को दी गई, जिसके सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इधर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इस संबंध में रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बचरा के दुकानों की सुरक्षा के लिए जल्द ही बैठक कर सभी दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की जायेगी। इस तरह की घटना का उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा की है।

# मॉकड्रिल के माध्यम से डीसी ने कोराना प्रबंधन की तैयारियों का लिया जायजा



### मॉकड्रिल से तैयारियों को परखा गया

**मॉकड्रिल के दौरान कोराना प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियों को परखा गया। साइरन बजाते एक एंबुलेंस कोविड अस्पताल के मुख्य द्वार पर आकर रुका है। पीपीइ कीट पहने स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एक डमी कोविड संभावित मरीज को एबुलेंस से उतार जाता है। उसे स्ट्रेचर से कोविड वार्ड लाया जाता है। मरीज से उसकी परेशानियों की जानकारी ली जाती है। मौके पर उसकी जांच कर तुरंत ही जरूरी जांच की जाती है। ऑक्सीजन लेवल चेक किया जाता है। इसके पश्चात मरीज को आइसीयू कक्ष में लाया जाता है। जहां चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीज को आवश्यक उपचार दिया जाता है। मॉकड्रिल का आयोजन पूर्ण रूप से कोविड़ प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया। कोरोना से बचाव और इसकी रोकथाम को लेकर मंगलवार कों आज जिले के सभी निजी-सरकारी अस्पताल में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कोरोना के संभावित खतरे से बचाव और उचित प्रबंधन के लिए खूंटी प्रशासन पूरी तरह तैयार है। खूंटी स्थित कोविड अस्पताल में बेड, ऑक्सीजन, दवा सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था है। चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड के नये वेरिएंट बीएफ-7 से बचाव से संबंधित विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। ये बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कोराना प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कोविड अस्पताल में आयोजित मॉक ड्रील के पश्चात पत्रकारों से कहीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोराना के लक्षण का अनुभव होने पर तुरंत अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर जांच कराएं। इससे पूर्व उपायुक्त ने कोविड अस्पताल में कोविड के मरीजों के इलाज के लिए अधिष्ठापित ऑक्सीजन प्लांट, उपकरणों और बेड का अवलोकन का चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कोविड अस्पताल (एमसीएच परिसर) में निमार्णाधीन 50 बेडवाले प्री फैब्रीकेटेट कोविड अस्पताल के निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमसीएच 2 में चल रहे अन्य सभी कार्यों जैसे शेड निर्माण, पेभर ब्लॉक निर्माण आदि का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, डीएस विनय किंडो सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## 500 किलो जावा महुवा नष्ट किया

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के निमडीह गांव गुप्त सूचना के आधार पर करीब 500 किलो जावा महुवा नष्ट किया गया। पुलिस का अभियान अभी जारी रहेगा।

## साढ़े नौ एकड़ में लगी गांजा फसल को नष्ट किया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** थाना के मानकीडीह गांव में गुप्त सूचना के आधार पर करीब साढ़े नौ एकड़ में लगी गांजा के फसल को तमाड़ सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर नष्ट किया गया।

## कालीचरण मुंडा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में कांग्रेस पार्टी की और से कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा आज निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। इस यात्रा में कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में रायडीह मोड़ से डोरेयां मोड होते हुए तमाड़ खूंटी रोड होते हुए माकवादार तमाड़ अस्पताल थाना रोड होते हुए रायडीह मोड़ आकर जुलूस सभा में बदल गई। जिसकी संचालन संजय सेठ ने की सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज देश में लोग नफरत की राजनीति से तंग आ चुके हैं। युवा बेरोजगारी को लेकर परेशान हैं हर परिवार में महंगाई को लेकर खाने की थाली से सब्जी गायब है। लोग भारी आक्रोश में हैं। इसी का नतीजा है की तमाड़ में आज भारी तादाद में लोगों का जनसमर्थन हमें मिला जिस तरह राहुल गांधी देश में लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। खूंटी लोकसभा एवं पूरे झारखंड में लोगों को जोड़ने का काम कांग्रेस कर रही है। मौके पर पीसीसी डेलीगेट अजय साहू जिला महासचिव बुधराम मुंडा, तमाड़ युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे, धन्नजय महतो, दिनबंधु स्वांसी, उदय सिंह मुंडा, खगेश महतो, ललित सिंह मुंडा, जोमेन सेठ, अशोक महतो, पूर्ण चंद्र मुंडा, गुरु चरण मुंडा, संजय साहू, विरेंद्र साहू, अरविंद सिंह मुंडा, अमित लाला, अनुप महतो, ललिन महतो, महावीर सेठ, महावीर शतरूघन महतो, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो, पीसीसी डेलीगेट नइमुद्दीन खान, क्यूम अंसारी सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

## गांजा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल के दशम फॉल थाना क्षेत्र में तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्करों का नाम सुनील कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह और प्रदीप कुमार महतो है। सभी गांजा तस्कर रांची जिला के रहने वाले हैं। दशम फॉल पुलिस ने गिरफ्तार गांजा तस्कर के पास से एक स्कूटी 1 किलो 700 ग्राम गांजा और दो मोबाइल जब्त किया है।

## 20 दिसंबर से बुंडू डीएसपी कार्यालय में कामकाज ठप



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पिछले 20 दिसंबर से बुंडू डीएसपी कार्यालय में कामकाज ठप है, ज्ञात हो कि बुंडू डीएसपी ने 19 दिसंबर को महावीर मंदिर गली निवासी उज्जवल कुमार का बेरहमी से मार कर हाथ तोड़ दिया था और उज्जवल द्वारा न्यायालय मे डीएसपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। इस मामले मे डीआइजी जांच कर रहे है। उसके बाद से डीएसपी अपने कार्यालय से गायब है। आज *आजाद सिपाही* की टीम ने डीएसपी कार्यालय के चौकीदार नंदलाल से पूछताछ करने पर बताया गया की स्टाफ है जो खाना खाने गए हुए हैं। पिछले तीन चार दिन से यही बताया जा रहा है जबकि हकीकत यह है कि डीएसपी ऑफिस का दरवाजा पिछले 20 दिसंबर से बंद है।

## जंगली हाथियों ने धान और आलू की फसल रौंदी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के दोसीमा गांव में सोमवार देर रात जंगली हाथियों के झूंड ने उत्पात मचाते हुए धान के फसल को बुरी तरह से नष्ट कर दिया गांव के नागेश्वर महतो ने बताया कि उनके खेत में काट कर रखे धान जंगली हाथियों ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिससे लगभग 20 क्विंटल धान का नुकसान हुआ है। इसके अलावे गांव के आनंद महतो के लगे आलू के फसल को भी जंगली हाथियों ने रौंद डाला है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है एवं मुआवजा की मांग की है।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने केडीएच में की बैठक

खलारी। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक मंगलवार को यूनियन के केडीएच शाखा कार्यालय में अशोक लकड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन तनवीर आलम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक सचिव राजन सिंह राजा उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सिंह मिंटू, साबीर अंसारी, रंजन सिंह बिट्टु एवं अजय सिंह उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि राजन सिंह राजा द्वारा जानकारी दी गई की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक्का अर्जुन खड़गे एवं सोनिया गांधी की मध्यस्था से इंटक के विवाद को सुलझाते हुए जी .संजीवा रेड्डी की अध्यक्षता वाले इंटक को मान्यता दिया गया है। साथ ही इसके लिए उन्हे धन्यवाद दिया गया। वहीं कहा कि जी .संजीवा रेड्डी की अध्यक्षता वाले इंटक को मान्यता मिलने से आरसीएमयू को एनके एरिया में नयी शक्ति प्रदान हुई है। बैठक में आरसीएमयू के डकरा, केडीएच, रोहणी, पूरनाडीह, चूरी एवं जीएम यूनिट के नये सिरे से गठन के लिए प्रभारी अध्यक्ष और सचिव का भी चुनाव किया गया। जिसमें केडीएच परियोजना से अध्यक्ष बलवंत सिंह, सचिव देवशंकर मंडल, कोषाध्यक्ष विकास कुजुर, डकरा परियोजना से अध्यक्ष रमेश चौहान, सचिव राहुल गंझू, जीएम युनिट से अध्यक्ष साबीर अंसारी, पुरनाडीह परियोजना से अध्यक्ष बाबुलाल सिंह चैहान, सचिव राजेश सिंह परिहार, प्रभारी राजकुमार पासवान, रोहिणी परियोजना से अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रभारी संजीव रंजन सिंह एवं चूरी परियोजना से प्रभारी अशोक लकड़ा एवं सतेन्द्र सिंह का चयन किया गया। सभी शाखा पदाधिकारियों का उपस्थित मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा माला पहनाकर अभिन्नदन किया गया। बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री व विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह एवं विधायक एवं उपाध्यक्ष अंबा प्रसाद के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए यूनियन का यथाषिघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विक्की सिंह, बाबु खान, राजा केशरी, मनोज यादव, धुरा चैहान, शेरा चौहान, उत्तम नोनिया, सतिश चौहान, टुन्नु साव, कुंदन चौहान, मोनू सिंह, पवन राज सिंह, बब्लू सिंह, शुभम सिंह, रजीव सिंह, रूपेश मिश्रा, राहुल गंझू, कुंदन कुमार, राजकुमार पासवान, उमेश केवट, अजय भोला, रवि उरांव, राजू सिंह, चितरंजन सिंह सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग उपस्थित थे।

## नगड़ी के बालालौंग बस्ती से 150 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त



**गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से की छापामारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित बालालौंग बस्ती से उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर मंगलवार को 150 पेटी अवैध शराब जब्त किया है। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग इलाके में शराब माफिया बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर रांची पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने दोपहर में संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक एस्बेस्टस के मकान में रखे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। जब्त शराब की पेटियों में ओल्ड मोंक और ट्रीपल एक्स रम की बोतलें भरी थीं। जब्त शराब में अरूणाचल प्रदेश की मुहर लगी है। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस मकान मालिक का पता लगाने में जुटी है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक आभाष कुमार, उत्पाद विभाग के एसआई प्रदीप शर्मा, नगड़ी थाना के अवर निरीक्षक इंद्रदेव उरांव सहित अन्य पुलिस कर्मी और उत्पाद विभाग के कर्मी शामिल थे।

## नगड़ी आजसू पार्टी के युवा नेता जलधर महतो की स्कॉर्पियो की चोरी




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के नारो निवासी आजसू पार्टी के युवा नेता जलधर महतो की काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी सोमवार रात चोरी हो गयी। जलधर महतो ने नगड़ी महतो टोली निवासी अपने दोस्त राजेश महतो के घर के बाहर अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो जिसका नंबर जेएच 01 डीएन 7307 है, को सोमवार रात में आठ बजे खड़ी की थी। अज्ञात चोर रात लगभग 01 से 03 बजे के बीच गाड़ी की चोरी कर ले गए। राजेश महतो जब रात बारह बजे के आसपास घर के बाहर निकले तो गाड़ी वहीं खड़ी थी, पर सुबह जब पांच बजे घर से बाहर वे निकले तो देखा गाड़ी वहां नहीं थी। इस संबंध में स्कॉर्पियो के मालिक जलधर महतो ने नगड़ी थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। जलधर अक्सर अपनी गाड़ी को अपने दोस्त के घर के सामने ही रात में खड़ी करते थे। अपनी नयी गाड़ी के चोरी हो जाने से आहत जलधर महतो ने लोगों से वाहन के कहीं दिखने पर मोबाइल नंबर 9693921205 पर सूचना देने का अनुरोध किया है। सूचना देने वाले को 21000 रुपये इनाम भी देने की घोषणा करते हुए लोकल वाट्सअप ग्रुप में चलवाया है।

## इटकी में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान दूसरे दिन भी जारी



**इटकी (आजाद सिपाही)।** अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध इटकी पुलिस की छापामारी अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। थाना क्षेत्र के नारी गांव में नदी के ऊपर अवैध शराब बनाने की सूचना पर पुलिस वहां थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में सादे लिबास में पहुंची व करीब तीन सौ किलो महुआ जावा को नष्ट करने के अलावा शराब बनाने के उपकरण व शराब भट्टी को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार छापामारी अभियान अभी जारी रहेगा।

## रोमांचक मुकाबले में नामकुम ने मेकान को 1-0 से हराया



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्णरिखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत स्वर्णरिखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के मैदान में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में सावना लकड़ा एफसी नामकुम की टीम ने गत विजेता मेकान स्पोर्ट्स रांची की टीम को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। खेल के पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर हावी रही, लेकिन गोल करने में दोनों ही टीमें असफल रही। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोल रहित रहीं। खेल के दूसरे हाफ में नामकुम की टीम मेकान की टीम पर पूरी तरह हावी रही। इस दौरान नामकुम के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई अवसर गंवाए। नामकुम की ओर से फूलचंद हेम्ब्रम ने 50वें मिनट में हेडर से शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई, जो खेल के अंत तक निर्णायक साबित हुआ। मैच के मुख्य अतिथि रांची जिला आजसू के वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा व विशिष्ट अतिथि दक्षिण छोटानागपुर पेट्रोलियम डीलर संघ के अध्यक्ष हंसराज मिश्रा ने शानदार खेल के लिए नामकुम के खिलाड़ी रंगलाल मुर्मू को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथि के रूप में चमरू बेदिया, उपमुखिया चरण बेदिया, जयनंदन सिंह, अजगुत करमाली, जगदीश रजवार, रथुवा मुंडा, अशोक रजवार मंच पर उपस्थित थे। मैच के सफल संचालन में समिति के संरक्षक फारूक खान, अध्यक्ष राजेश पहान, सचिव प्रकाश कुमार यादव, शिवधर रजवार, बलराम कुमार साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**कार्यक्रम : खिजरी विधायक ने गेतलसूद में धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा**

# प्रत्येक गांव में सरना स्थल की घेराबंदी एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया जायेगा

**श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद की सभा में विधायक ने ग्रामीणों को अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने का किया आहवान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




धुमकुड़िया भवन निर्माण का शिलान्यास एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का उद्घाटन करते विधायक राजेश कच्छप।

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप नें मंगलवार को गेतलसूद के बजरंग चैक में कल्याण मद से स्वीकृत धूमकुड़िया भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ लोगों को उनकी सदियों पुरानी सामाजिक, पारंपरिक और सांस्कृतिक मान्यताओं से भी परिचित कराने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने ग्रामीणों को अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने का आहवान किया। इस अवसर पर श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद द्वारा एक सभा का भी आयोजन किया गया।

सभा के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि लोगों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उनकी कोशिश है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे।

कहा कि आने वाले समय में खिजरी विधानसभा के हर गांव-टोला में सरना स्थल की घेराबंदी और सौंदर्यीकरण कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। संचालन अजय तिर्की ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया शांति मुण्डा, रोशन मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, ग्रामप्रधान जितेन्द्र उरांव, राजदेव पहान, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, सरिता देवी, शहनाज खातुन, जितेन्द्र महतो, शिवदास गोस्वामी, महेश गंझु, साकीर अंसारी, सफीक अंसारी, सिद्दिक अंसारी, छोटेलाल महतो, कुलेश्वर मुंडा, अब्बास अंसारी, रेशमी देवी, मुन्ना टोप्पो, बिरसा कच्छप, जयंती उरांइन, संजोति, सीता उरांव, गणेश भोगता, बबलु लकड़ा, दशरथ मुण्डा, बिट्टु उरांव आदि मौजूद थे।

## खबर का असर : किशुन महतो के बेहतर इलाज के लिए ग्रामीण हुए एकजुट

**ग्रामीणों ने बैठक कर किशुन महतो के इलाज में बढ़-चढ़ कर सहयोग करने का लिया निर्णय**

**टाटीसिलवे थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार को दिया पांच हजार रुपये का सहयोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** जिंदगी और मौत से जूझ रहे किशुन महतो से संबंधित खबर दैनिक 'आजाद सिपाही' में छपने के बाद चतरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को एक सामूहिक बैठक की। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में किशुन महतो के बेहतर इलाज के लिए ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग करने का निर्णय लिया। कहा कि हर हाल में किशुन महतो की जिंदगी को बचाने की कोशिश की जाएगी। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने आगे बढ़कर पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिया। वहीं सरकार से किशुन महतो के इलाज के लिए चिकित्सा अनुदान योजना राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

मौके पर टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। कहा कि इस संकट की घड़ी में वे परिजनों के साथ हैं।

मौके पर सुकूल महतो, महमुद अंसारी, तौहिद आलम, रोहित महतो, मंजु देवी, मोहरी देवी, हरिचरण महतो, बसंती देवी, आर्दश महतो, जलेश्वर लोहरा, भोला महली, शांति देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक पवन कुजूर (18), पिता जयमंगल कुजूर, गंगड़ा नवा टोली बसिया गुमला निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पर एएसआई अक्षय सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे व शव को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले आये। मृतक के पिता जय मंगल कुजूर ने बताया कि पवन अपने घर से सुबह सात बजे भरनो जाने की बात कह कर निकला था। मृतक के बड़े भाई पंकज कुजूर ने बताया कि मेरा छोटा भाई पवन कुजूर गोस्सनर कॉलेज रांची में स्नातक प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहा था। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को रिम्स भेज दिया।

## नारो बाजारटांड़ में कम वजन तौलने पर किसानों ने की व्यापारी की जम कर पिटाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी स्थित प्रसिद्ध नारो बाजार टांड़ में कम वजन तौलने का मामला दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। इस बात को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया नारे भी लगाये। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लोधमा घुनसूली गांव के किसान संजय साहू अपनी मटर को बेचने आया था। एक व्यापारी भोला अंसारी ने 25 रुपये किलो की दर से मटर लिया। किसान संजय साहू ने मटर को तौलने के लिए जैसे ही तौल मशीन पर चढ़ाया, व्यापारी का साथी पीछे से एक रिमोट दबाकर वजन कम कर दिया।

संजय ने वजन कम करते उसे पकड़ लिया और हंगामा शुरू कर दिया। किसान संजय ने बताया कि साढ़े पांच क्विंटल मटर घर से वजन कर बाजार लाये थे। यहां व्यापारी से तौलने को कहा तो रिमोट से वजन कम कर दिया। हंगामा सुनकर वहां दर्जनों किसान पहुंच गये और व्यापारी की जमकर धुनाई कर एक कमरे में बंद कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही नगड़ी पुलिस व्यापारी को पकड़कर नगड़ी थाना ले गयी। इधर किसानों ने कहा कि कम तौलने वाले व्यापारी को चेतावनी दी जाती है कि अगर नगड़ी के नारो बाजार टांड़ में सब्जी कम वजन करते पकड़ाया तो सीधे सैकड़ों किसानों के बीच उसे कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक किसान ने नगड़ी थाना में कोई प्रथामिकी दर्ज नहीं करायी है।

**हत्या या आत्महत्या : मैदान में पेड़ पर लटका युवक का शव मिलने पर जुटी ग्रामीणों की भीड़**

# परिजनों ने उसके दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** मंगलवार सुबह नामकुम पुरूलिया रोड से सटे जोरार गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव का ही एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान जोरार निवासी करमा मुंडा का 20 वर्षीय पुत्र रितिक मुंडा के रूप में की गयी है। जानकारी होने पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने युवक की हत्या का आरोप दोस्तों पर लगाया। पिता ने बताया कि रितिक का मोबाइल एक दिन पहले गुम होना एक सोची समझी साजिश के तहत रितिक की हत्या है। वहीं, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझ सके। जानकारी के अनुसार रितिक का शव जोरार गांव स्थित पेप्सी मैदान में लगे बेल पेड़ पर उसी के जैकेट की रस्सी के सहारे लटकता बरामद किया गया। रितिक सोमवार शाम अपने दोस्तों के साथ घुमने निकला था। जब देर रात तक रितिक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने रितिक की हर जगह खोजबीन की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार सुबह परिजनों को पेप्सी मैदान में बेल पेड़ पर शव के लटके होने की जानकारी मिली तो परिजनों में हड़कंप मच गया। दौड़े-दौड़े मौके पर गये तो रितिक का शव पेड़ पर लटका देखा। देखते ही देखते गांव के लोग घटना स्थल पर इकट्ठा हो गये। सूचना पर नामकुम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया।

### पेप्सी मैदान बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

इधर ग्रामीणों ने आजाद सिपाही से बात करते हुए बताया कि हर रोज मैदान में शराब पीने वालों पर पुलिस का किसी प्रकार का अंकुश नहीं है। यही कारण है कि अंधेरा होते ही पैप्सी मैदान में शराब पीने और जुआ खेलने वाले लोग शराब की बोतलें लेकर पहुंच जाते हैं और खुले में ही शराब पीते नजर आते हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को अन्य शराबियों से हमेशा डर बना रहता है। शराबी कई बार आम लोगों को गालियां देकर उनसे बिना किसी कारण के भिड़ जाते हैं। यह जानकारी पुलिस को भी है, लेकिन शराब पीने वालों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही की जा रही है। शराब पीने वाले रोजाना अंधेरा होने पर मैदान में अपनी महफिल जमा लेते हैं।

### पूर्व थाना प्रभारी प्रवीण झा से डरते थे शराबी

नामकुम पुलिस के पूर्व थाना प्रभारी प्रवीण झा के समय यहां पर शराब पीने वाले घबराते थे, क्योंकि वे अपने दल बल के साथ यहां पर छापामारी कर कार्रवाई करने पहुंच जाते थे। जिससे यहां पर तब शराब पीना लोगों ने बंद कर दिया था। लेकिन उनके यहां से ट्रांसफर होते ही पैप्शी मैदान पर शराबियों की फिर से महफिलें जमने लगी हैं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## उप विकास आयुक्त ने किया कांके प्रखंड में मनरेगा पार्क का निरीक्षण और भ्रमण



**कांके (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा कांके प्रखंड अंतर्गत उपर कोनकी पंचायत के मारवा जंगल टोली अवस्थित मनरेगा पार्क का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। मनरेगा पार्क में मनरेगा से क्रियान्वित आम बागवानी, नाडेप, टीसीबी, वर्मी कंपोस्ट, सिंचाई कूप, गाय सेड, बकरी शेड, दीदी बाड़ी, पशु रोधक खाई, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का अवलोकन किया। योजनाओं में कार्य कर रहे मजदूरों से बात कर उनकी परेशानियों के बारे जाना तथा कार्य स्थल पर आवश्यक सुविधा मेडिकल कीट, छाया शेड अन्य की जानकारी ली। साथ ही मस्टर रोल का भी अवलोकन किया गया। आयुक्त ने योजना क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर परियोजना पदाधिकारी ऋतु राज, मनरेगा बीपीओ मंतोष कुमार सिंह, सहायक अभियंता प्रदीप दास, प्रखंड समन्वयक सुभाष साहू, कनीय अभियंता सहजाद अख्तर, मो. हसन, सुमन प्रताप गांगुली सहित प्रखंड कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, योजना मेट उपस्थित थे।

## बेड़ो के नेहालू केनाभीठा में मुखिया ने आंगनबाड़ी भवन की रखी आधारशिला



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालू केनाभीठा गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन के बाद पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत ने नारियल फोड़ कर आधारशिला रखी। मौके पर मुखिया ने कहा गांव की हर बुनयादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किया जा रहा है। गांव के विकास के लिए हर जरूरी निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने में तत्परता के साथ लगा हूं। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से ग्रामीणों की मांग के बाद बनने वाले इस भवन से बच्चों व ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, वार्ड सदस्य, पंसस विदेश मुंडा, मीर मुस्लिम, कुतलु लोहरा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम ने चाड़ू पंचायत के डाटमा गांव में किया युवा सम्मेलन का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी के द्वारा मंगलवार को चाड़ू पंचायत के डाटमा गांव में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में युवक-युवतियों को विवेकानंद के बताये गए रास्ते पर चलते हुए कैसे अपने स्वयं का और अपने गांव को विकास की ओर लेकर जाया जा सकता है बताया गया। साथ ही जैविक खेती करने एवं शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मेलन में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव भावेशानंद महाराज जी, ब्रह्मचारी राजिव चैतन्य, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो, पूर्व मुखिया नीलमोहन पाहन, अमृत महतो, सुनील कुमार महतो, संजीव कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, पवन कुमार महतो, वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्टार इलेवन बड़ागाई टीम बनी इनामी क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बीपीएल कमेटी भांटबोड़ेया के तत्वावधान में आयोजित इनामी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को स्टार इलेवन बड़ागाई व क्रिकेट टीम बुढ़मू के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बड़ागाई टीम विजेता बनी। फाइनल मैच में बतौर अतिथि खखरा मुखिया दशरथ उरांव, साइंस विजन स्कूल मारवा के निदेशक आसिम अख्तर, झामुमो नेता अमजद खान मौजूद थे। मौके पर अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की पहचान होती है। साथ ही खेल समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। विजेता टीम को 25 हजार नगद तथा ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 20 हजार नगद अतिथियों ने प्रदान किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में तस्लीम अंसारी, रवि पुरी, साजिद अंसारी, उमाशंकर कुमार, रामकृष्ण महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## सिकिदिरी क्षेत्र के विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंटों में की गयी छापामारी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी पुलिस के द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न होटल व रेस्टोरेंटों मे छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान स्वर्णरिखा रेस्टोरेंट के बियर बार में लाईसेंस की जांच की गई। जांच में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, एसआई अरूण कुमार सिंह एवं उत्पाद विभाग के अधिकारी सहित पुलिस जवान शामिल थे। वहीं थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि एवं एस.आई. अरूण कुमार सिंह द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब छापेमारी के दौरान सिंगारी चौक से बहरन बेदिया, पिता सहरू बेदिया को अवैध शराब रखने के अरोप में गिरफ्तार कर लिया एवं गिरफ्तार व्यक्ति को उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला ने दीर्घकालीन कर्मचारियों को किया सम्मानित



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने संस्थान में दीर्घ कालीन सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। इसके लिए कारखाना परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता एवं एचआर हेड अजीत तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला में कर्मचारियों ने कम्पनी में दीर्घ कालीन सेवा देकर कम्पनी के उत्तरोत्तर वृद्धि में अपना अमूल्य योगदान दिया है,वैसे कर्मचारियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुल 99 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने कम्पनी के उत्तरोत्तर वृद्धि में अपना अमूल्य योगदान देकर अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर संस्थान को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया आज वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इन्हीं कर्मचारियों के बल पर आज रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज समृद्धि के मार्ग पर प्रशस्त है। इनके दीर्घ कालीन सेवा को समर्पित भाव से दिये गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि हमारे सहकर्मी बंधुओं ने दीर्घ कालीन तक अपनी कर्मठता,लगन एवं मेहनत से सेवा करते हुए संस्थान के प्रगति की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हमारा संस्थान इन समस्त सहकर्मी बंधुओं का सदैव कृतज्ञ है। मौके पर मानव संसाधन विभाग के अमित माहेश्वरी,ज्योत्स्ना सिंह,अभय द्विवेदी,मनोज सिंह,विनय तिवारी,अखिलेश चौबे,नरेंद्र दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# माइंस संचालक की मनमानी से स्कूली बच्चे व राहगीरों में भय, अधिकारी मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पी डब्ल्यू डी रोड किनारे अवस्थित बरदाग पत्थर खदान मालिक की मनमानी से स्कूली बच्चें, ग्रामीण व राहगीरों में भय की स्थिति बनी हुई है। नियम के विरूद्ध कभी भी अचानक ब्लास्टिंग किया जाता है। फिर भी संबन्धित अधिकारी इस पर मौन धारण किए हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बरदाग स्टोन माइंस के पत्थर खदान में ब्लास्ट से ग्रामीण ही नही बल्कि राहगीर भी डरे सहमें रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खनन के लिए हो रहे बलास्ट के दौरान पत्थरों के टुकड़े दूर दूर तक जा गिरता है। जिससे आस पास के खेतों में काम कर रहे किसानों और पशु चरा रहे चरवाहे को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।पत्थर माइन्स में ब्लास्ट के दौरान संचालक द्वारा लोगों को सूचित भी नहीं किया जाता है। विदित हो कि बीते 8 अक्टूबर को ब्लास्ट के दौरान एक मजदूर की मौत उक्त माइन्स में पत्थर से चोटिल होने से हो गया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नियम विरूद्ध हो रहे बलास्ट पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग किया था। बाबजूद इसके माइंस संचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिससे आस पास के ग्रामीणों में अक्रोश है।



## हुसैनाबाद कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के तिवारी कॉम्लेक्स परिसर में सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी हुसैनाबाद की कमिटी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह ने किया। इस बैठक के प्रभारी के रूप में मशहूर अहमद मौजूद रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सत्यनारायण सिंह प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, हसनैन जैदी मुख्य रूप से शामिल रहे। इस बैठक की समीक्षा जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक एवं जोनल कोऑर्डिनेटर भीम कुमार जी ने संयुक्त रूप से मिलकर किया 'बैठक के दौरान प्रखंड कमिटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया 'समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार,जनहित से जुड़े मुद्दों का निराकरण का प्रयास समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी शंभू सिंह, अवध बिहारी सिंह, रघुराई यादव, किसान तिवारी, यासीन अंसारी, जुबेर आलम, राजेंद्र पासवान, राकेश ठाकुर, प्रेम शंकर ओझा, अंबिका सिंह, अनुराग प्रसाद, राजेश तिवारी, लव चौधरी, गुप्तेश्वर तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, अर्जुन चंद्रवंशी, अखिलेश द्विवेदी, नीरज सिंह सहित सभी प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पांडू थाना भवन का ऑनलाइन किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांडू।** पांडू प्रखंड में मंगलवार के दिन झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन ने नवनिर्मित पांडू थाना भवन का ऑनलाइन किया उद्घाटन। बताते चले की इससे पूर्व जब पांडू को पिकेट से 2010 में थाना का दर्जा दिया गया तो उस समय से पांडू थाना को पुराने हॉस्पिटल के बिल्डिंग में संचालित किया जा रहा था। काफी जर्जर बिल्डिंग में किसी तरह थाना संचालित होता था, परंतु पांडू बाजार से महज दो किलोमीटर दूर मदनपुर में नया थाना भवन बनाकर तैयार किया गया, जिसे मंगलवार के दिन मुख्यमंत्री जी के हांथो नवनिर्मित पांडू थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित थाना भवन से अब थाना को संचालित करने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर उपस्थित पांडू थाना प्रभारी धुमा किस्कू ने नए थाना भवन मिल जाने के पश्चात पुलिस अधीक्षक पलामू एवं झारखंड सरकार को सराहना की है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पांडू कृष्ण विजय सिंह, मुखिया मदन राम, शशि भूषण पाल, राम कुमार यादव, पूनम देवी, इसरार अहमद, चंदन मेहता, प्रवेश साव, बिनोद पासवान, वही पांडू थाना से, मनोज कुमार, संजीव कुमार, प्रेमचंद महतो, बुद्धि पासवान, राम जी पासवान,के साथ -साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में लगा जनता दरबार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बिश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने लोगों की फरियाद सुनी। जानता दरबार में सबसे ज्यादा जमीन और वृद्धा पेंशन का मामला आया। बीडीओ ने कई समस्याओं का समाधान तो ऑन द स्पॉट करा दिया। कई समस्याओं को सूचीबद्ध कराया। बीडीओ श्री हेंब्रम ने कहा कि उपायुक्त के दिशा निर्देश पर आम लोगों के समस्या समाधान हेतु प्रत्येक मंगलकर को जनता दरबार लगाया जाता है। प्रखंड के किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी हो तो वह जानता दरबार में आ कर अपनी समस्या रखे, उसका समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# पलामू सीएस के रूप में अशोक कुमार ने दिया योगदान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन होने के नाते आम लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना मेरा दायित्व है।कैसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दी जाए,इस ओर मेरा प्रयास होगा।आज पूरी दुनिया कोरोना महामारी के आतंक से कराह रही है।पलामू जैसे जिले के लिये भी इस महामारी से लोगो को बचाने की अहम जिम्मेवारी निभानी है। उक्त बातें पलामू के नए सिविल सर्जन अशोक कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहीं। अशोक कुमार ने कहा कि पलामू आर्थिक रूप से पिछड़ा जिला है।यहां के अधिकांश लोग सरकारी स्वास्थ सुविधा पर निर्भर हैं। ऐसे जरूरतमंदों को कैसे अच्छी स्वास्थ सुविधा दी जाए यही मेरी प्राथमिकता है।अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय मे कोरोना के नए वैरिएंट से आम लोगों को बचाने की चुनौती है।अगर सभी लोग सरकारी गाइडलाइन का पालन करें तो इस समस्या से भी हम निपट लेंगे।

# अवैध देशी शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर(पलामू)।** पुलिस ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में अवैध देशी शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ आज जोरदार अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कई शराब भठ्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने 30 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। इसके अलावे कई लीटर निर्मित देशी शराब को नालियों में बहा दिया। अभियान का नेतृत्व एएसआई अनंत कुमार सिंह व वीरेंद्र तिवारी संयुक्त रूप से कर रहे थे। अनंत कुमार सिंह ने कहा कि अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान निरंतर चलता रहेगा। किसी भी हाल में अवैध कारोबार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र में फलने-फूलने नही दिया जायेगा। छापामारी अभियान कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

# जन योजना अंतर्गत संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर(पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन योजना अभियान 2022.23 के अंतर्गत संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार,बीपीएम संतोष कुमार व जिला प्रशिक्षक विनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा किया गया था। शिविर में हमारा योजना हमारा विकास के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अलावा शिविर में गरीबी मुक्त आजीविका उन्नत ग्राम,स्वास्थ्य ग्राम,बल हतैसी ग्राम,पर्याप्त जल युक्त ग्राम,स्वच्छ व हरित ग्राम,आत्म निर्भर बुनियादी ढांचा वाला ग्राम,सामाजिक रूप से न्यायसंगत व सुरक्षित ग्राम,अच्छी बुनियादी सुविधाओं वाली ग्राम तथा महिला हितैसी वाली ग्राम के स्थापना हेतु प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षित लोग पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के साथ बैठक कर योजना तैयार करेंगे। रमौके पर प्रभारी पंचायती राज प्रभारी मुकेश कुमार,मनरेगा सहायक अंकित राज,जिला प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार तिवारी, मनोज चौबे सहित कई प्रखंड कर्मी, जल सहिया, स्वास्थ सहिया, मनरेगा मेठ, पंचायत प्रतिनिधि सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा कर बनाया जा रहा है निजी आवास



**पांडू (आजाद सिपाह)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत नया पांडू थाना भवन से महज कुछ ही दूरी पर बघवता के पास पांडू, कजरुकला मुख्य सड़क के बगल में माइनिंग विभाग से बने 100/100 तालाब जो वर्ष 2002-04 में निर्मित हुआ था जिसका खाता स.92, प्लॉट 638, 639 है। जो की राज्यपाल के नाम से निबंधित है, जिसकी आज अवैध कब्जा कर तलाब में ही निजी आवास बनाया जा रहा है। हालांकि इस तालाब पर अवैध कब्जा को देखते हुए करमडीह निवासी रंजय कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी पांडू को लिखित आवेदन देकर इस अवैध कब्जा को तत्काल रोकने एवं जांचों उपरांत कार्रवाई करने की मांग की थी परंतु पांच दिन बीत जाने के बावजूद भी इस पर कोई करवाई नहीं किया गया एवं आवास बनाने का कार्य लगातार आज भी चल रहा है। अब सोचने वाली बात यह है जब सरकारी तालाब में अवैध कब्जा कर घर बनाया जा रहा है तो फिर इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रहा, जबकि यह तलाब बिल्कुल मुख्य सड़क के किनारे, जहां से सभी पदाधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है एवं इसकी शिकायत झारखंड सरकार, आयुक्त, एंव उपायुक्त पलामू से करने की बात की है।

# कुंदन कुमार सिंह का राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन



**पांडू /पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत अती सुदूरवर्ती क्षेत्र के करमडीह ग्राम निवासी उपेंद्र सिंह के छोटे पुत्र कुंदन कुमार सिंह का राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने की खबर इन दिनों आग की तरह फैल रहा है। ईस खबर के बाद पूरे पांडू प्रखंड में हर्ष का माहौल है। बताते चलें कि कुंदन कुमार सिंह पांडू पंचायत के पूर्व मुखिया शोभा देवी पति उपेंद्र सिंह का छोटा लड़का है जिन्होंने अपने प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी टीम में अपनी जगह बनाई है। कुंदन की माने तो झारखंड से कबड्डी मैच खेलने के लिए कुछ ही दिन पूर्व पश्चिम बंगाल गए थे जहां पर प्रथम मैच में जीत हासिल की थी। कुंदन कुमार सिंह ने कहा इस खेल में मै और आगे जाना चाहता हूं और बेहतर करना चाहता हूं. हालांकि इस खेल के लिए हमारे कोच एवं पूरे परिवार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं आगे चलकर पांडू प्रखंड के साथ-साथ झारखंड सहित पूरे देश का नाम रोशन करना चाहता हूं।

# हुसैनाबाद व्यापार मंडल में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार को ब्यापार मंडल में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,बिधायक प्रतिनिधि अजित सिंह,उतरी जिला परिषद सदस्य एसपी मेहता उर्फ राजू मेहता, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता,ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिल सके इसी उद्देश्य से केंद्र खोला गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धान की फसल कम हुई है। जिन किसानों ने पूर्व में पंजीकरण कराया है वो सभी धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से अपना धान बेच सकते है। जिन लोगों ने पंजीकरण नहीं कराया है वह प्रज्ञा केंद्र के माध्यम पंजीकरण कराकर धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम धान बेच सकते हैं।उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र को दो हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य है।साधारण धान की कीमत बोनस सहित 2050 रुपया व ग्रेड ए धान बोनस सहित 2070 रुपए क्यूंटक रखा गया है। उन्होंने कहा कि खरीद के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए वह अधिकारियों से बात करेंगे।साथ ही उन्होंने खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह, बिमलेश सिंह,सत्यनारायण सिंह,एटीएम सुशील कुमार मिश्रा, बैरिस्टर सिंह, रतन प्रसाद, नितेश सिंह,बरुन सिंह, के अलावा बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्यवन समिती की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की जबकि संचालन बीडीओ रतन कुमार सिंह ने किया।बैठक में बीडीओ रतन कुमार सिंह ने प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक में कई विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर सभी विभाग द्वारा संचालित बिकास योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की गई।बैठक में बाल विकास,पशुपालन एवम चिकित्सा विभाग,कृषि विभाग,मनरेगा,पीएचडी, पंचायती राज,आवास विभाग आदि के पदाधिकारी मौजूद रहे।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे बिकास कार्य को समय से पूरा कर सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाना है।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के गरीब व वंचित परिवार को सरकार के बिकास योजनाओं का समुचित लाभ मिले। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता,श्रवण अग्रवाल,रंजीत पासवान, धर्मराज सिंह,बिनय पासवान,रतन लाल,अभिमन्यु सिंह,राजेश कुमार सिंह,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 दीपक कुमार,बीपीएम विभूति कुमार, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर किरण कुमारी,नीलम कुमारी,पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह,ददिबल प्रसाद,रंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



डेविड वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 17 हजार रन

# बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग: करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर पहुंचे एचएस प्रणय

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल किया है। केरल के 30 वर्षीय प्रणय, जो इस साल अच्छी फॉर्म में हैं, 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे, ने पहली बार 2018 में आठवें नंबर की रैंकिंग हासिल की थी। हालांकि, इस सीजन में उनके नाम कुछ यादगार प्रदर्शन हैं, जिसमें थॉमस कप जीत, सात क्वार्टर फाइनल, दो सेमीफाइनल और स्विस ओपन में एक रनर-अप फिनिश शामिल है। वह सीजन में कोई व्यक्तिगत खिताब नहीं जीत सके लेकिन बैंकॉक में भारतीय टीम की ऐतिहासिक थॉमस कप जीत में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी निरंतरता ने उन्हें सीजन-एंडिंग बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में जगह दी और बीडब्ल्यूएफ प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए उन्हें नामित किया गया। अन्य भारतीयों में लक्ष्य सेन विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं, जबकि किदांबी श्रीकांत एक स्थान गंवाकर 12वें स्थान पर हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल में विश्व में सातवें स्थान पर खिसक गयीं जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पांचवें नंबर पर कायम हैं। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती जोड़ी तीन स्थान के फायदे से विश्व में 21वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी एक पायदान ऊपर चढ़कर विश्व में 17वें स्थान पर पहुंच गई। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और तनिशा क्रास्टो भी दो स्थान के फायदे से 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# डेविड वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 17 हजार रन

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17 हजार रन पूरे कर लिए। वार्नर ने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के दूसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि को हासिल किया। अपने 100वें टेस्ट मैच में, वार्नर ने 78.74 की स्ट्राइक रेट से 16 चौकों और दो छक्कों की मदद से 254 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। हालाँकि, अपने दोहरे शतक का जश्न मनाते हुए वार्नर खुद को चोटिल करा बैठे और उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा। वार्नर ने अपना तीसरा दोहरा शतक बनाया और अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बने। वह कुल मिलाकर अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं, इंग्लैंड के जो रूट ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज हैं। अब, 340 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और 421 पारियों में, वार्नर के नाम 43.09 की औसत से 17,023 रन हैं। उनके नाम कुल 45 अंतरराष्ट्रीय शतक और 85 अर्धशतक हैं और नाबाद 335 उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है।

# सतबरवा में नॉकआउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में सतबरवा हाई स्कूल के स्टेडियम में आयोजित नॉकआउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि सतबरवा जिला परिषद सुधा कुमारी और युवा समाज सेवी अतुल कुमार ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच टाइगर क्लब बेतला और ब्लैक जोन क्लब मनिका के बीच खेला गया। इस दौरान एंकरिंग करते आफताब आलम और स्कोरिंग करते साजिद आलम तथा एंपायर के रूप में मधुकर मिश्र देखे गए। वही आयोजन समिति के अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल 15 टीमें भाग ली है। विनर टीम को 7051 और रनर टीम को 5051 रुपया नगद इनाम दिया जाएगा। मौके पर समाजसेवी अजय उरांव, अशोक यादव पप्पू सिंह अभय कुमार शाहनवाज अंसारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष टिंकू विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार, सचिव अफरोज खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## ड्यूटी के दौरान कर्मी की हुई मौत मामले ने पकड़ा तूल

# परिजन और यूनियन नेताओं ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद कोलियरी में सोमवार को काम के दौरान कर्मी मनोज नोनियां की तबियत बिगड़ने से हुई मौत के बाद मंगलवार को परिजनों और यूनियन नेताओ का जमकर हंगामा हुआ।शव को लोयाबाद कोलियरी कार्यालय के गेट पर रखकर नारेबाजी की गई।यूनियन नेताओ और परिजनो का कहना था,ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में उसकी मौत हो गई, वही मौत के बाद प्रबन्धन ने कहा था,कि मनोज की मौत ड्यूटी से आउट के बाद हुई है।मृतक की पत्नी सीता देवी ने यह भी आरोप लगाया कि मनोज करीब दो घंटे तक बेहोश पड़ा रहा,लेकिन किसी ने उसकी मदद नही की।दो घंटे बीतने के बाद एक कर्मी घर आकर खबर किया कि मनोज का तबियत खराब हुआ है,उसे उल्टी हो रहा है।उल्टी के बाद वह बेहोश हो गया।जब परिजन कोलियरी पहुंचे तो उसे कोई वाहन उपलब्ध नही कराया गया,परिजन खुद से भाड़े की गाड़ी लेकर अस्पताल पहुचाये,प्रबन्धन के इस संवेदनहीनता पर यूनियन नेता और कर्मियो में आक्रोश पनपने लगा।घटना को लेकर सीधे प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया गया। कांग्रेस नेता राजकुमार महतो ने कहा कि इस तरह की अनदेखी बरदाश्त नही होगा,अधिकारी अपना रवैय्या बदले अन्यथा,पूरे एरिया का चक्का जाम कर देंगे।

### मामला हुआ तनावपूर्ण

मामला तनावपूर्ण हुआ तो,लोयाबाद पुलिस और सिजुआ जीएम अनूप कुमार राय पहुंच गए,हालात को काबू में किया गया।करीब चार घंटे तक दोनों तरफ से जिच चलती रही।करीब चार घंटे के बाद उसके पत्नी को प्रोविजनल नियोजन दे दिया गया,और एक माह के भीतर पक्की नियोजन के कागजी कार्रवाई की जायेगी।

### शव के पोस्टमार्टम को लेकर नोकझोंक

परिजन और यूनियन नेता शव का पोस्टमार्टम कराने का विरोध कर रहे थे,मृतक के परिजनों ने कहा कि जब अस्पताल से डेथ सर्टिफिकेट दे दिया गया और मौत की वजह हार्टअटैक बताया गया, तो फिर पोस्टमार्टम जरूरी क्यों है। प्रबंधन डीजीएमएस गाइडलाइन का हवाला देकर कहा कि पोस्टमार्टम जरूरी है,अन्यथा आगे परेशनी होगी,देर तक बहस होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने पर सहमति बनी।

### वार्ता में शामिल अधिकारी और नेता

वार्ता मे प्रबंधन की ओर से सिजुआ एरिया जीएम अनूप कुमार राय,बांसजोड़ा परियोजना पदाधिकारी एके झा,कनकनी कोलियरी प्रबंधक गोपाल जी,एपीएम बीडी सिंह, लोयाबाद कोलियरी प्रबंधक संतोष चौधरी,कार्मिक प्रबंधक प्रमोद कुमार,यूनियन नेताओ मे जमसं नेता जयप्रकाश पांडेय, कांग्रेस नेता राजकुमार महतो, एसीसी मेंबर रवि चौबे,आजसू जिलाअध्यक्ष मंटू महतो, एटक नेता मनोज मुखिया,प्रशांत नियोगी, मुन्ना यादव, चांद खान, केके पांडेय, बीएन पांडेय, विजय यादव, बालेश्वर पाठक, राजेंद्र पासवान, राजू नोनियां, सदेश चौहान, रंजीत नोनिया आदि शामिल थे।

### सोमवार को कर्मी की हुई थी मौत

लोयाबाद कोलियरी कार्यालय मे सोमवार को ड्युटी के दौरान बीसीसीएल कर्मी मनोज नोनिया(50) की तबियत बिगड़ गई थी। उसे उल्टी होने लगी और वह बेहोश हो गया। कुछ देर बाद जब परिजनो को इसकी सूचना दी गई। परिजन उसे सेन्ट्रल अस्पताल धनबाद ले गए इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।मृतक के चार बेटी और एक बेटा है।

### संवेदनहीनता की होगी जांच: जीएम

सिजुआ जीएम अनूप रॉय ने कहा कि कर्मी की तबियत बिगड़ने पर सहायता नही किया जाना,गम्भीर बात है,इसकी मामले जांच होगी।जीएम ने कहा कि,तत्काल मृतक की पत्नी सीता देवी को तत्काल प्रोविजनल नौकरी दे दी गई है। बाकी जो भी प्रवधान है, नियमानुसार दिया जायेगा।

# सरकारी जमीन हड़पने की नियत से दशरथ मांझी जैसे महापुरुष का नाम इस्तेमाल कर उनका अपमान किया गया: दिलीप

**महुदा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुखिया पति दिलीप रवानी ने धर्माबांध पंचायत के वर्तमान मुखिया पति पर लगाये कई गंभीर आरोप। कहा सरकारी जमीन हड़पने की नियत से सड़क बनाने का ढोंग कर रहे हैं वर्तमान मुखिया पति धीरेन रवानी। उक्त बाते उन्होंने अपने आवास में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया। ज्ञात हो कि बीते दिनों एक दैनिक अखबार में खबर छापी गई थी। जिसमें लिखा था कि ग्रामीण पहाड़ काटकर महापुरुष दशरथ मांझी की तर्ज पर सड़क बना रहे हैं। इसका विरोध करते हुए उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर साफ सफाई की जा रही है वह सरकारी जमीन है और वर्तमान मुखिया पति द्वारा उसे हड़पने की नीयत से साफ सफाई करवा रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने अंचलाधिकारी बाघमारा को पूर्व में ही दी हुई है। मामले को बिगड़ता देख वर्तमान मुखिया पति अखबार के संवाददाता को गलत खबर देकर बर्गलाते हुए ऐसी खबर छपवा दी गई है जो सरासर गलत है। उन्होंने सड़क बनाने के लिए नहीं बल्कि जमीन हड़पने के लिए ऐसा कृत्य किया है। और इस मामले को दशरथ मांझी जैसे महापुरुष के साथ जोड़कर उनका अपमान किया जा रहा है। जिस जगह पर यह सड़क बनाने की बात कही जा रही है वह रेलवे लाइन के किनारे की जमीन है और उस जमीन के विपरीत दिशा में रेलवे लाइन के दूसरी तरफ बाकायदा पूर्व में ही रेलवे ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दे कर झारखंड सरकार को सड़क बनाने की अनुमति दी हुई है। बावजूद इसके फिर से दूसरी तरफ सड़क बनाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

### क्या कहते हैं वर्तमान मुखिया पति धीरेंद्र रवानी



वहीं दूसरी तरफ वर्तमान मुखिया पति धीरेंद्र रवानी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा यह बिल्कुल ही बेबुनियाद आरोप है। उन्होंने कहा जिस सड़क पर काम हो रही है। उस सड़क का कार्य मनरेगा के तहत ग्राम सभा में पारित किया हुआ है, परंतु अब तक उसकी अनुमति नहीं मिली है। जिससे नाराज ग्रामीण खुद ही उस सड़क को बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे उनका कोई लेना देना नहीं है। जिस सड़क पर काम के लिए रेलवे ने अनुमति दी हुई है उसका शिलान्यास बाघमारा विधायक द्वारा तीन वर्ष पूर्व ही किया गया था परंतु अब तक वह योजना हवा में है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या 33/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 04.01.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 06.01.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 06.01.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– DMFT मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | घाघरा | घाघरा प्रखण्ड परिसर में धरती आब्बा बिरसा मुण्डा प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय हेतु मनरेगा का भवन (First Floor Extension for Shed cum Hall) का निर्माण कार्य। | 12,15,800.00 | 25,000.00 | 2500.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
PR.NO.286077 Rural Development(22-23):D

# चासनाला खदान हादसे की 47वीं बरसी पर मजदूरों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**झरिया (आजाद सिपाही)।** चासनाला सेल कोलियरी प्रांगण में मंगलवार को खान हादसे की 47वीं बरसी मनायी गई। जिसके तहत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना की गई, सेल महाप्रबंधक मोहम्मद अदनान सहित भाजपा नेत्री सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक की धर्मपत्नी तारा देवी, बीसीकेयू नेता सुंदर लाल महतो एवं शहीद के परिजनों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने 1 मिनट का मौन रखकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक प्रकट किया। मौके पर उपस्थित सेल के महाप्रबंधक ने कहा कि ये खान दुर्घटना बहुत ही दर्दनाक था। इसे याद कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कहा कि खदान में काम करने वाले मजदूर पूरी सेफ्टी से काम करें, ताकि ऐसी दुर्घटना दोबारा कभी ना घटे। चासनाला खान दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था घटना के बाद आश्रितों को नियोजन देने की घोषणा की गयी थी। कई लोगों को नियोजन ओर मुआवजा मिला लेकिन इस घटना में ऐसे कई श्रमिक थे, जिनके आश्रित नाबालिग थे घटना के 47 साल बीत जाने के बाद भी कइयों को अभी तक नियोजन और मुआवजा नहीं मिला सका।

# इंटर स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 30 दिसंबर को

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आगामी 30 दिसंबर को संध्या लॉर्ड्स क्लब तालडांगा में इंटर स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें उड़ीसा पश्चिम बंगाल बिहार झारखंड के बच्चों एवं बच्चियां भाग लेगी। उक्त बातें मंगलवार को चिरकुंडा स्थित तालडंगा में लाड्स क्लब के अध्यक्ष समामा औसाल ने कहा। उन्होंने कहा कि 32 टीम भाग लेने जा रही है यह नॉकआउट टूर्नामेंट होगा जिसका भव्य आयोजन शुरू हो गया है इस मौके पर झारखंड सरकार के खेल मंत्री हफीजुल रहमान अंसारी एवं पश्चिम बंगाल के आसनसोल मेयर विधान तिवारी उपस्थित रहेंगे। सदस्य रंजीत मिश्रा ने कहा कि इस क्लब की स्थापना 1983 में हुई थी धीरे-धीरे यह क्लब इंटरनेशनल क्लब बन गया क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और अपील की की सभी जनता इस खेल को देखें और बच्चों को अग्रसित करने के लिए प्रेरणा करें वही क्लब के आयोजन कर्ता जोहर सिद्धिकी ने कहा कि इस आयोजन में महिला टीम पर विशेष ध्यान दिया जायेगा और प्रथम आने वाले टीम को नगद पुरस्कार एवं द्वितीय को नगद पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे देखें और आगे बढ़ने की कोशिश करें सफल बनाने में सभी चिरकुंडा के व्यक्ति होंगे।

# छह सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले ने किया धरना-प्रदर्शन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाकपा माले जिला कमिटी की ओर से ज्वलंत मुद्दे छः सूत्री मांगो को लेकर धनबाद जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता जिला सचिव कार्तिक प्रसाद एवं संचालन राज्य कमिटी सदस्य नागेंद्र कुमार ने की। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा गजट में सरकारी या निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने संबंधित पास जरूर हुआ परंतु धरातल पर लागू नहीं हो रहा है। आंदोलनों पर दमन-शोषण चलाया जा रहा है। बाघमारा गोलीकांड जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। ग्रामीण अपने बाल-बच्चे का भूख शांत करने के लिए रोजी-रोटी के लिए एक टोकरी कोयला उठाता है तो लाठी-गोली चलती हैं। रोज हजारों ट्रक कोयला स्थानीय प्रशासन-प्रबंधन-सीआइएसएफ के नाक नीचे पार हो रही है, जिसमें सफेदफोशो पर कारवाई नहीं होती है। धरना के माध्यम से पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के द्वारा छह सूत्री मांग पत्र उपायुक्त एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद को सौपा गया। कार्यक्रम में जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, राज्य कमिटी सदस्य नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, नगर कमिटी सचिव नकुलदेव सिंह, बलदेव वर्मा सरोज देवी, अजरानी निशानी, कृष्णा प्रसाद महतो, सुधीर महतो, विमल रवानी, सुभाष मंडल, मजीद खान, कोल नेता भोला सिंह, सखी दास, रामेश्वर साव, राजू रवानी, लाठौ रविदास, शांति देवी, ब्रह्मदेव साहू, कामता नोनिया, अर्जुन कुंहार, प्रदीप रवानी, सुरेंद्र मिस्त्री, मुकुल देवी, बिंदू देवी, उर्मिला कुमारी, वीर भगत गोविंदपुरी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

# भाजयुमो ने फूंका बीसीसीएल सीएमडी का पुतला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शिलापट्ट पर धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह का नाम नही होने तथा सांसद को कार्यक्रम में आमंत्रण नही देने के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि जिस तरह से भूली में अटल स्मृति उद्यान के शिलान्यास कार्यक्रम में धनबाद के सांसद को आमंत्रण नहीं देना और शिलापट्ट पर सांसद पशुपति नाथ सिंह का नाम नहीं होना यह सरासर प्रोटोकॉल का उलंघन है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) केंद्र सरकार के अधीन आती है और केंद्र सरकार के संसदीय क्षेत्र में कराये गये अटल स्मृति उद्यान के शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद को न बुलाना और शिलापट्ट पर सांसद का नाम नही होना समझ से परे है। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता इसका कारण बतायें। अगर शीघ्र ही भारत कोकिंग कोल लिमिटेड प्रबंधन अपनी इस गलती को नहीं सुधरती है तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी। भाजपा युवा मोर्चा अपने आंदोलन को और उग्र रूप देगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून ने कहा कि हमारे ही संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार के अधीन आने वाली बीसीसीएल, अटल स्मृति उद्यान का शिलान्यास करती है और धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह को न बुलाना, शिलापट्ट पर नाम न दर्ज करना समझ से परे है, पार्टी कार्यकर्ता इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम में रामदेव महतो, सुशील सिंह, उमेश सिंह, महेश पासवान, मौसम सिंह, तमाल राय, जयंत सिंह चौधरी, रवि मिश्र, अवधेश साव, सुमित प्रामाणिक, नित्यानंद मंडल, नितिन शर्मा, सोनू रवानी, पिंटू सिंह, राणा सिंह तरुण शर्मा, दिलीप सिंघ रहुल सोनी, रजनीश सिंह, प्रेम नोनिया, सूरज पासवान, राहुल गुप्ता, मुजेश चौधरी, जीत सोनी, बंटी बावरी, विशाल त्रिपाठी, रवि भगत, मोंटी सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# बीएसएल के आरजीबीएस विभाग में किया पौधरोपण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरजीबीएस विभाग में कर्मियों द्वारा नवसृजित उद्यान में 27 दिसंबर को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर आरजीबीएस विभाग अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# 5 घंटे तक ठप की कोयला ट्रांसपोर्टिंग, प्रबंधन के विरुद्ध की नारेबाजी

**भगतडीह (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के विश्वकर्मा परियोजना से रात्रि में कोयला ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में अवैध कोयला तस्करी किए जाने के विरोध में मंगलवार को मासस समर्थित असंगठित मजदूरों ने करीब 5 घंटे तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप रखा। इस दौरान बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। असंगठित मजदूरों का आरोप था कि रात में कोयला ट्रांसपोर्टिंग के बहाने कोयले की अवैध तस्करी होती है। रात्रि में ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का आदमी बताकर कई लग्जरी वाहन में हथियार से लैस लोग परियोजना पहुंचते हैं। वही सुबह असंगठित मजदूरों को मैनुअल ट्रक लोडिंग के लिए कोयला उपलब्ध नहीं रहता है। प्रबंधन असंगठित मजदूरों को पर्याप्त कोयला उपलब्ध करायें। मामले की जानकारी पाकर मासस नेता हरिप्रसाद पप्पू विश्वकर्मा प्रोजेक्ट पहुंचे।

## श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनायी झरिया के पूर्व विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती

# बाबूजी युगपुरुष थे, इनके कृत्यों को सदियों याद रखा जायेगा: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** मंगलवार को झरिया के पूर्व विधायक स्व सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती समारोह मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर सोमवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में उपस्थित भाजपा नेत्री सह बहू रागिनी सिंह ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया वही कतरास मोड़ स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा की बाबूजी युगपुरुष थे। गरीब असहाय के लिए मसीहा थे। आज उनके पदचिन्हों पर चलने मात्र के प्रयास से दिल को सकून मिलता है। उनके कृत्यों को सदियों तक याद किया जायेगा। कड़ी मेहनत, संघर्ष, लगन और सूझबूझ के बदौलत बाबूजी आज तक मजदूरों के दिलों में राज करते आ रहे है। बता दे कि उत्तर प्रदेश के बलिया गोनिया छपरा का एक सामान्य दिखने वाला युवक कोयलांचल की धरती पर मजदूरों का एकमात्र मसीहा कहलायेगा यह किसी ने कल्पना तक नहीं किया था। शैक्षणिक योग्यता अधिक नहीं होने के बावजूद कोलियरी में वर्षों तक काम कर किसी तरह कोयलांचल की धरती मे अपने पांव जमाया। जिसके बाद मजदूर नेता बीपी सिन्हा के यहां रहे। वर्ष 1964 से 1974 तक विभिन्न मजदूर संगठनों में रहे। जयप्रकाश आंदोलन में सूर्यदेव ने भागीदारी निभाई। वर्ष 1977 में उस वक्त के बड़े श्रमिक नेता एसके राय को जनता पार्टी के टिकट पर झरिया विधानसभा से चुनाव हराकर विधायक बने। मौके पर शैलेश सिंह, स्वरूप भट्टाचार्य, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, उमेश यादव, आनंद ओझा, महंत पांडेय, सेलो पासवान, पूर्व पार्षद संजय यादव, बाबू जेना, संजय महतो, रंजय कुमार, संतोष शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्व. सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

झारखण्ड सरकार
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

भू–अर्जन वाद संख्या–..../2022–23

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
''Link line Between Lodhma-Piska by Passing Hatia/Ranchi परियोजना''

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है ग्राम/मौजा–टिकराटोली, थाना– नगड़ी, थाना न॰–**125**, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **Link line Between Lodhma-Piska by Passing Hatia/Ranchi परियोजना** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–टिकराटोली, थाना–नगड़ी, थाना न॰–**125**, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**9.948** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–टिकराटोली

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 494 | परती कदीम | 0.136 | घसीया मुण्डा वल्द अइला मुण्डा | 494 | 494 | 479 | 495 |
| 2 | 32 | 465 | टांड़–II | 0.193 | चमरा अहीर, रतन अहीर, पेशरान शखनाथ अहीर | 465 | 465 | 464 | 466 |
| 3 | | 462 | टांड़–II | 0.075 | | 463 | 462 | 463 | 465 |
| 4 | | 472 | टांड़–II | 0.471 | | 472 | 473 | 472 | 474 |
| 5 | | 473 | टांड़–II | 0.314 | | 473 | 473 | 472 | 474 |
| 6 | 33 | 463 | टांड़–II | 0.157 | चमरा अहीर, रतन अहीर, पेशरान शखनाथ अहीर | 463 | 463 | 454 | 462 |
| 7 | | 464 | टांड़–II | 0.277 | | 464 | 464 | 465 | 465 |
| 8 | 37 | 474 | परती कदीम | 0.183 | चरकु उरांव, भदवा उरांव पेशरान लेटे उरांव वो लेगा उरांव, चरवा उरांव, पेशरान बिरसा उरांव | 474 | 474 | 473 | 475 |
| 9 | 52 | 424 | टांड़–III | 1.208 | दाउद जरमा एक्का वल्द शामुएल एक्का | 424 | 424 | 418 | 426 |
| 10 | | 426 | टांड़–II | 0.958 | | 426 | 426 | 424 | 428 |
| 11 | | 428 | टांड़–III | 0.103 | | 428 | 428 | 426 | 431 |
| 12 | | 431 | टांड़–II | 0.052 | | 428 | 431 | 431 | 433 |
| 13 | 71 | 495 | परती कदीम | 0.055 | बन्धना उरांव वल्द घसीया उरांव | 495 | 495 | 494 | 495 |
| 14 | 120 | 448 | टांड़–II | 0.239 | रीवा पाहन, दुहु पाहन पेशरान सोमरा, मंगरा वल्द सुकरा | 441 | 448 | 441 | 454 |
| 15 | 122 | 479 | टांड़–II | 0.065 | लछुमन भगत वल्द नारायण भगत व सीता राम भगत, कन्हाई राम, भगत, गणेश राम भगत पेशरान तुलसी भगत वो माहो भगत वल्द मनबोध भगत व मसोमात देवमन कुंवर जोजे मांगो भगत | 479 | 479 | 478 | 494 |
| 16 | 143 | 475 | | 0.06 | बुधूवा उरांव, सोमरा उरांव, पेशरान हउआ उरांव | 475 | 481 | 474 | 476 |
| 17 | 151 | 441 | परती कदीम | 1.824 | गैरमजरूआ मालिक | 441 | 441 | 433 | 448 |
| 18 | 151 | 418 | परती कदीम | 2.070 | | 418 | 418 | 410 | 424 |
| 19 | 151 | 454 | नाला | 0.026 | | 441 | 454 | 448 | 463 |
| 20 | 154 | 410 | दोन–III | 0.190 | देवनाथ साह पेशरान शंकर साहु | 410 | 418 | 418 | 418 |
| 21 | 159 | 466 | टांड़–II | 0.663 | वकास्त भूईहरि | 466 | 466 | 465 | 473 |
| 22 | 159 | 478 | दोन–II | 0.165 | | 478 | 478 | 477 | 479 |
| 23 | 159 | 481 | टांड़–II | 0.091 | | 477 | 481 | 476 | 477 |
| 24 | 161 | 476 | परती कदीम | 0.070 | गैरमजरूआ मालिक | 476 | 481 | 475 | 481 |
| 25 | 161 | 477 | परती कदीम | 0.164 | | 477 | 477 | 481 | 478 |
| 26 | 163 | 433 | सड़क | 0.139 | अज्ञात | 433 | 433 | 431 | 441 |
| | | | कुल | 9.948 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि मे किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 286009 (Land Reforms) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर उतरेंगे फाइटर प्लेन, विकसित होंगे 55 रनवे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे केवल सफर ही सुगम नहीं करेगा, बल्कि आपात स्थिति में इस पर फाइटर प्लेन भी उतारे जा सकेंगे। सपनों की इस सड़क को रोड रनवे के रूप में विकसित किया जा रहा है। सोहना के अलीपुर से मुंबई के बीच इस पर करीब 55 स्थानों पर ऐसे हिस्से विकसित किये जा रहे हैं, जहां फाइटर प्लेन को आसानी से उतारा जा सके। अलीपुर से दौसा तक करीब 296 किलोमीटर के हिस्से में ही करीब 10 ऐसे हिस्से हैं, जहां फाइटर प्लेन आसानी से उतारे जा सकते हैं। अलीपुर से दौसा तक का हिस्सा शुरू होने से पहले रोड रनवे के रूप में इसका ट्रायल लिया जा सकता है। इसका यह हिस्सा एकदम तैयार है। इसे जनवरी के पहले सप्ताह में खोलने तैयारी की जा रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने अपनी ओर से सभी तैयारियां कर ली है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को अपनी तैयारियों से अवगत भी करा दिया है। अब केवल वहां से अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराया जाना है।

दो दिन पहले प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल ने भी प्रधानमंत्री से जंगल सफारी का शिलान्यास कराने के लिए समय का अनुरोध किया है। माना जा रहा है कि दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस वे का लोकार्पण और जंगल सफारी का शिलान्यास एक ही दिन हो सकता है। प्रधानमंत्री सोहना के अलीपुर के आसपास दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सकते हैं। उनके आगमन को देखते हुए एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने मातहतों को तैयार रहने को कह दिया है।

इतिहास बताता है कि पाकिस्तान के साथ 1971 में हुए युद्ध के दौरान दुश्मन सेना के फाइटर प्लेन आगरा के नजदीक तक पहुंच गये थे। उन्हें भारतीय वायु सेना ने अपने अदम्य साहस से खदेड़ दिया था, लेकिन उस समय ऐसा कोई जरिया नहीं था कि उनके फाइटर प्लेन को अपने फाइटर प्लेन से यहीं नेस्तानाबूद किया जा सके। हालांकि आज वैसे हालात बनने के आसार नहीं हैं। उसके बाद यह महसूस किया गया कि आगरा, ग्वालियर एयरबेस और गुरुग्राम-दिल्ली के नजदीक कहीं भी फाइटर प्लेन उतारने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए ही अब बड़े हाईवे को ऐसा रूप दिया जा रहा है।

**रोड रनवे की जरूरत :** फाइटर प्लेन के रनवे की एकदम समतल और सीधी लंबाई कम से कम तीन किलोमीटर और चौड़ाई 20 मीटर होनी चाहिए। यह हिस्सा कहीं भी धंसा न हो और न ही कहीं ढलान हो। प्लेन को गाइड करने के लिए पोर्टेबल लाइटिंग सिस्टम लगाये जा सकें। एक्सप्रेस-वे के दोनों भाग लगभग 20-20 मीटर चौड़े हैं। कई स्थानों पर आठ से 10 किलोमीटर की सीधी लंबाई के कई पैकेज हैं। अलीपुर से दौसा के बीच ही 10 से अधिक तीन किलोमीटर से अधिक लंबाई के पैकेज हैं। मुंबई तक ऐसे करीब 55 स्थान हैं। इसकी चौड़ाई बढ़ाई भी जा सकेगी।

# गुलमोहर अस्पताल में लगा स्वास्थ्य मेला, 772 मरीजों का हुआ इलाज





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुलमोहर अस्पताल ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मंगलवार को स्वर्गीय राम नरेश सिंह की पुण्य तिथि के मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। गुलमोहर अस्पताल परिसर में लगे स्वास्थ्य मेले में कुल 772 मरीजों का निबंधन करने के पश्चात उनका इलाज किया गया। इसमें डॉ अंचल कुमार ने हड्डी रोग, डॉ रचना ए कुमार ने स्त्री रोग, डॉ बीएमके सिन्हा ने नाक, कान, गला रोग, डॉ सोनू कुमार ने जनरल मेडिसीन, डॉ कृति वंदना ने दांत रोग और डॉ शैलेश ने जनरल मेडिसीन के मरीजों का इलाज किया। डॉ अनीता कुमारी ने योगा कंसलटेंट के रूप में मरीजों का इलाज किया।

स्वास्थ्य मेले में आये सभी मरीजों की निःशुल्क ब्लड सूगर, हीमोग्लोबीन, यूरिन एसिड, एक्सरे, बीएमडी, फिजियोथेरेपी जांच के उपारांत मुफ्त में दवा दी गयी। इस मेले में चिह्नित 12 मरीजों को बैसाखी, ह्वील चेयर और एल्बो क्रच का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके अलावा 17 शारीरिक निःशक्त मरीजों को चिह्नित किया गया, जिनका ऑपरेशन मुफ्त किया जायेगा। स्वास्थ्य मेले के सफल संचालन में डॉ राजीव रंजन, मनोज कुमार, मुनचुन सिंह, राधेश्याम, पूनम सरकार, सुधीर कुमार और अन्य लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### रूसी सांसद 65वां जन्मदिन मनाने आये थे भारत

# रायगढ़ा के होटल में संदिग्ध मौत की जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** बीते सप्ताह, रायगढ़ा जिला के एक होटल में दो रूसी पर्यटकों की संदिग्ध मौत को लेकर रहस्य गहरा गया है। मृतकों में से एक रूसी सांसद पावेल एंटोव है, जिसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आलोचक बताया जा रहा है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को लेकर सांसद पावेल राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ अपने बयान को लेकर सुर्खियों में थे। ऐसे में उनके भारत आने और उनकी संदिग्ध मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा शुरू हो गयी है। इस हाई प्रोफाइल मामले को देखते हुए मंगलवार के दिन दक्षिण पश्चिम रेंज की डीआईजी राजेश पंडित और रायगढ़ा जिला पुलिस अधीक्षक विवेकानंद शर्मा रायगढ़ा स्थित साई इंटरनेशनल होटल पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू करने समेत होटल के कर्मचारियों से भी इस बारे में पूछताछ की। उधर, राज्य के पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार बंसल ने बताया है कि इस संवेदनशील मामले को लेकर कोलकाता स्थित रूसी दूतावास के अधिकारियों से संपर्क किया गया है और जरूरत पड़ने पर इस मामले की जांच पड़ताल में ओडिशा क्राइम ब्रांच सहयोग करेगी।

पुलिस और अन्य सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 दिसंबर के दिन रूसी सांसद पावेल एंटोव अपने बचपन के साथी व्लादीमीर बुडेनोव और दो अन्य लोगों के साथ नई दिल्ली पहुंचे थे और फिर भुवनेश्वर आए। रायगढ़ा आने से पहले चारों रूसी पर्यटक कंधमाल जिला के दारिंगबाड़ी गए और फिर 21 दिसंबर को रायगढ़ा स्थित साई इंटरनेशनल होटल पहुंचे। 22 दिसंबर के दिन, होटल की पहली मंजिल पर स्थित कमरे के अंदर व्लादिमीर बुडेनोव को अचेतावस्था में पाए जाने के बाद उसे तुरंत इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कोरोना की नेजल वैक्सीन 325 रुपये में लगायी जायेगी

**प्राइवेट अस्पताल में 800 रुपये देने होंगे, जनवरी के आखिरी हफ्ते से मिलेगी**

**कोविन पोर्टल पर ही होगी नेजल वैक्सीन की बुकिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोरोना की पहली नेजल वैक्सीन को मंजूरी देने के चार दिन बाद केंद्र सरकार ने इसकी कीमत तय कर दी है। भारत बायोटेक की यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में 325 रुपये में लगवाई जा सकेगी। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में इसके लिए 800 रुपये चुकाने होंगे। यह वैक्सीन जनवरी के आखिरी हफ्ते से उपलब्ध होगी। केंद्र ने दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को 23 दिसंबर को मंजूरी दी थी। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लिया जा सकेगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जिसने तीन डोज ले लिये हैं, उन्हें अतिरिक्त डोज की जरूरत नहीं है।

# जैलेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण पा चुकी 50 महिलाओं को सिलाई मशीन दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जशपुरिया सेवा केंद्र गेतलसूद द्वारा जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में कौशल विकास से प्रशिक्षण पा चुकी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से स्वरोजगार हेतु निःशुल्क 50 सिलाई मशीन वितरण केंद्र के प्रमुख तथा भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मौके पर समाज सेवी संजय पटेल, काजल गोस्वामी, अब्दुल अंसारी, रानी कुमारी, मोइन अंसारी, जान्हवी कुमारी आदि उपस्थित रहे। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना हर हाथ को काम देने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है, जिसमें सेवा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित ग्रामीण बहनों को स्वरोजगार हेतु किया जा रहा है। इसमें एक हजार महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशी देने का लक्ष्य रखा गया है।

### पीएम मोदी के भाई की मर्सिडीज का एक्सीडेंट, प्रह्लाद मोदी समेत परिवार के चार लोग घायल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी की मर्सिडीज कार का मंगलवार को कर्नाटक में एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में प्रह्लाद मोदी के पोते का पैर फ्रैक्चर हो गया। वहीं प्रह्लाद मोदी समेत परिवार के चार लोग घायल हो गए हैं। सभी को इलाज के लिए मैसूर के जेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा मैसूर के पास मंगलवार को दिन के दो बजे हुआ। प्रह्लाद मोदी अपनी पत्नी, बेटे, बहू और पोते के साथ बांदीपुर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मर्सिडीज एक रोड डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में मर्सिडीज कार बुरी तरह से डैमेज हो गयी। उसका अगला पहिया निकल कर अलग हो गया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**